फाल्गुन कृष्ण पक्ष, नवमी विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मंगलवार, 5 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 108, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



ट्रंप के खिलाफ निक्की हेली की पहली जीत 14
'पंख' में मुख्य भूमिका में माही, श्वेता, आयशा 13

पढ़ते रहिये... अमृत विचार नववर्ष ऑफर ₹ 5/- प्रतिदिन

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
MK
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

LAST 2 DAYS
लेडीज कार्डिगन
लेडीज कुर्ती, सिलेक्स
लेडीज कोट
लेडीज ट्रैक सूट
लेडीज जैकेट
पशमीनाशॉल एण्ड स्टाल
जेन्ट्स स्वेटर
जेन्ट्स जैकेट
जेन्ट्स ट्रैक सूट
BUY 1 GET 2 FREE
SELECTION POINT The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

### सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संविधान पीठ ने कहा-संसदीय विशेषाधिकार नहीं है रिश्वतखोरी

# रिश्वत के मामलों में सांसदों-विधायकों को नहीं मिलेगी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी



- वोट के बदले नोट मामले में शीर्ष न्यायालय ने पांच जजों की पीठ का पलटा फैसला

सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की पीठ ने सांसदों-विधायकों के विशेषाधिकार से जुड़े मामले में सोमवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि सांसदों और विधायकों को सदन में वोट डालने या भाषण देने के लिए रिश्वत लेने के मामले में अभियोग से कोई छूट नहीं होती है। शीर्ष न्यायालय ने इसी के साथ 1998 के नरसिम्हा राव जजमेंट के अपने फैसले को पलट दिया है। तब पांच जजों की पीठ ने 3-2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सात सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि सदन के सदस्यों के भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से भारतीय संसदीय लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है। पीठ ने कहा कि रिश्वतखोरी के मामलों में संसदीय विशेषाधिकारों के तहत संरक्षण प्राप्त नहीं है और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रिश्वत मामले में पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनाए गए 1998 के फैसले की व्याख्या संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 के विपरीत है। अनुच्छेद 105 और 194 संसद और विधानसभाओं में सांसदों और विधायकों की शक्तियों एवं विशेषाधिकारों से संबंधित हैं।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने पीठ के लिए फैसले का मुख्य भाग पढ़ते हुए कहा, 'सांसद एवं विधायकों द्वारा रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट करते हैं।' इस पीठ में न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। न्यायालय ने 'पीवी नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई' मामले में 1998 के फैसले में बहुमत और अल्पमत के तर्क का विश्लेषण करते हुए कहा कि उसने इस विवाद के सभी पहलुओं पर स्वतंत्र रूप से फैसला सुनाया है- भले वह संविधान के अनुच्छेद 105 से संबंधित हो और 194 से जुड़ा हो कि क्या एक सांसद या विधायक किसी आपराधिक अदालत में रिश्वतखोरी के आरोप में अभियोग से छूट का दावा कर सकता है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, 'हम इस पहलू पर बहुमत के फैसले से असहमत हैं और उसे खारिज करते हैं।'

### संविधान की आकांक्षाओं के लिए विनाशकारी



फैसला सुनाते हुए जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, 'यह (भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी) संविधान की आकांक्षाओं और विचारशील आदर्शों के लिए विनाशकारी है और एक ऐसा राजतंत्र स्थापित करता है, जो नागरिकों को एक जिम्मेदार, उत्तरदायी और प्रतिनिधित्व प्रदान करने वाले लोकतंत्र से वंचित करता है।'

### स्वच्छ राजनीति सुनिश्चित करने वाला फैसला



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण या वोट देने के लिए रिश्वत लेने पर अब कानूनी कार्रवाई से छूट नहीं मिलने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले को शानदार बताया और कहा कि इससे देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी तथा व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा होगा।

### पांच जजों की पीठ ने आपराधिक मुकदमे से दी थी छूट

पांच जजों की संविधान पीठ ने 1998 में 'पी वी नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई' मामले में दिए गए अपने बहुमत के फैसले में कहा था कि सांसदों को संविधान के अनुच्छेद 105(2) और अनुच्छेद 194(2) के तहत सदन के अंदर दिए गए किसी भी भाषण और वोट के लिए घूस के आपराधिक मुकदमा से छूट प्राप्त है।

### लालू प्रसाद के परिवार संबंधी बयान पर प्रधानमंत्री मोदी का पलटवार

# 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार

आदिलाबाद, (तेलंगाना), एजेंसी



### यह चुनावी सभा नहीं, विकास उत्सवः मोदी

प्रधानमंत्री ने मोदी ने तेलंगाना में 56,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन, शिलान्यास के अवसर पर कहा कि जैसे ही मैंने करोड़ों रुपये की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया, कुछ लोगों ने इसे 'चुनावी सभा' कहा है। मैं उन 'विश्लेषकों' को बताना चाहता हूं कि अभी चुनाव की घोषणा भी नहीं हुई है। यह 'चुनावी सभा' नहीं, बल्कि तेलंगाना में 'विकास उत्सव' है, जिसे मनाने के लिए मैं आया हूं।

### कांग्रेस का कटाक्ष- टेनी और बृजभूषण हैं मोदी के असली परिवार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भाजपा द्वारा सोशल मीडिया मंचों पर 'मोदी का परिवार' अभियान शुरू किए जाने के बाद सोमवार को दावा किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के निरंतर बढ़ने से भाजपा के नेता परेशान हो गए हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा सांसद अजय मिश्रा टेनी और बृजभूषण शरण सिंह प्रधानमंत्री मोदी का 'असली परिवार' हैं। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बृजभूषण शरण सिंह के 'एक्स' प्रोफाइल का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए कटाक्ष किया, 'मोदी का परिवार बृजभूषण शरण सिंह का स्वागत करता है।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'परिवार ना होने' को लेकर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के हमले पर पलटवार करते हुए सोमवार को पूरे भारत को अपना परिवार करार दिया और अपने जीवन को एक 'खुली किताब' बताते हुए कहा कि लोगों की सेवा करने के सपने के साथ उन्होंने कम आयु में ही घर छोड़ दिया था।

जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने 'परिवारवादी दलों' पर हमला बोला और कहा कि उनके अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन झूठ और लूट का उनका चरित्र समान है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने रविवार को पटना में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष किया था। उन्होंने कहा था, 'अगर नरेंद्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह राम मंदिर के बारे में डींगें मारते रहते हैं। वह सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा में बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर अपना सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए। जब मोदी की मां की मृत्यु हुई तो उन्होंने ऐसा नहीं किया।"

प्रधानमंत्री मोदी ने लालू के इस आरोप पर सोमवार को पलटवार किया और कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण में आकंठ डूबे 'इंडी गठबंधन' के नेता बौखलाते जा रहे हैं। उन्होंने हुए, 'अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणा पत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। कल ये ऐसा भी कह सकते हैं कि तुम्हें कभी जेल की सजा नहीं हुई, इसलिए तुम राजनीति में भी नहीं आ सकते।' मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार बताया और कहा कि जिसका कोई नहीं है, वह भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। उन्होंने कहा, 'मेरा भारत-मेरा परिवार, इन्हीं भावनाओं का विस्तार लेकर मैं सपनों को संकल्प के साथ सिद्ध करने के लिए आपके लिए जी रहा हूं, आपके लिए जूझ रहा हूं और आपके लिए जूझता रहूंगा। एक सपना लेकर बचपन में घर छोड़ा था। मैं देशवासियों के लिए जिऊंगा, ये सपना लेकर निकला था। मेरा पल-पल सिर्फ और सिर्फ आपके लिए होगा। मेरा कोई निजी सपना नहीं होगा।'

### भाजपा नेताओं ने बायो में लिखा 'मोदी का परिवार'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पूरे देश को अपना परिवार बताए जाने के कुछ देर बाद सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने 'एक्स' के 'प्रोफाइल' पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखा और इस संबंध में एक अभियान शुरू कर दिया। सबसे पहले भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने अपने प्रोफाइल में यह बदलाव किया और उसके बाद गृहमंत्री शाह ने। कुछ देर बाद केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, गिरिराज सिंह, स्मृति ईरानी, मीनाक्षी लेखी, भूपेंद्र यादव और अनुराग ठाकुर सहित कई नेताओं ने 'एक्स' प्रोफाइल पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' जोड़ दिया।

# वीडियो के बाद भाजपा सांसद का चुनाव लड़ने से इनकार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा- यह मेरी छवि खराब करने की साजिश



**अमृत विचार :** बाराबंकी से भाजपा सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद रावत व उनके शुभचिंतक सकते में हैं। रावत ने अपनी दावेदारी वापस ले ली है। कयास लगने लगे हैं कि भाजपा अब किसे प्रत्याशी बनाएगी?

सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने सोमवार को 'एक्स' पर बताया कि उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलकर वायरल वीडियो की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। उनसे यह भी कहा है कि जब तक वह आरोप से बरी नहीं हो जाते, वे कोई भी चुनाव नहीं लड़ेंगे। रावत का कहना है कि उनका वायरल वीडियो एआई तकनीक से बनाया गया है। सोमवार को उनका चुनाव कार्यालय भी बंद रहा। भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच, बल्कि राजनीतिक हलकों में भी सांसद के वायरल वीडियो की ही चर्चा रही। भाजपा की लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को जारी 195 उम्मीदवारों की पहली सूची में उपेंद्र सिंह रावत को फिर से बाराबंकी से टिकट दिया गया था। इस बीच सोशल मीडिया पर रावत का एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल हो गया, जिसके बाद रावत ने चुनाव लड़ने से इनकार कर अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। सांसद ने कहा है कि वायरल वीडियो फेक है। एआई तकनीकी से बनाया गया है। इसमें मेरा चेहरा लगा दिया गया है। ऐसा ही वीडियो वर्ष 2022 व 2023 में भी वायरल किया गया था।

रावत ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मेरी बढ़ती लोकप्रियता के बाद यह विरोधियों की साजिश है। उनकी छवि खराब करने की कोशिश की गई है। इसके पीछे वे लोग हैं, जो राजनीति में अलग-थलग हो चुके हैं। दोबारा मुझे टिकट मिलना उन्हें गंवारा नहीं था। मामले की प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। वहीं, पुलिस का कहना है कि आपत्तिजनक वीडियो मामले का सच जल्द ही सामने आ जाएगा।

## एक नजर

### आप को पार्टी कार्यालय खाली करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) को सोमवार को निर्देश दिया कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए राउज एवेन्यू में आवंटित जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए अपने कार्यालय को हटा ले। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 'आप' का पक्ष रहे वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद 15 जून 2024 तक जमीन खाली करने का आदेश पारित किया।

### उदयनिधि स्टालिन को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन को उनकी 'सनातन धर्म को मिटाने' संबंधी टिप्पणी को लेकर अप्रसन्नता जताई। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्टालिन से कहा कि वह एक मंत्री हैं और उन्हें अपनी टिप्पणी के परिणाम पता होने चाहिए थे। पीठ ने कहा कि आपने संविधान के अनुच्छेद 19(1)(अ) के तहत अपने अधिकार का दुरुपयोग किया है।

### हिमाचल में हिमस्खलन किन्नौर में एक की मौत

**शिमला।** हिमाचल में भारी हिमपात के बाद पिछले 24 घंटों में लाहौल स्पीति जिले और किन्नौर में दो अलग-अलग हिमस्खलनों ने सार्वजनिक तथा निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया। किन्नौर जिले में हिमस्खलन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। अधिक हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है।

# पानी भरी बाल्टी में डेढ़ वर्षीया बच्ची की डूबने से गई जान

संवाददाता, कलान (शाहजहांपुर)

- खेलते-खेलते पहुंची बाथरूम में बाल्टी में गिरी औंधे मुंह



**अमृत विचार :** कलान कस्बे में डेढ़ वर्षीया बच्ची की सोमवार को बाथरूम में पानी भरी बाल्टी में डूबने से मौत हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कलान कस्बे के वार्ड नंबर 10 सूर्य नगर निवासी अचल गुप्ता के बड़े भाई शालू गुप्ता सोमवार सुबह स्नान के बाद बाथरूम का दरवाजा बंद करना भूल गए। इसी बीच अचल गुप्ता की डेढ़ वर्षीया पुत्री शिवांशी उर्फ सिद्धि गुप्ता खेलते-खेलते बाथरूम में पहुंच गई और बाल्टी में भरे पानी से खेलने लगी। इसी दौरान वह औंधे मुंह बाल्टी में गिर गई। लगभग पौने घंटे बाद जब परिवार के लोगों को शिवांशी नजर नहीं आई, तब उसकी तलाश शुरू हुई। घर के बाहर से लेकर इधर-उधर देखने के बाद जब बाथरूम में जाकर देखा तो शिवांशी बाल्टी में औंधे मुंह पड़ी थी। उसे बाल्टी से निकाल कर देखा तो उसकी सांसें थम चुकी थीं। फिर भी परिजन उसे लेकर पीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सलमान खुर्शीद की पत्नी, दो अन्य की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद और दो अन्य ने अपने निजी लाभ के लिए केंद्र सरकार के 71.50 लाख रुपये का शोधन किया। ईडी ने एक बयान में कहा कि उसने धनशोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में स्थित 15 कृषि भूखंड और डॉ जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट की कुल 45.92 लाख रुपये की कुछ बैंक जमा राशि को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है।

# नल पर पानी भरने के लिए गई किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, एक गिरफ्तार

संवाददाता, सिंगाही (लखीमपुर खीरी)

- पिता की तहरीर के बाद गांव के ही दो किशोरों पर रिपोर्ट दर्ज
- बेहोशी की हालत में तड़के घर से कुछ दूरी पर डाल गए आरोपी

> दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। मंगलवार को पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। - **पवन गौतम**, एएसपी (पूर्वी)

**अमृत विचार :** सिंगाही थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार की शाम घर से कुछ दूर सरकारी नल पर पानी भरने गई 13 वर्षीया किशोरी को दो किशोरों ने दबोच लिया और गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। किशोरी की हालत बिगड़ी तो उसके घर से कुछ दूर बेहोशी की हालत में छोड़कर आरोपी फरार हो गए। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति की 13 वर्षीया पुत्री रविवार की शाम करीब सात बजे घर से कुछ दूर लगे सरकारी नल पर पानी भरने गई थी। जहां से गांव के ही 15-17 साल के किशोरों ने उसे दबोच लिया। गन्ने के खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। काफी देर तक जब वह घर नहीं पहुंची तो परिवार के लोग नल पर पहुंचे तो उसकी बाल्टी रखी मिली। गांव के आसपास अक्सर बाघ की चहलकदमी के कारण घरवालों को आशंका हुई। इस पर उसकी ग्रामीणों के साथ तलाश की, सोमवार तड़के करीब तीन बजे पुत्री बेसुध हालत में घर से कुछ दूर पड़ी मिली। होश आने पर किशोरी ने पूरी घटना बताई। उसे लेकर घर वाले थाना सिंगाही पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया गांव पहुंचे और पूछताछ कर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

# वीडियो माध्यम से ईडी के समक्ष पेशी को तैयार केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी किए गए आठवें समन के बाद भी सोमवार को उसके सामने पेश नहीं हुए लेकिन उन्होंने कहा कि वह 12 मार्च के बाद वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एजेंसी के सामने पेश होने को तैयार हैं। प्रवर्तन निदेशालय के सूत्रों ने बताया कि एजेंसी केजरीवाल के जवाब की समीक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी केजरीवाल के डिजिटल माध्यम से पेश होने के अनुरोध को स्वीकार नहीं कर सकती और मामले में पूछताछ के लिए उन्हें नौवां समन जारी कर सकती है।

# पेट के कैंसर से पीड़ित हैं इसरो प्रमुख सोमनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

- आदित्य एल-1 की लॉंचिंग के दिन चला था पता



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ पेट के कैंसर से पीड़ित हैं। जिस दिन भारत का आदित्य-एल1 मिशन अंतरिक्ष में लॉन्च हुआ था, उसी दिन इसरो प्रमुख में कैंसर का पता चला। मीडिया से एक बातचीत में सोमनाथ ने इसकी पुष्टि की है कि जांच के दौरान शरीर में अनियंत्रित कोशिकाओं की वृद्धि के बारे में पता चला जिसके आधार पर कैंसर का निदान किया गया है।

सोमनाथ ने बताया कि दो सितंबर 2023 को आदित्य-एल1 मिशन लॉन्च की सुबह मेरी स्कैनिंग की गई, इसमें पता चला कि पेट में अनियंत्रित रूप से कैंसर कोशिकाएं बढ़ रही हैं। मिशन लॉन्च के बाद मैं चेन्नई गया, वहां दोबारा स्कैनिंग और कई और जांच की गई। रिपोर्ट्स से पता चला कि ये वंशानुगत रोग है। डॉक्टर्स ने ऑपरेशन की सलाह दी। डॉक्टर्स की टीम ने कैंसर की सर्जरी और फिर कीमोथेरेपी की। डॉक्टर्स ने नियमित स्कैनिंग की सलाह दी है। फिलहाल मैं ठीक हूं।

# बिजनौर से चंदन चौहान बने रालोद के उम्मीदवार

**लखनऊ।** भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हुए राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने सोमवार को लोकसभा और विधान परिषद के चुनावों के लिए क्रमशः दो एवं एक सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। रालोद द्वारा 'एक्स' पर अपने हैंडल से डाले गए संदेश में बताया कि पार्टी ने बिजनौर लोकसभा सीट से चंदन चौहान और बागपत सीट से राजकुमार सांगवान को उम्मीदवार बनाया है। गुर्जर समुदाय के चंदन मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट से विधायक हैं। सांगवान प्रभावशाली जाट नेता हैं। विधान परिषद की एक सीट के लिए योगेश चौधरी को प्रत्याशी बनाया है।

**मिसाल** पीलीभीत रोड पर अपने तीन मंजिला घर में हाइड्रोपोनिक खेती की शुरुआत कर रामवीर कई राज्यों में फैला चुके हैं कारोबार

# खेत न मिट्टी, सब्जी-फलों से 80 लाख का सालाना कारोबार

महिपाल गंगवार, बरेली

**अमृत विचार :** न खेत है और न ही मिट्टी, फिर भी फल और सब्जियां उगाई जा रही हैं। पीलीभीत रोड पर पासपोर्ट ऑफिस के पास रहने वाले रामवीर सिंह ने अपने तीन मंजिला घर को ही अपना खेत बना रखा है। घर के कोने-कोने में सब्जियों और फलों की फसलों की हरियाली दिखाई दे रही है। इजराइल की हाइड्रोपोनिक तकनीक पर करीब आठ साल पहले शुरू की गई इस खेती की बदौलत उनका सालाना कारोबार 80 लाख तक पहुंच गया है। रामवीर की यह उपलब्धि एक मिसाल बन गई है, विदेशों से भी लोग उसे देखने पहुंचते हैं।



तीन मंजिला मकान को बनाया सब्जी घर

रामवीर के घर में हर तरफ सब्जियों और फलों का अंबार उनके जुनून की कहानी बयां कर रहा है। घर का छज्जा पालक, धनिया और फूल गोभी से भरा हुआ है तो बालकनी में स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी और शिमला मिर्च की फसल लहलहा रही है। करीब दो सौ वर्ग गज में बने उनके तीन मंजिला घर में 12 हजार से ज्यादा पौधे लगे हुए हैं। घर पर हाइड्रोपोनिक खेती का प्रयोग सफल होने के बाद रामवीर ने बड़ा बाईपास के पास दो एकड़ का एक फार्म भी बना लिया। वहां भी उन्होंने हाइड्रोपोनिक तकनीक से करीब 18 हजार पौधे लगा रखे हैं। रामवीर के मुताबिक इजराइल की हाइड्रोपोनिक तकनीक का उपयोग अब देश के बड़े शहरों में भी गति पकड़ रहा है।

पिछले बरसों में गुजरात, पुणे, मध्य प्रदेश, इंदौर समेत देश के कई राज्यों में उनकी साझेदारी में हाइड्रोपोनिक तकनीक से खेती के लिए फार्म खोले गए हैं। सोशल मीडिया से उनकी इस खेती की जानकारी पाकर लोग अब विदेश से भी उसे देखने पहुंचते हैं।

### रामवीर को दुबई से मिला आइडिया

रामवीर बताते हैं कि उनके एक दोस्त के चाचा को 2012 में कैंसर होने पर डॉक्टरों ने आशंका जताई कि फलों और सब्जियों में केमिकल इसका कारण हो सकता है। इसके बाद 2016 में वह दोस्तों के साथ दुबई गए तो वहां हाइड्रोपोनिक सिस्टम देखा, जिसमें बिना मिट्टी के पोषणयुक्त खेती की जा रही थी। जिसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया की मदद लेकर घर पर ही पूरा सिस्टम तैयार किया और खेती शुरू कर दी।

### पाइप में उगाए जाते हैं पौधे

हाइड्रोपोनिक खेती पाइपों के जरिए होती है। पाइप में ऊपर छेद कर पौधे लगाए जाते हैं। पाइप में पानी होता है, जिसमें पौधों की जड़ें डूबी रहती हैं। पानी में ही पौधों की जरूरत के मुताबिक पोषक तत्व घोल दिए जाते हैं। यह तकनीक गाजर, मूली, शिमला मिर्च, मटर, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, ब्लूबेरी, तरबूज, खरबूज, अनन्नास, अजवाइन, तुलसी, टमाटर, भिंडी जैसे छोटे पौधों वाली फसलों के लिए उपयुक्त है।

## एक नजर

### नदी के चैनेलाइजेशन की उम्मीद से ग्रामीण खुश

**पूरनपुर।** चंदिया हजारा में शारदा नदी के चैनेलाइजेशन के लिए आंध्र प्रदेश से मशीन रवाना होने की जानकारी लगने पर ग्रामीण खुशी से झूम उठे। ग्रामीणों को उम्मीद है कि बरसात से पहले गांव सुरक्षित हो जाएगा। दरअसल, चंदिया हजारा गांव शारदा नदी के मुहाने पर है। नदी का रुख गांव की तरफ हो गया। इससे गांव पर कटान का खतरा मंडरा रहा है। पिछले साल सितंबर में 55 किसानों की सैकड़ों बीघा जमीन नदी में कट गई थी। ग्रामीणों को डर था कि बरसात से पहले चैनेलाइजेशन और तटबंध नहीं बना तो गांव बाढ़ में कट जाएगा। इसी को लेकर ग्रामीणों ने यहां 102 दिनों तक अनिश्चितकालीन धरना दिया था। इसी के बाद चैनेलाइजेशन की प्रक्रिया तेज हुई। अब जियो बैग की भी वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। ग्राम प्रधान वासुदेव कुंडू ने बताया कि चैनेलाइजेशन के लिए आंध्र प्रदेश से मशीनें रवाना होने के बारे में जानकारी मिली है।

### लखनऊ में महापंचायत करेगी भाकियू

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह के नेतृत्व में किसानों का एक दल सोमवार को लखनऊ के लिए रवाना हुआ, जोकि विद्युत विभाग की समस्याओं को लेकर लखनऊ में आयोजित महापंचायत में शामिल होगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले में विद्युत विभाग के कर्मचारी और अधिकारियों के भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी।

### बरखेड़ा में ट्रेन की चपेट में आकर भैंसा मरा

**बरखेड़ा।** पीलीभीत-शाहजहांपुर रेलखंड पर नवादा महेश गांव के पास अंडरपास में जलभराव है। ऐसे में ग्रामीण पटरी पार करके ही आवाजाही कर रहे हैं। सोमवार दोपहर करीब तीन गांव नवादा महेश निवासी थम्मनलाल दो भैंस लेकर आ रहे थे। उन्हें कम सुनाई देता है। वह तो पटरी पार गए लेकिन दोनों भैंस पीलीभीत से शाहजहांपुर की तरफ जा रही ट्रेन की चपेट में आ गई।एक भैंस की कटकर मौत हो गई जबकि दूसरी घायल हुई। इस दौरान कुछ देर ट्रेन भी रुकी रही। स्टाफ ने देखा और फिर ट्रेन गंतव्य को रवाना हो गई।

---

### अब कचरी-पापड़ भी तैयार करेंगी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, दिया जाएगा प्रशिक्षण

# होली पर बरसेगा दीदी के हाथों से बना रंग-गुलाल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



**अमृत विचार :** इस बार होली पर दीदी के हाथों का बना हर्बल रंग और गुलाल बरसेगा। पहली बार जिले में राष्ट्रीय आजीविका मिशन की ओर से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद समूह की महिलाएं रंग, गुलाल और कचरी पापड़ तैयार करेंगी। सरकारी विभागों के साथ ही बाजार में भी इनकी बिक्री कराई जाएगी। इससे समूह की महिलाओं की आय बढ़ेगी।

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को कृषि से अलावा आजीविका के नए साधन तलाश कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इस बार होली पर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एनआरएलएम की ओर से एक समूह को हर्बल गुलाल और कचरी पापड़ बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। होली 25 मार्च को मनाई जाएगी। होली पर रंग और गुलाल की डिमांड अधिक रहती है। खासकर हर्बल गुलाल की मांग अधिक होती है। इसके लिए मरौरी ब्लॉक के एक समूह का चयन किया गया है।

- तैयार माल की सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर कराई जाएगी बिक्री

जिन्हें बिठौरा गांव में प्रशिक्षण दिया जाएगा। बड़ौदा बैंक स्वरोजगार की ओर से यह प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। प्रशिक्षण तीन दिन तक चलेगा, जिसमें उन्हें हर्बल गुलाल बनाने की विधि के बारे में बताया जाएगा। महिलाओं को प्रशिक्षण में पालक, गुलाब, गेंदें के फूल आदि से हर्बल रंग और गुलाल तैयार करने की विधि समझाई जाएगी।

> स्वयं सहायता समूह का सशक्त बनाने के लिए गुलाल तैयार करने का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। सरकारी विभागों के अलावा बाजारों में महिलाओं द्वारा तैयार हर्बल गुलाल की बिक्री कराने की व्यवस्था कराई जा रही है।
>
> – **वंदना सिंह,** स्वत: रोजगार उपायुक्त

गुलाल के अलावा आलू के चिप्स और पापड़ आदि भी बनाना सिखाया जाएगा। समूह के द्वारा तैयार किए गए गुलाल और पापड़ आदि के जगह जगह स्टॉल लगवाए जाएंगे। साथ ही उन्हें अपने प्रोडेक्ट को बाजार में किस तरह बेचना है। इसके बारें में भी जानकारी दी जाएगी। इतना ही नहीं महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे हर्बल गुलाल की बिक्री खुले बाजार में होगी तो सरकारी कर्मचारियों को इसे बेचा जाएगा। इससे ग्रामीण महिलाओं को होली के अवसर पर अच्छी आय भी हो सके।गुलाल का एक पैकेट रंग व गुलाल का 10 रुपये से लेकर 50 रुपये तक बेचा जा सकेगा।

आठ रंगों का गुलाल तैयार कराने की तैयारी है। जिसमें हल्के नीले रंग के अलावा लाल, केसरिया, पीला, गुलाबी, हल्का हरा, आसमानी और नारंगी रंग का होगा।

---

# दो किलोमीटर तक लगी रही गन्ना लदे वाहनों की कतार



पूरनपुर–खुटार मार्ग पर लगी गन्ना लदी ट्रॉलियों की कतार। ● अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** पिछले सप्ताह गन्ने के संकट का सामना कर रही किसान सहकारी चीनी मिल के बाहर सोमवार को गन्ने लदी सैकड़ों ट्रॉलियां पहुंच गईं। इससे पूरनपुर-खुटार मार्ग पर सुबह से रात तक करीब दो किलोमीटर तक कतार लगी रही। किसानों के मुताबिक बारिश के कारण मिल परिसर के मैदान में पानी भर गया। इस कारण किसानों को हाईवे पर वाहन खड़े करने पड़े हैं। तत्कालीन डीएम प्रवीण लक्ष्कार ने चीनी मिल को स्पष्ट हिदायत दी थी कि हाईवे पर कोई भी गन्ने का वाहन नहीं खड़ा होगा। मगर गन्ने की अधिक आवक से चीनी मिल की व्यवस्थाएं भी ढेर हो गईं।

---

# बरखेड़ा चीनी मिल ने किसानों के 144 करोड़ रुपये दबाए

## 26 फरवरी को बंद हो गई थी मिल, भुगतान के लिए भटक रहे किसान, अफसर जल्द भुगतान का दे रहे आश्वासन

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

**अमृत विचार :** बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल बरखेड़ा का पेराई सत्र समाप्त हो चुका है। मगर किसानों के गन्ने भुगतान अभी तक नहीं किया गया। बरखेड़ा चीनी मिल पर किसानों के 144 करोड़ रुपये बकाया हैं। होली नजदीक है। नई फसल तैयार करने के लिए भी रुपये चाहिए। इसलिए गन्ना किसान भुगतान पाने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं।

जनपद में चार चीनी मिलें हैं। इनमें एलएच चीनी मिल पीलीभीत, दि किसान सहकारी चीली मिल पूरनपुर व बीसलपुर का पेराई सत्र चल रहा है। बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल बरखेड़ा में नौ नवंबर 2023 को पेराई सत्र शुरू हुआ था। इस मिल की पेराई क्षमता प्रतिदिन 75 हजार क्विंटल गन्ने की है। मगर चीनी मिल को मात्र 29-30 हजार क्विंटल गन्ना मिल पा रहा था। इससे मिल प्रबंधन ने 20 फरवरी को मिल बंदी का पहला नोटिस जारी कर दिया था। मिल से संबद्ध 45 क्रय केंद्रों पर गन्ना समाप्त होने के बाद प्रबंधन द्वारा खुली खरीद की गई। मगर इसके बाद भी चीनी मिल नोकेन में लगातार बंद हो रही थी। ऐसे में 57.20 लाख क्विंटल गन्ना पेराई करने के बाद 26 फरवरी को पेराई सत्र समाप्त कर मिल बंद कर दी गई थी। इस बार करीब 28 हजार किसानों ने अपना गन्ना मिल को दिया, जबकि पिछली बार किसानों की संख्या 35 हजार के पार रही थी।



बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल बरखेड़ा। ● अमृत विचार

बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल बरखेड़ा को बंद हुए आठ दिन गुजर चुके हैं। चीनी मिल पर 144 करोड़ का गन्ना मूल्य भुगतान बाकी है। किसानों को दूसरी फसल तैयार करने के लिए रुपये चाहिए। होली का त्योहार भी नजदीक हैं, जिसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। गन्ने का भुगतान न मिलने से मानसिक तनाव में हैं। गन्ना विभाग के अधिकारियों का कहना है कि गन्ने का लगातार भुगतान कराया जा रहा है, लेकिन भुगतान प्रक्रिया को गति नहीं मिल पा रही है। अभी भी गन्ना मूल्य की बकाएदारी बड़ी मात्रा में है।

गन्ना विकास परिषद बीसलपुर के सचिव आरपी कुशवाहा ने बताया कि बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल बरखेड़ा ने इस पेराई सत्र में 210.17 लाख रुपये का गन्ना किसानों से खरीदा है। खरीदे गए गन्ने की कुल धनराशि में से 54 करोड़ 70 लाख रुपये का भुगतान अब तक किया गया है। चीनी मिल पर अभी गन्ना किसानों का करीब 144.43 करोड़ का भुगतान शेष है।



बरखेड़ा चीनी मिल को 19 पर्चियों पर 1538 कुंतल गन्ने की सप्लाई की थी। सप्लाई किए गए गन्ने कुल भुगतान 569411 रुपये बना। इसमें से मात्र 73149 भुगतान मिल चुका है। बकाया भुगतान के लिए चक्कर लगा रहे हैं। पता नहीं कब तक हो पाएगा।
– **ध्रुव कुमार पांडेय, बरखेड़ा**



चीनी मिल तो बंद हो चुकी है। मगर अभी हमारा पूर्ण भुगतान नहीं किया गया है। इस बार मिल को तीन पर्चियों पर 186.17 क्विंटल गन्ने की आपूर्ति की थी। जिसके करीब 68883 रुपये बने हैं। अभी तक भुगतान सिर्फ 16794 रुपये ही प्राप्त हुआ है।
–**पुष्पा देवी, बहादुरपुर हुक्मी**



इस बार चीनी मिल को 12 पर्चियों पर 333.13 कुंतल गन्ने की आपूर्ति की थी। 1.23 लाख रुपये में से सिर्फ 52343 रुपये गन्ना मूल्य भुगतान प्राप्त हो सका है। बाकी भुगतान को पूछते हैं तो जल्द खाते में भेजने की बात कह दी जाती है।
–**रघुनंदन प्रसाद, ज्योराह कल्याणपुर**



हर बार यही हाल रहता है। मिल को 13 पर्चियों पर 799.59 क्विंटल गन्ने की आपूर्ति की थी। 295848 रुपये भुगतान बना, लेकिन अभी तक 69453 रुपये ही प्राप्त हो सका है। भुगतान पूरा न मिलने से काफी दिक्कतें आती है। व्यवस्था संभल ही नहीं पा रही।
–**खेमकरन, बरगदा**



गन्ना किसानों को भुगतान कराया जा रहा है। बैंकों से लिमिट न होने के कारण कुछ दिक्कतें आ रही है। इस कारण चीनी की बिक्री का 85 प्रतिशत भुगतान किसानों के खातों में किया जा रहा है। इसमें जल्द और तेजी आएगी।
– **सतीश श्रीवास्तव पीआरओ बजाज ग्रुप**



बजाज चीनी मिल बरखेड़ा का हाल तो सुधरने में ही नहीं आ रहा है। इस मिल पर तो ताले लगा दिए जाने चाहिए। किसान भुगतान के लिए परेशान रहता है। अगर जल्द किसानों का भुगतान नहीं किया तो आंदोलन करेंगे। बरखेड़ा मिल में तालेबंदी भी की जाएगी। – **मंजीत सिंह, जिलाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक**

### 14 दिन में गन्ने के भुगतान का नियम

जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि चीनी मिलों के द्वारा किसानों से खरीदे जाने वाले गन्ने का भुगतान खरीद के 14 दिन के भीतर होने का प्रावधान है। जो चीनी मिले सीसीएल( कैश क्रेडिट लिमिट) स्वीकृति हैं। वह अपना भुगतान 14 दिन के अंतराल में कर देती हैं। चूंकि इन चीनी मिलों को सीसीएल के तहत बैंकों से एडवांस रकम मिल जाती है। पीलीभीत में सिर्फ तीन चीनी मिल सीसीएल स्वीकृत हैं। इनमें एलएच शुगर फैक्ट्री, पूरनपुर सहकारी चीनी मिल और बीसलपुर सहकारी चीनी मिल शामिल हैं। बरखेड़ा नॉन सीसीएल हैं। पूरे प्रदेश में बजाज ग्रुप की 16 फैक्ट्री हैं। जिन्हें बैंक एडवांस रकम मुहैया नहीं करती है। जो सिर्फ चीनी बेचकर ही किसानों का भुगतान करती हैं।

> बजाज फैक्ट्री में पेराई सत्र समाप्त हो चुका है। किसानों का भुगतान बकाया चल रहा है। जिसको लेकर लगातार पत्राचार किया जा रहा है। फैक्ट्री में रखा चीनी और सीरा का स्टाफ प्रशासन के कब्जे में हैं। इस कमेटी में एडीएम और डीसीओ शामिल हैं। जितनी चीनी बिक रही है। उस रकम की 85 फीसदी धनराशि से किसानों का भुगतान कराया जा रहा है। जल्द ही सभी का भुगतान कराया जाएगा।
>
> – **खुशीराम भार्गव,** जिला गन्ना

---

# रेड क्रॉस सोसायटी के 50 सक्रिय सदस्यों को दिए जाएंगे परिचय पत्र

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में डीएम संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सबसे पहले सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने सोसायटी के अवैतनिक सचिव कलीम अतहर के असामयिक निधन पर उनके स्थान पर कौशलेंद्र भदौरिया को अवैतनिक सचिव बनाने का प्रस्ताव रखा। इस पर डीएम व कमेटी सदस्यों ने अनुमोदन किया। एक्जीक्यूटिव सदस्य डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री ने प्रस्ताव रखा कि दिवंगत अवैतनिक सचिव कलीम अतहर ने पिछली आम सभा व अन्य कार्यों में राशि अपने पास से व्यय की थी। मगर अभी तक उसका भुगतान नहीं हुआ है। मानवीय आधार पर उक्त राशि का भुगतान कराया जाए। इस पर डीएम ने सीएमओ को प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सीएमओ ने सोसायटी की आम सभा बुलाने के संबंध में प्रस्ताव रखा, जिस पर सदस्य परवेज हनीफ ने सुझाव दिया कि पांचों तहसीलों में एसडीएम की अध्यक्षता में तहसील कमेटियां बना ली जाएं। इससे 125 सदस्यों को आम सभा के लिए बुलाया जा सकता है। नये सदस्यों को परिचय पत्र देने के प्रस्ताव पर डीएम ने कहा कि पहले पचास सक्रिय सदस्यों का परिचय पत्र दिया जाए। उसके बाद अन्य आजीवन सदस्यों के सक्रिय होने पर उनको परिचय पत्र दिया जाए। इस संबंध में अनुमानित खर्च के संबंध में जानकारी भी मांगी गई। इस दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी सुरेश कुमार यादव, एसीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी, बीएसए अमित कुमार, आईएमए अध्यक्ष डॉ. रश्मि चौधरी, महिला चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार, एरिना खां, अनिल अरोरा, हर्षल सिंह,एआरओ लोकेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।



बैठक करते डीएम संजय कुमार सिंह, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार व अन्य।

- इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

---

# सरकार की योजनाएं बताएं और लोगों के सुझाव लें कार्यकर्ता

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय युवा क्रांति मोर्चा की बैठक सोमवार को एक आश्रम पर हुई। जिसकी अगुवाई प्रदेश अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने की। राष्ट्रीय अध्यक्ष नलिन सिंह ने भाजपा की योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को दी। बताया कि सरकार ने जनहित में जो काम किए हैं, उसे लोगों को बताएं। छूटे लोगों को योजनाओं का लाभ दिलवाएं। आम लोगों से आगे के लिए सुझाव भी लिए। इस मौके पर निर्भय सिंह , आचार्य रामनिवास महाराज ,केशव महाराज, दिनेश दिवाकर , रणवीर सिंह, संतोष कुमार पटेल, सुरेश भोजवाल, निगम ठाकुर, कृतज्ञ सिंह, सेवा सिंह,अरमान मलिक, नरेश मौर्य,शिवम, मंगलसेन भोजवाल, सलमान खान, बादाम सिंह, रिंकू, यशपाल आदि मौजूद रहे।


---

# 1569 परीक्षार्थियों ने छोड़ा अंग्रेजी का पेपर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा के आठवें दिन दोनों पालियों में महत्वपूर्ण विषयों की परीक्षा कराई गई। पहली पाली में हाईस्कूल के अंग्रेजी और इंटरमीडिएट का कृषि का पेपर हुआ। जबकि दूसरी पाली में इंटर भौतिक विज्ञान का पेपर कराया गया। पहली पाली में हाईस्कूल में अंग्रेजी का पेपर कठिन आने की वजह से परीक्षार्थियों के चेहरे पर परेशानी देखने को मिली। अंग्रेजी व्याकरण के कठिन प्रश्नों के जवाब देने में परीक्षार्थी परेशान हुए। दोनों पालियों में 35016 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 2117 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केवल हाईस्कूल में 1567 बच्चों ने अंग्रेजी का पेपर छोड़ दिया।

सोमवार को पहली में हाईस्कूल में अंग्रेजी का पेपर कराया गया। जबकि इस ही पाली में इंटर का कृषि का पेपर हुआ। यह परीक्षा ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, जीजीआईसी, अंवतीबाई इंटर कॉलेज, चिरौंजीलाल इंटर कॉलेज, रामा इंटर कॉलेज समेत 76 परीक्षा केंद्रों पर कराई गई। परीक्षा शुरू होने से पहने ही परीक्षार्थी केंद्र पर पहुंच गए। गेट पर चेकिंग करने के बाद उन्हें प्रवेश दिया गया। स्टेटिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में प्रश्न पत्रों के बंडल खोले गए और वितरित किया गया। हाईस्कूल में अंग्रेजी का पेपर देखकर परीक्षार्थियों की धड़कनें बढ़ गई। परीक्षार्थियों ने बताया कि पेपर थोड़ा कठिन था, अंग्रेजी साहित्य के सवालों ने थोड़ा परेशान किया। साथ ही व्याकरण भी कठिन रही। अंग्रेजी के पेपर में कुल 24589 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें 14049 बालक और 10540 बालिका शामिल हैं। मगर परीक्षा में सिर्फ 12967 छात्र और 10053 छात्राएं ही परीक्षा देने के लिए पहुंची। अंग्रेजी के पेपर में 1082 छात्र और 487 छात्राएं गैरहाजिर रहे।



पेपर देने के बाद बाहर आने पर सहपाठियों के साथ सवालों का मिलान करतीं छात्राएं।

- सोमवार को हाईस्कूल में अंग्रेजी व इंटरमीडिएट में कृषि का पेपर हुआ

इसी तरह इंटरमीडिएट में हुए कृषि के पेपर में 1023 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें 1002 छात्र और 21 छात्राएं शामिल हैं। परीक्षा में 968 छात्र और 21 छात्राओं ने परीक्षा दी। जबकि 34 छात्र गैरहाजिर रहे।

दूसरी पाली में सिर्फ इंटरमीडिएट का पेपर कराया गया। जिसमें भौतिक विज्ञान और शिक्षा शास्त्र का पेपर हुआ। यह परीक्षा भी सभी केंद्रों पर कराई गई। परीक्षा दो से पांच बजे चली। इस परीक्षा में 11521 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें 7758 बालक और 3763 बालिका शामिल हैं। परीक्षा में 7357 छात्र और 3650 छात्राएं परीक्षा देने के लिए पहुंची। जबकि 401 छात्र और 113 छात्रा गैरहाजिर रही। डीआईओएस गिरजेश कुमार ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। किसी तरह की कोई नकल नहीं मिली है।

---

**आक्रोश** | शिक्षक बोले– सरकारी टेबलेट में निजी सिम का इस्तेमाल क्यों करें, प्रांतीय आह्वान पर जिले की समस्त तहसीलों में दिए गए ज्ञापन

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षकों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जिले भर में ऑनलाइन हाजिरी समेत अन्य समस्याओं को लेकर सोमवार को प्राथमिक शिक्षक संघ की अगुवाई में बेसिक शिक्षकों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे। उन्होंने कहा कि समस्याओं का समाधान करने के बजाए शिक्षकों को उलझाया जा रहा है। मुख्यालय के अलावा तहसील स्तर पर भी महानिदेशक स्कूल शिक्षा को संबोधित ज्ञापन सौंपे गए।

सोमवार को दोपहर बाद मरौरी विकासखंड के शिक्षक-शिक्षिकाएं ब्लॉक संसाधन केंद्र पर जमा हुए। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री उमेश गंगवार और मरौरी ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष बाबूराम गंगवार, मंत्री प्रफुल्ल दीक्षित की अगुवाई में शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मौर्य को ज्ञापन दिया। शिक्षकों ने कहा कि स्कूल में जो टैबलेट दिए गए हैं, उनमें निजी सिम डालकर और वेतन से डाटा खर्च करने के निर्देश शिक्षकों को दिए जा रहे हैं। जबकि यह सरासर गलत है। राज्य कर्मचारियों की तरह शिक्षकों को एक वर्ष में 31 दिन का उपार्जित अवकाश दिया जाए। इसके अलावा प्रत्येक माह में राज्य कर्मचारियों की तरह द्वितीय शनिवार का भी अवकाश दिया जाए। टैबलेट चलाने के लिए डाटा और सिम भी उपलब्ध कराया जाए। जब तक यह मांगे नहीं मानी जाएगी। तब तक शिक्षक एमडीएम पंजिका और छात्रों की हाजिरी किसी भी दशा में ऑनलाइन नहीं लगाएंगे। शासन यह नियम वापस ले अन्यथा प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालों में राजेश शर्मा, रामदास, मनोरमा लोधी, संघमित्रा गौतम, अमिता गोयल, रामगोपाल वर्मा, अचल सक्सेना, अनवर खां, जमशेद अहमद, सतीश चंद्र, हरिशंकर, ब्रह्मदेव तिवारी रहे।



पूरनपुर में बीईओ को ज्ञापन देते शिक्षक। ● अमृत विचार

**पूरनपुर।** पूरनपुर में भी अध्यापकों की व्यक्तिगत आईडी के माध्यम से सिमकार्ड खरीदने का दबाव बनाने से उनमें नाराजगी देखने को मिली। शिक्षकों ने बीईओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षकों ने कहा कि वह सरकारी सिम मिलने पर ही वह टैबलेट चलाएंगे। व्यक्तिगत आईडी पर सिम न खरीदने पर शिक्षकों के साथ अमर्यादित व्यवहार और वेतन रोकने की चेतावनी दी जा रही है।

ज्ञापन देने वालों में पूरनपुर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष सूर्यप्रकाश गंगवार, मंत्री विमल कुमार, अमित कुमार मोहित सिंह, गुरविंदर सिंह, नवदीप कौर, विनीत कुमार, राजन मालिक, सरिता देवी, पटेल अरुण, लक्ष्मी नारायण आदि लोग रहे।

### बीसलपुर में भी शिक्षकों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ जताया विरोध



**बीसलपुर।** प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दयाशंकर गंगवार, ब्लॉक अध्यक्ष राम औतार गंगवार की अगुवाई में तहसील क्षेत्र के बेसिक शिक्षक सोमवार को बीआरसी कार्यालय परिसर में एकत्र हुए। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर शासन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद महानिदेशक स्कूल शिक्षा लखनऊ के नाम संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी नीरज शुक्ला को सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं की उपस्थिति, मिड–डे मील की सूचना ऑनलाइन भेजने के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा वेतन रोकने और कार्रवाई करने की चेतावनी देकर दबाव बनाया जा रहा है। विभाग की ओर से सिर्फ टैबलेट उपलब्ध कराए गए हैं। उसमें डालने के लिए सिम व्यक्तिगत रूप से लेने को कहा जा रहा है। ज्ञापन में टैबलेट के लिए सरकारी सिम उपलब्ध कराए जाने, राज्य कर्मचारियों की भांति एक कैलेंडर वर्ष में 31 दिवस का उपार्जित अवकाश, प्रत्येक माह द्वितीय शनिवार अवकाश, अर्द्ध आकस्मिक अवकाश का लाभ दिए जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में अनिल कुमार, जितेंद्र कुमार सिंह, मनोहर लाल, शक्ति कुमार, अनामिका गंगवार, गोल्डी देवी, पूजा देवी, आलोक गंगवार, संदीप सक्सेना, विकास शर्मा आदि मौजूद रहे।

---

# सौदेबाजी में निरस्त करने पड़े 5.87 करोड़ के टेंडर

संवाददाता, पूरनपुर

- पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति ने नियम विरुद्ध टेंडर प्रक्रिया का लगाया था आरोप


**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों के निर्माण कार्यों का ठेका आंवटित करने में कथित सौदेबाजी पर हंगामा मचने के बाद स्थानीय प्रशासन को बैकफुट पर आना पड़ा। क्षेत्र पंचायत के करीब 5.87 करोड़ के टेंडर निरस्त कर दिए गए हैं। ये वही टेंडर हैं, जिनको लेकर पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पति अतेंद्र पाल सिंह पर एकाउंटेंट को कथित रूप से जबरन गाड़ी में बैठाने का आरोप लगा था।

ब्लॉक प्रमुख दिवंगत कमलेश्वरी देवी के निधन के बाद से सीट रिक्त है। कार्यवाहक की जिम्मेदारी एसडीएम के पास है। 18 फरवरी को खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह के हवाले से 49 कार्यों के टेंडर निकाले गए थे। इनके अलावा कुछ और टेंडर थे। करीब 5.87 करोड़ से पंचायतों में खड़ंजा, इंटरलॉक, नाला-नाली आदि विकास कार्य कराए जाने थे। चार फरवरी को टेंडर खुलने थे। इससे पहले शुक्रवार को ब्लॉक में तैनात एकाउंटेंट नितिन कुमार ने अतेंद्र पाल सिंह पर आरोप लगाया कि टेंडर के लिए उन्होंने दबाव बनाया। बाद में उन्हें जबरन गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया। दस्तावेज फाड़ दिए। जबकि अतेंद्र पाल सिंह ने टेंडर नियम विरुद्ध खोलने के आरोप लगाए थे। इसके बाद एसडीएम ने दोनों पक्षों को सुना था। उसी समय स्पष्ट किया था कि टेंडर निरस्त किए जाएंगे। दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप के बीच सोमवार को टेंडर नहीं खुल सके। बताया गया कि विवाद के बाद इन्हें निरस्त कर दिया गया है।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# सड़कें जर्जर.. जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर नालियों में बह रहा गोबर ,जनता परेशान

## शहर के मुख्य मार्गों से लेकर गली-मोहल्ले तक हालात बद से बदतर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- विकास को कई बार बनी योजना फिर भी नहीं सुधरे शहर के हालात
- सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट भी नहीं हो सका चालू

**अमृत विचार :** सरकार विकास का ढिंढोरा पीट रही है। मगर केवल ढाई लाख की आबादी वाला शहर पीलीभीत बदहाली की मार झेल रहा है। मुख्य मार्गों से लेकर आम गली मोहल्लों में अव्यवस्थाओं की भरमार है। जर्जर सड़कें, जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर और आबादी में संचालित दूध की डेयरिय ने शहर की सूरत बिगाड़ रही हैं, जिससे जनता परेशान है। प्रशासन व जनप्रतिनिधियों ने शहर में सुधार की कई बार योजनाएं बनाईं, लेकिन सुधार अभी तक नहीं हुआ।

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट की स्थिति वर्षों से जस की तस बनी हुई है। इसका खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। कूड़ा निस्तारण नगर पालिका की टीमें नहीं करा पा रही हैं। सड़कों पर जहां-तहां कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। यशवंतरी देवी मंदिर मार्ग, बिजली घर तिराहा, देशनगर, मधुवन कॉलोनी, ब्रह्मचारी घाट, दूधिया मंदिर के आसपास के मार्गों पर लगे कूड़े के ढेरों से दिन भर दुर्गंध निकलती रहती हैं।

शहर में घनी आबादी के बीच ही 156 डेयरियां संचालित हैं। अधिकांश डेयरियों का गोबर नालियों में बहता दिखाई देता है। कई स्थानों पर गोबर के ढेर लगे रहते हैं। नगर पालिका प्रशासन पिछले कई साल से डेयरियां आबादी के बाहर करने के दावा कर रहा हैं, लेकिन अभी तक किया कुछ नहीं। सोमवार को गौरीशंकर मंदिर रोड, चौक बाजार समेत कई जगह गोबर के ढेर लगे दिखाई दिए। डेयरी संचालक पशुओं को भीड़ के बीच छोड़ देते हैं, जिससे लोगों को दिक्कत होती है।

शहर की अवध नगर कॉलोनी, निरंजन कुंज कॉलोनी, एकता नगर कॉलोनी, शिवनगर कॉलोनी, सुनगढ़ी मोहल्ला, विनायक बिहार कॉलोनी व अन्य गली मोहल्लों में सड़कें बदहाल हैं। पानी सप्लाई के नाम पर कई स्थानों पर सड़कों को तोड़कर डाल दिया गया है, लेकिन करोड़ों खर्च होने के बाद घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। सोमवार को कृष्ण लोक कॉलोनी में पाइप डालने के लिए सात फिट गहरा गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया। स्थानीय लोगों की मानें तो नगर पालिका जाकर शिकायत की, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिल सका।

इसी तरह शहर के कई इलाकों में सड़कों को खोदकर डाल दिया गया है। इसके बाद उन्हें ठीक नहीं किया जा रहा। इसकी वजह से शहर के लोग परेशान हैं।



रेलवे स्टेशन रोड पर अतिक्रमण से पटी सड़क और फुटपाथ। ● अमृत विचार


कृष्णलोक कॉलोनी में पाइप लाइन डालने के बाद खुला पड़ा गड्ढा।


सड़क पर फैली मिट्टी की वजह से उड़ती धूल। ● अमृत विचार

### छुट्टा मवेशियों से नहीं मिल रही निजात



मुख्यमंत्री की कान्हा पशु आश्रय योजना अभी तक परवान नहीं चढ़ी है। नगर पालिका प्रशासन छुट्टा पशुओं को पकड़कर देवीपुरा आश्रय गृह भेजने का दावा कर रहा है, लेकिन शहरियों को छुट्टा पशुओं से निजात नहीं मिल रही। सोमवार को अशोक कॉलोनी, स्टेशन रोड और स्टेडियम रोड पर छुट्टा पशु घूमते दिखे। छुट्टा पशु कई बार हमलावर भी हो चुके हैं। रात के वक्त को शहर की सड़कों पर पशुओं के झुंड होने से हादसे का खतरा बना रहता है।


शहर की अवध नगर कॉलोनी में टूटी पड़ी सड़क। ● अमृत विचार

### अतिक्रमण हटा न ई-रिक्शा के लिए रूट तय किए गए




शहर में जाम की सबसे बड़ी वजह अतिक्रमण और ई-रिक्शा हैं। इनको लेकर न तो नगरपालिका गंभीर है और ना ही जिला प्रशासन। शहर में तीन हजार से अधिक ई-रिक्शा संचालित हैं, लेकिन उनका कोई रूट तय नहीं है। पार्किंग के इंतजाम नाकाफी है। फुटपाथ पर दुकानदार कब्जा जमाए रहते हैं। इस वजह से दिन में कई बार जाम रहता है। वर्ष 2022 में चौराहा और पार्क का सौंदर्यीकरण तो कराया गया, लेकिन उसकी देखरेख नहीं हो सकी। ईदगाह रेलवे क्रासिंग के पास बनाए गए राजघाट पार्क में तो ताले लग गए।



नगर पालिका को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए डेयरी वालों के साथ बैठक कर इसका समाधान निकालना चाहिए। नाली के बाहर का अतिक्रमण हटाने को लेकर तमाम बैठकें प्रशासन के साथ हुईं, लेकिन वहां बैठकर जो भी तय हुआ उसका उल्टा किया गया। इसके लिए नगर पालिका को आगे आना चाहिए। तभी शहर का विकास संभव है।
– अफरोज जिलानी, जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल



शहर की व्यवस्था बेपटरी चल रही है। बाजार में अतिक्रमण चरम सीमा पर है। ई-रिक्शा चालक कहीं भी मोड़ देते हैं, जो हादसे का सबब बनते है। शहर की अधिकतर सड़कें टूटी पड़ी हुई है। कोई सुनने को तैयार नहीं है। बीते दिनों अशोक कॉलोनी में पेयजल के नाम पर सड़क को तोड़कर छोड़ दिया गया था। जिसकी मरम्मत तक ठीक ढंग से नहीं की गई है। यह पालिका की नैतिक जिम्मेदारी है।
–दीपाली पुरी, गृहणी



शहर की सफाई व्यवस्था बेपटरी है। इसमें नगरपालिका के साथ आमजन में दोषी है। कूड़ा सड़क पर नहीं फेंकना चाहिए। नगरपालिका को भी समय से कूड़े का उठान करना चाहिए। ताकि बाजार खुलने के दौरान दिक्कत न हो। फुटपाथ पर दुकान का सामान लगाना भी बड़ी समस्या है। इसलिए वेडिंग जोन का भी निर्धारण होना चाहिए। जिससे शहर का विकास हो सके।
–मधु कुमार, सोशल वर्कर



शहर के बीच में डेरियां स्वास्थ्य की दृष्टि से अनुकूल नहीं है। अतिक्रमण सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। इन दोनों बिंदुओं पर संवेदनहीनता है। नालियों में गोबर बहता रहता है, जब भी कभी इस पर चर्चा होती है दो-चार दिनों बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। बिना किसी भेदभाव के यदि इसे दूर करने के प्रयास किए जाएं, तो निजात मिल सकेगी। शहर की सड़कों को ठीक कराया जाए।
– लक्ष्मीकांत शर्मा, शिक्षक



"कई समस्याएं पहले से ही बनी हुई हैं। जिसका सुधार कराने का प्रयास जारी है। काफी हद तक सुधार हुआ भी है। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और एमआरएफ सेंटर का संचालन भी जल्द होने जा रहा है। अतिक्रमण को लेकर भी रणनीति बनाई जा रही है। कान्हा गौशाला का निर्माण शुरु होने वाला है। किसी को भी निराशा नहीं मिलेगी। कम समय के कार्यकाल में काफी काम कराया गया है। सड़कें और नालों का निर्माण कराने के लिए टेंडर कर दिए गए हैं।
– **डॉ. आस्था अग्रवाल**, अध्यक्ष, नगर पालिका पीलीभीत

### बिजली आने जाने से लोग बेहद परेशान

**पीलीभीत।** शहर में बिजली की लाइनें जर्जर हो चुकी हैं। इसकी वजह से आए दिन फाल्ट होते रहते हैं। इस कारण बिजली अक्सर गायब हो जाती है, जिससे लोग परेशान होते हैं। हालांकि कुछ लाइनें ठीक की जा रही हैं।


शहर के यशवंतरी देवी मंदिर के पास सड़क पर लगा कूड़े का ढेर। ● अमृत विचार

### एक नजर

#### आम का बाग काटने की जांच करने पहुंचे नायब तहसीलदार

**पूरनपुर।** शेरपुरकलां गांव में आम का बाग काटने को लेकर अवैध कटान का शोर मचने पर सोमवार को राजस्व विभाग की टीम जांच के लिए पहुंची। नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी और ऋषिकांत दीक्षित ने काटे गए बाग का निरीक्षण किया। जहां आम के करीब 50 पेड़ काटे गए हैं। राजस्व विभाग का कहना है कि ग्राम समाज की भूमि पर कोई पेड़ नहीं काटा गया, जो पेड़ काटे गए हैं वो निजी भूमि पर थे। पेड़ वन विभाग की अनुमति से काटे गए गया है। रविवार को शेरपुर कलां में एक ठेकेदार द्वारा आम का बाग काटने का मामला सामने आया था। आरोप लगा कि हरे-भरे बाग को काट दिया गया है। मामला संज्ञान में आने पर जिला प्रशासन ने जांच बैठा दी। सोमवार को दोनों नायब तहसीलदार जांच के लिए शेरपुर पहुंचे। नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि जो पेड़ काटे गए हैं वो वन विभाग की अनुमति से कटे हैं। ग्राम समाज की भूमि पर कोई पेड़ नहीं था।

#### शरारती युवकों ने सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़े

**बीसलपुर।** शरारती युवकों ने नगर की सड़कों पर खड़ी छह कारों के शीशे तोड़ दिए। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इलाके के लोगों ने कोतवाली जाकर मामले की शिकायत की। पुलिस सीसी टीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की तलाश में जुटी है। यह घटना रविवार रात की बताई गई है। रात करीब 12 बजे आधा दर्जन युवक हाथों में डंडे और मुंह पर अंगोछा बांधकर सड़कों पर निकले। पटेल नगर पुलिया के पास पहुंचकर उन्होंने एक प्रतिष्ठान पर लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए गए। इसी मार्ग पर खड़ी लग्जरी कार के शीशे तोड़ दिए। उससे कुछ दूरी पर खड़ीं चार-पांच अन्य कारों के शीशे तोड़ दिए। कार मालिकों को इसकी जानकारी सोमवार सुबह को हुई। उन्होंने घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया। कोतवाली पहुंचकर पटेल नगर के लोगों ने सख्त कार्रवाई की मांग की। वरिष्ठ उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि सूचना मिली है। मामले की जांच चल रही है। फुटेज में दिखाई दे रहे युवकों की पहचान करा रहे हैं।

# टनकपुर हाईवे पर लगा जाम, फंसे रहे राहगीर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शहर में जाम की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। शहर के साथ हाईवे पर रोज दिन में कई बार जाम लगता है। सोमवार को टनकपुर हाईवे पर जाम लगने से राहगीर जाम में फंसे रहे, जिससे खासी दिक्कत हुई। हालांकि बाद में यातायात पुलिस ने पहुंचकर जाम खुलवाया।

जाम की समस्या वैसे तो शहर के अधिकांश इलाकों में है। अतिक्रमण और बेतरतीब तरीके से वाहन खड़े करने की वजह से दिक्कत बनी रहती है। वहीं, ई-रिक्शा की बेतरतीब आवाजाही ने भी व्यवस्था बिगाड़ रखी है। शहर में रेलवे स्टेशन रोड, गांधी स्टेडियम रोड, लोहा मंडी, नीबू मंडी, ड्रमंडगंज चौराहा, जेपी रोड समेत कई ऐसे मार्ग हैं जहां दिन में कई बार जाम लगता है।

सोमवार को टनकपुर हाईवे पर गौहनिया में वाहनों का लोड बढ़ते ही जाम लगना शुरू हो गया। दोपहर 12 बजे के बाद जाम लगा तो नेहरू पार्क के पीछे तक वाहनों की कतारें लग गईं। इसमें राहगीर करीब 20 मिनट तक फंसे रहे। शहर के अन्य मार्गों पर भी जाम लगा। यातायात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया।


टनकपुर हाईवे पर लगे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

- गौहनिया चौराहे से जिला नेहरू पार्क के आगे तक लगी रही कतार

# मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली, गिरफ्तार

संवाददाता, पूरनपुर

- दूसरा बदमाश फरार, पुलिस के अनुसार लूट की योजना बना रहे थे दोनों

**अमृत विचार :** व्यापारी के घर हुई 40 लाख की डकैती के बाद पूरनपुर में पुलिस और बदमाशों की तीन बार मुठभेड़ हो चुकी है। पुलिस की गोली लगने से घायल होने पर बदमाश पकड़े भी गए। मगर लूट की घटना का खुलासा नहीं हो पा रहा है। सोमवार को पुलिस मुठभेड़ में घायल हुए एक बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उसका एक साथी फरार है।

30 जनवरी की रात रम्पुरा गांव निवासी किराना व्यापारी सुनील गुप्ता के मकान में घुसे पांच बदमाश असलहों के बल पर परिवार को बंधक बनाकर 40 लाख का माल लूटकर ले गए थे। इस घटना का अभी तक पुलिस खुलासा नहीं कर सकी थी। नवागत एसपी अविनाश पांडेय ने नए सिरे से चार टीमों को सक्रिय कर सुरागरसी शुरू कराई है। जिसके बाद पुलिस भी अलर्ट मोड पर है। घटना के बाद से अब तक दो बार पुलिस की अपराधियों से मुठभेड़ हो चुकी है। रविवार रात तीसरी मुठभेड़ हुई।

रविवार देर रात करीब डेढ़ बजे पुलिस टीम घुंघचिहाई-बंडा रोड पर गश्त कर रही थी। इस बीच सूचना मिली कि कुछ बदमाश लूट की योजना बना रहे हैं। इस पर पुलिस ने मार्ग पर ही एक स्थान पर दबिश दी। पुलिस के पहुंचते ही आरोप है कि एक बदमाश ने टीम प फायर कर दिया। पुलिस बल ने बचाव किया और फिर जवाबी कार्रवाई की। पुलिस की ओर से चलाई गई गोली मोहल्ला इंद्रानगर निवासी बाबर पुत्र जब्बार खां के पैर में लगी। उसे पुलिस ने पकड़ लिया। जबकि दूसरा साथी जावेद मौके से भाग गया। पकड़े गए आरोपी के पास से तमंचा, कारतूस बरामद किया गया। आरोपी बाबर को अस्पताल ले जाकर इलाज कराया गया। दूसरे दिन सोमवार को जेल भेज दिया। आरोपी बाबर के पर पूर्व में चार मुकदमे दर्ज हैं। जबकि फरार आरोपी जावेद के खिलाफ गोकशी के चार समेत कुल आठ मुकदमे हैं। एसपी अविनाश पांडेय ने मुठभेड़ करने वाली पुलिस टीम को 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। कोतवाल प्रवीण कुमार ने बताया कि लूट की योजना बना रहे एक बदमाश को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। उसके पैर में गोली लगी थी। दूसरे साथी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।


मुठभेड़ में घायल बदमाश बाबर को ले जाती पुलिस।

# फसलों के नुकसान का सर्वे शुरू, पांच टीमें गठित

संवाददाता, पीलीभीत/माधोटांडा

- दो दिन हुई बारिश और ओलावृष्टि ने बिछा दी थी गेंहू और सरसों की फसल
- पूरनपुर में अधिक नुकसान होने की संभावना 30 फीसदी से अधिक होने पर मिलेगा मुआवजा

**अमृत विचार :** दो दिन तेज हवा के साथ रुक-रुककर हुई बारिश और ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा। फसलों को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए प्रशासन की ओर से पांच टीमें गठित कर दी गई है। 30 प्रतिशत से अधिक क्षति सामने आने पर किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। पांच टीमों में कृषि, राजस्व के अफसर कर्मचारी शामिल किए गए हैं। सोमवार को मौसम खुलते ही सर्वे शुरू कर दिया है।

शुक्रवार देर रात से शुरु हुई बारिश का रुक-रुककर रविवार रात तक हुई। रविवार को पूरनपुर में बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई। मौसम की इस दुश्वारी की वजह से जिले के कई इलाकों में फसलों को खासा नुकसान पहुंचने की बात कही गई। बारिश के बाद हवा चलने से पूरनुपर, बीसलपुर, अमरिया समेत कई जगह गेंहू, सरसों की फसलें खेतों में बिछ गई। सोमवार से मौसम साफ हो गया। दिनभर तेज धूप खिली। हालांकि खेतों में जल भराव देखने को मिला। किसानों के नुकसान का पता लगाने के लिए डीएम संजय कुमार सिंह ने सर्वे शुरू कराया है। समस्त तहसीलों के एसडीएम के नेतृत्व में पांच टीमें बनाई गई हैं। सोमवार से ही सर्वे शुरू कर दिया है। कलीनगर तहसील के एसडीएम आशुतोष गुप्ता माधोटांडा पहुंचे। जहां किसानों ने ओलावृष्टि में सरसों और मटर की फसल के नुकसान का आकलन किया। एसडीएम मुआवजे का आश्वासन दिया। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ऋतु पुनिया ने बताया कि तहसीलों को प्लॉट टू प्लॉट सर्वे के निर्देश जारी किए गए हैं। जहां फसलों को 30 फीसदी से ज्यादा नुकसान पाया जाएगा, वहां किसानों को नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए पांच टीमें बनाई गई है। जिनकी मॉनीटरिंग एसडीएम करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कृषि विभाग के साथ बीमा कंपनी भी सर्वे करने में जुटी हुई है।


बारिश के दौरान खेत में बिछी गेहूं की फसल का सर्वे करने पहुंची राजस्व टीम।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बरेली-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर अमरिया क्षेत्र में हुआ हादसा

**अमृत विचार :** बरेली-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर बाइक सवार दो श्रमिकों को ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बरेली जिले के थाना बहेड़ी क्षेत्र के ग्राम उगनपुर निवासी भारत (30) मजदूरी करते थे। रविवार को वह अपने गांव के रहने वाले नेमचंद के साथ अमरिया क्षेत्र स्थित एक स्टोन क्रेशर पर मजदूरी करने गए थे। जहां से शाम को बाइक पर दोनों अपने घर लौट रहे थे। बरेली-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर अमरिया कस्बे में उनकी बाइक में एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इसमें गंभीर चोटें आने से बाइक चला रहे भारत की मौके पर मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे नेमचंद गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर, हादसे के बाद चालक ट्रक मौके पर छोड़कर भाग गया।

"ट्रक की टक्कर से बरेली के युवक की मौत हुई है। उसका एक साथी घायल हुआ, जिसे अस्पताल भर्ती कराया गया है।
– **ब्रजवीर सिंह**, एसओ अमरिया

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर

डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286
● चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
● बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
● बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
● महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याएं ल्यूकोरिया आदि
● बवासीर, फिशर
● मानसिक रोग (डिप्रेशन)
● चेहरे के कील, मुहांसे
● मिर्गी
● माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
● ब्लड प्रेशर, शुगर
● सियाटिका का दर्द
● मानसिक दुर्बलता
● मोटापा
● पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
● साइनस
● टॉसिल का बढ़ जाना
● थायराइड
● जोड़ों का दर्द
● गुप्त रोग
पता :
116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय :
सोमवार से शनिवार
प्रात: 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार
12 बजे से 2 बजे तक


## छोड़ो सारे काम, सबसे पहले करो मतदान



**पीलीभीत।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने और लोगों को जागरुक करने के लिए नौगवां पकड़िया में सोमवार को रैली निकाली गई। नगर पंचायत नौगवां पकड़िया में पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान मतदेय स्थल एक प्राथमिक विद्यालय में 55 .65 प्रतिशत और मतदेय स्थल दो जूनियर हाईस्कूल में 54 .67 प्रतिशत मतदान रहा था। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए साठ प्रतिशत से कम वाली ग्राम पंचायतों पर विशेष फोकस किया जा रहा है। इसी के तहत नौगवां पकड़िया में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जनपदीय स्वीप कोऑर्डिनेटर एसएन इंटर कॉलेज के शिक्षक इन्तज़ार ख़ान की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। ग्राम वासियों को मतदाता जागरूकता ग्रीटिंग कार्ड बांटकर शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। छात्र छात्राओं ने भी घर-घर जाकर लोगों को मतदान का महत्व बताया। जागरुकता रैली निकाली गई। छोड़ो अपने सारे काम सबसे पहले करो मतदान का नारा दिया गया।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582


डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448



डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518


डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289


डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रात: 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157


डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393


डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन

डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

### स्वत: रोजगार की ओर से 505 महिलाओं का किया गया चयन, 137 की पहले हो चुकी है तैनाती

# गांवों में बिजली बिल जमा कराने को तैनात होंगी विद्युत सखी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● छह मार्च को प्रधानमंत्री मोदी का दिखाया जाएगा लाइव प्रसारण
सात को बांटे जाएंगे नियुक्ति पत्र

**अमृत विचार :** स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अब राष्ट्रीय आजीविका मिशन की ओर से व्यवस्था बनाई जा रही है। गांवों में बिजली का बिल जमा करने के लिए ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बिल भुगतान कराने को विद्युत सखी तैनात की जा रही हैं।

ये महिलाएं घर-घर जाकर बिजली का बिल रियल टाइमिंग के साथ जमा कराएंगी। इसके एवज में उन्हें तत्काल 20 रुपये का भुगतान उनके खाते में किया जाएगा। पहले चरण में 505 महिलाओं का चयन किया गया है। जिन्हें सात मार्च को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। जिसके बाद वह अपनी मेहनत के दम पर सरकार के लिए राजस्व और अपनी आमदनी का जरिए बनाएंगी।

अभी तक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली उपभोक्ताओं के यहां से मीटर रीडिंग लेने का काम एजेंसियों के द्वारा अधिकृत मीटर रीडर्स करते थे। इससे बड़ी संख्या में उपभोक्ता बिजली का बिल जमा करने में रुचि नहीं लेते। इसको लेकर ग्रामीण क्षेत्र में अब विद्युत सखी को नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है। घर-घर जाकर मीटर रीडिंग लेने के साथ ही बिल जमा भी कराएंगी। इसके लिए उन्हें कमीशन दिया जाएगा। साथ बिजली का बकाया जमा करने में भी मदद मिलेगी। पहले चरण में 505 महिलाओं का चयन किया गया है। ये समस्त महिलाएं समूह से जुड़ी हुई हैं। अमरिया ब्लॉक में 67, मरौरी में 76, बिलसंडा में 42, बरखेड़ा 68, बीसलपुर में 64, ललौरीखेड़ा में 54 और पूरनपुर ब्लॉक में 134 विद्युत सखियों का चयन किया है। चूकिं पूरनपुर ब्लॉक सबसे बड़ा ब्लॉक है। इसलिए यहां पर सबसे अधिक विद्युत सखी रखी जा रही हैं। इनसे पहले से भी एनआरएलएम की ओर से 137 महिलाएं पहले से विद्युत सखी का काम संभाल रही हैं। अब सात मार्च को प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर विद्युत सखियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। जिसके बाद 642 विद्युत सखी इस योजना में काम करेंगी। इन्हें प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा। एनआरएलएम के अफसरों के अनुसार विद्युत सखियों का चयन करने के बाद मुख्यालय से उनकी आईडी जनरेट की जाएगी। आईडी और विद्युत सखी का खाता बिजली विभाग से लिंक होगा। इस व्यवस्था से सखियों को रियल टाइम भुगतान होगा। यानी जो बिल वह आज जमा करेंगी उसका कमीशन उन्हें कल तक खातों में भेज दिया जाएगा। नारी शक्ति वंदना योजना कार्यक्रम के तहत छह मार्च को प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण कार्यक्रम दिखाया जाएगा। इसको लेकर प्रधानमंत्री का प्रसारण दिखाया जाएगा। प्रत्येक ब्लॉक में लाइव प्रसारण होगा। इस कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आमंत्रित किया गया है।

> ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली का बिल जमा करने के लिए शासन की ओर से विद्युत सखियों की तैनाती की जा रही है। सात मार्च को 505 महिलाओं को नियुक्ति पत्र वितरण किए जाएंगे। इस योजना से समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकेंगी।
>
> \- वंदना सिंह
> स्वत : रोजगार उपायुक्त

# बल्लभनगर में रात भर गुल रही बिजली, परेशान रहे लोग

### ट्रांसफार्मर फुंकने से गड़बड़ाई व्यवस्था, दूसरे दिन चालू हुई सप्लाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● शहर के अन्य इलाकों में आती जाती रही बिजली

**अमृत विचार :** बारिश और तेज हवा चलने से शहर में बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गई। इस बीच ट्रांसफार्मर फुंकने से बल्लभनगर कॉलोनी में रविवार रात को बिजली गुल रही, जिससे उपभोक्ता परेशान रहे। सोमवार को दूसरा ट्रांसफार्मर लगाने के बाद बिजली सप्लाई चालू की जा सकी। इसके अलावा शहर के अन्य इलाकों में बिजली आती जाती रही।

इन दिनों शहर की बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए काम चल रहा है। कई जगह बिजली के तार बदले जा रहे हैं। ट्रांसफार्मरों का लोड भी बढ़ाया जा रहा है। दो दिन रुक-रुककर बारिश होने से कई जगह फाल्ट होने पर बिजली घंटों गुल रही थी। रविवार देर रात बल्लभनगर कॉलोनी में लगा ट्रांसफार्मर फुंक गया, जिससे बिजली गुल हो गई। सोमवार सुबह इसकी सूचना पॉवर कॉरपोरेशन के कर्मचारियों को दी गई। इसके बाद टीम मौके पर भेजी गई। पावर कॉरपोरेशन के कर्मचारी पहले तो ट्रांसफार्मर ठीक करने की कोशिश करते रहे। इसमें कामयाबी नहीं मिली तो दूसरा ट्रांसफार्मर लगाया गया। इससे सोमवार को दिन में बिजली गायब रही। अधिकांश घरों में विद्युत संचालित मोटर से पानी की सप्लाई है। बिजली गायब रहने से मोटर नहीं चले, जिससे लोग पानी के लिए परेशान रहे।



ट्रांसफार्मर में फाल्ट तलाशते कर्मचारी।

उधर, शहर के लालरोड, एकता नगर, अशोक कॉलोनी, निरंजनकुंज, गांधी स्टेडियम रोड, सुनगढ़ी नई बस्ती, साहूकारा, आसफजान आदि इलाकों में बिजली कई बार आती-जाती रही। जेई जहांगीर आलम ने बताया कि बल्लभनगर कॉलोनी में लगे ट्रांसफार्मर में फाल्ट हो गया था। उसका सुधार न होने पर नया ट्रांसफार्मर मंगवाया गया था। सप्लाई चालू करा दी गई है।

# पड़ोसियों के बीच लाठी डंडे चले, कई लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मकान की तरफ महज देखने की मामूली सी बात पर हुई कहासुनी के बाद दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। जहानाबाद पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से आठ लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

यह घटना जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अमरगंज में हुई। एक पक्ष से सुरेश पाल ने बताया कि पड़ोसी बलवीर सिंह उनके घर कीर तरफ देख रहे थे। उन्होंने इसका विरोध किया तो गाली गलौज शुरू कर दी। कहासुनी होने पर बलवीर, उसके साथी रमेश, पप्पू और रामस्वरूप हमला कर दिया। शोर सुनकर सुरेश के बेटे योगेंद्र कुमार व संजीव पहुंचे तो आरोपियों ने उनकी भी पिटाई कर दी। उधर, दूसरे पक्ष के रमेश ने बताया कि गांव के सुरेश का मकान उनके घर के सामने हैं। वह घर से बाहर जाते आते हैं तो पड़ोसी सुरेश यह कहकर झगड़ा करने लगते है कि घर की तरफ देख क्यों रहे हो। रविवार सुबह 10 बजे गांव में बारात देखकर अपने घर जा रहे थे। तभी रास्ते में उसे सुरेश, महेंद्र, संजू व छोटा ने रोका और अपने घर की तरफ देखने की बात कहकर हमला कर मारपीट की। शोर सुनकर उनके भाई रामस्वरूप, मां द्रोपदी देवी, भाभी आशा बचाने पहुंचीं तो उन्हें भी पीटा। जान से मारने की धमकी दी गई। इंस्पेक्टर जहानाबाद मुकेश शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना कराई जा रही है।

## मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत।** थाना जहानाबाद में तहरीर देकर ग्राम ढकिया नथा निवासी मंगली प्रसाद ने बताया कि तीन मार्च की रात आठ बजे वह अपने घर के पास खड़े थे।इयस बीच गांव का ही सुरेंद्र आकर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर हमलाकर मारपीट की गई। शोर पर लोग जमा हुए तो धमकी देकर भाग गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## बीडीओ से आंगनबाड़ी कार्यकत्री की शिकायत

**माधोटांडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव गुलाब टांडा निवासी प्रिसेनजीत ने बीडीओ पूरनपुर को शिकायत पत्र दिया। जिसमें बताया कि उसकी पत्नी ने एक माह पहले पुत्री को जन्म दिया। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा योजनाएं चलाई जा रही है। जिसमें महिला के गर्भवती होने पर हर माह गल्ला, कैल्शियम सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। नवजात शिशु को आहार उपलब्ध कराया जाता है। आरोप है कि ग्राम पंचायत में तैनात आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने अभी तक कोई पोषाहार उपलब्ध नहीं कराया। 4 मार्च को आंगनबाड़ी के घर पर गए तो आंगनबाड़ी ने अभद्रता की।

## कोर्ट के आदेश पर दर्ज की गई दुष्कर्म की रिपोर्ट

**माधोटांडा।** कोर्ट के आदेश पर पुलिस क्षेत्र की एक महिला की ओर से दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की। जिसमें पीड़िता ने बताया कि बीते साल 2023 में उसके पति की मौत हो गई। मरने से पहले पति उसके नाम मकान और जमीन की वसीयत कर थे। आरोप है कि जेठ आए दिन छेड़छाड़ करता है। 17 मई 20 23 को जबरन दुष्कर्म किया।

# एआरपी के बंद मकान से नगदी व जेवरात समेटकर ले गए चोर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** बरखेड़ा ब्लॉक में तैनात एआरपी के बंद मकान से चोर नकदी व जेवरात समेत लाखों का माल समेट ले गए। पत्नी के बीमार होने पर एआरपी मकान में ताला डालकर शाहजहांपुर के खुटार हुए थे। घनी आबादी के बीच हुई चोरी की वारदात से से लोगों में दहशत है।

शहर के मोहल्ला बाग गुलशेर खां के रहने वाले ज्ञान प्रकाश गंगवार खंड शिक्षाधिकारी बरखेड़ा कार्यालय में एआरपी पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी सौभाग्य प्रदा शाहजहांपुर के खुटार क्षेत्र में राजकीय हाईस्कूल मलिका में कार्यरत हैं। परिवार के अन्य सदस्य बाहर रहते हैं। दो मार्च की शाम साढ़े छह बजे वह पत्नी का स्वास्थ्य ठीक न होने पर मकान में ताला डालकर खुटार चले गए। इसी दौरान मेन गेट का ताला तोड़कर चोर उनके मकान में घुस गए। इसके बाद चोरों ने दोनों कमरों और अलमारी के ताले तोड़ दिए।



घटना की जानकारी देते एआरपी ज्ञान प्रकाश गंगवार।

ज्ञान प्रकाश के मुताबिक चोर घर में रखी सोने की छह चेन, आठ अंगूठी, आठ जोड़ी इयररिंग, एक जोड़ी झुमकी, गले की कंठी का सेट, डायमंड मंगलसूत्र, एक मांग टीका, चांदी की पायल, 13 चांदी के सिक्के, चांदी के बर्तन और 1.13 लाख रुपये नकद ले गए। चोरी गए जेवरों का वजन करीब 180 ग्राम बताया जाता। चार मार्च की सुबह आठ बजे ज्ञान प्रकाश घर लौटे तो मेनगेट खुला था और कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। जिसे देखकर उनके होश उड़ गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। कोतवाली पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि मौका मुआयना कर जानकारी की गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

## सार-संक्षेप

### क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में बताईं योजनाएं



**पीलीभीत।** मरौरी ब्लॉक सभागार में सोमवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा ने की। राज्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर ललौरीखेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार शामिल हुए।उनका श्रीराम की मूर्ति देकर मरौरी ब्लॉक प्रमुख ने स्वागत किया। सर्वप्रथम एडीओ पंचायत मेहरवान सिंह राना ने पिछली बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई। शासकीय योजनाओं की जानकारी सदन को दी गई। बीडीओ मरौरी मृदुला ने समस्त योजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान दी। उपस्थित समस्त सदस्यों को एक हजार रुपये का मानदेय वितरित किया गया। इस दौरान सदस्यों ने क्षेत्र से जुड़े प्रस्ताव भी दिए। इस मौके पर वन दरोगा नवीन सिंह वोरा, दुर्गपाल मौर्य, नरेश कुमार, अमर सिंह, राजेन्द्र वर्मा, डा. लक्ष्मी प्रसाद, नीरज सिंह, अनिल राठौर, एसएस मौर्या आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



**पीलीभीत।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्य न्यायाधीश को संबोधित ज्ञापन डीएम कार्यालय में सौंपा। इसमें धार्मिक स्थल से जुड़ी एक याचिका लखनऊ जिला अदालत में स्वीकार किए जाने को पूजा स्थल अधिनियम 1991 की अवमानना बताया। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के उपाध्यक्ष अनवर अनीस, अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिलायक्ष इश्तियाक अहमद अंसारी, ईश्वर दयाल पासवान, वसीउल्लाह, यूसुफ, सलीम, ज्ञानेंद्र गौतम, मोहम्मद याकूब आदि थे।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल



**पीलीभीत।** अवध पब्लिक स्कूल में रविवार वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल व शिक्षाविद् लक्ष्मीकांत शर्मा रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुरुआत कराई। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य आरती मिश्रा ने स्कूल की उपलब्धियां एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। इस मौके पर बच्चों को विशेष उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में समस्त शिक्षक गण मौजूद रहे। अंत में डॉ. जेएन मिश्रा ने सभी का आभार जताया।

### बाल विकास एवं पुष्टाहार को मिला प्रथम पुरस्कार



**पीलीभीत।** मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम योजना के तहत मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम सोमवार को एक बरात घर में आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने की। विभिन्न प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा मिलेट्स से बनाए गए उत्पाद प्रतियोगिता में रखे गए। इसमें बाल विकास एवं पुष्टाहार को प्रथम पुरस्कार, बीसलपुर मिष्ठान भण्डार को द्वितीय, टैम्पटेशन बेकरी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा एटा स्वीट्स को सांत्वना पुरस्कार मिला। राज्यमंत्री ने किसानों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। कहा कि समस्त किसान अपनी-अपनी फसलों का फसल बीमा अवश्य करा लें। ताकि दैवीय आपदा आने पर फसलों में हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति मिल सके। प्राकृतिक खेती के लाभ के बारे में बताया गया। श्रीअन्न की फसलों की पहचान एवं उनसे बनने वाले उत्पाद, उन्नतशील खेती करने की जानकारी दी गई। इस मौके पर शैलेंद्र व्यास, जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुडी, कौशल किशोर, पंकज आदि रहे।

### छात्रा अंशिका, आयुषी और डॉली बनीं टॉपर





**पीलीभीत।** रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय से बीबीए के समस्त वर्षों के परीक्षा परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में प्रथम सेमेस्टर में अंशिका कुमारी 8 .00 एसजीपीए प्राप्त कर टॉपर बनी। वहीं, अनुष्का अग्रवाल ने 7 .86 एसजीपीए के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। मोहम्मद मिजरब अंसारी ने 7 .71 एसजीपीए हासिल कर तृतीय स्थान पाया। तृतीय सेमेस्टर में आयुषी गुप्ता 7 .71 एसजीपीए प्राप्त कर टॉपर बनी। वही अंजली सिंह ने 7 .43 एसजीपीए के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खुशी एवं जैनब फातिमा ने 7 .14 एसजीपीए हासिल कर तृतीय स्थान पाया। पंचम सेमेस्टर में डॉली 7 .60 एसजीपीए प्राप्त कर टॉपर बनी। वही अनुरीत कौर ने 7 .10 एसजीपीए के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। फरदीन खान एवं करिश्मा गंगवार ने 6 .80 एसजीपीए हासिल कर तृतीय स्थान पाया। कॉलेज का परिणाम शत - प्रतिशत रहा। कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता ने छात्र - छात्राओं और शिक्षकों की हौसला अफजाई की।

### मंदिर परिसर में समाधि लीन की गईं साध्वी राधिकानंद गिरी

**बीसलपुर।** बिलसंडा के ठाकुरद्वारा मंदिर की बेशकीमती संपत्ति को सुरक्षित रखने के लिए साध्वी राधिका नंद गिरि ने खुलकर मुचैटा लिया। कानूनी लड़ाई भी लड़ती रहीं। तीन माह पूर्व मंदिर की सीढ़ियों से पैर फिसलने पर गिरने के बाद रविवार को वह ब्रह्मलीन हो गईं। सोमवार को उन्हें मंदिर परिसर में समाधि लीन कर दिया गया। मंदिर की संपत्ति को सुरक्षित रखने के लिए करीब 38 मुकदमे दायर किए, जिनमें 65 आरोपी बनाए गए। संपत्ति के रखरखाव एवं उसे सुरक्षित रखने के मद्देनजर रजिस्टर्ड ट्रस्ट भी बनाया।

एक नजर

### आंधी-बारिश से गेहूं सहित कई फसलों को नुकसान

**महंगापुर।** पलिया तहसील क्षेत्र के कई गांवों में रविवार की देर रात तेज हवाओं के साथ बारिश से किसानों की गेहूं सहित कई फसलें बर्बाद हो गईं। आंधी-बारिश के कारण गन्ना की बुआई भी प्रभावित हुई है। क्षेत्र के गांव गदनिया, महंगापुर, परसपुर, लगदहन, विशेनपुरी आदि गांवों में काफी नुकसान हुआ है।

### पोल पर आ रहे करंट से गाय मरी

**गोला गोकर्णनाथ।** मोहल्ला कुम्हार टोला वार्ड आठ में विद्युत पोल पर आ रहे करंट से एक पालतू गाय की मौत हो गई। सूचना पर बजरंग दल के गो रक्षा प्रमुख अनूप गुप्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि बिजली पोल में करंट आ रहा है जिससे मोहल्ले के सचिन कुमार की पालतू गाय की मौत हुई है। गाय का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार करा दिया गया है।

## सदर विधायक योगेश वर्मा के समर्थकों पर दर्ज कर दी एफआईआर पर रघुनाथपुरवा मामले में की गई लीपापोती

# छह घंटे में दो बार हुई फजीहत तब जागी कोतवाली पुलिस

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** कोतवाली सदर पुलिस की शनिवार को छह घंटे के अंतराल में दो बार फजीहत हुई, लेकिन पुलिस के अधिकारी सख्त कार्रवाई कर दिलेरी दिखाने के बजाय लीपापोती में जुटे रहे। पुलिस तब जागी जब सदर विधायक योगेश वर्मा बारिश के बाद भी कोतवाली में धरने पर बैठ गए, पुलिस अधिकारियों को खरीखोटी सुनाकर लोगों को छुड़ा ले गए। इसके बाद भी पुलिस ने सक्रियता दिखाने में कई घंटे लगा दिए और फिर विधायक के आरोपी समर्थकों पर मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कर्तव्यों की इतिश्री कर ली।



कोतवाली सदर।



कोई आंदोलन नहीं किया, लेकिन उनके कार्यकर्ताओं और कुछ नजदीकी लोगों का पुलिस ने उत्पीड़न किया। वह अपनों की रक्षा के लिए आंधी-बारिश व सुख दु :ख में हर समय खड़े होने को तत्पर रहते हैं, इसलिए कोतवाली गए और अपनों के सम्मान की खातिर जमीन पर बैठ गए थे। पुलिस गलत थी, इसलिए उसे सभी को छोड़ना पड़ा।
**-योगेश वर्मा**, विधायक- सदर।



रघुनाथपुरवा मामले में पांच लोगों को हिरासत में लिया गया था। सभी का शांति भंग में चालान भेजा है। वहीं एलआरपी चौकी में मारपीट करने वालों पर भी पीड़ित गोविंद सिंह की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दोनों घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।
**-अंबर सिंह**, प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली सदर।

### पहला मामला: रघुनाथपुरवा में बैकबुट पर आई पुलिस

रघुनाथपुरवा गांव में दो माह पहले विवेक हत्याकांड के आरोपी जेल से जमानत पर छूटकर आए और शनिवार की शाम करीब पांच बजे घर के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवा रहे थे। इसी बात पर वादी पक्ष से विवाद हो गया। सूचना पर सदर पुलिस के साथ महिला थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बीचबचाव के दौरान विवेक हत्याकांड के वादी पक्ष से झड़प के दौरान पुलिस की जान और इज्जत पर बन आई। इस दौरान एक महिला सिपाही की वर्दी फट गई और हालात इतने खराब हो गए कि महिला एसओ को मौके से भागना पड़ा। इससे वहां की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है, लेकिन पुलिस न सिर्फ वर्दी का बटन टूटने की बात कहती रही, बल्कि मामले में सिर्फ शांति भंग की ही कार्रवाई कर इतिश्री कर ली।

### दूसरा मामला: विधायक को मनाने के लिए चौकी में उत्पात करने वालों को छोड़ा

शनिवार की शाम थाना व कस्बा खीरी के मोहल्ला अरनी खाना निवासी गोविंद कुमार सिंह अपने साथी गोपेश कुमार के साथ किसी काम से एलआरपी चौराहा गया था। वहां दोनों की किसी बात को लेकर शहर के मोहल्ला गोविंदनगर निवासी निखिल वर्मा, बड़खेरवा निवासी शिवा वर्मा, ऋषभ वर्मा और राजापुर निवासी अमित वर्मा से विवाद हो गया था। इस पर नाराज चारों आरोपियों ने गोविंद कुमार सिंह और उसके साथी गोपेश कुमार की लात-घूसों और बेल्टों से जमकर पिटाई कर दी थी। किसी तरह से जान बचाकर भागे दोनों युवक एलआरपी पुलिस चौकी पहुंचे तो पीछे से हमलावर भी आ गए और दोनों की पुलिस के सामने बेल्टों से जमकर पिटाई की थी। एलआरपी चौकी पुलिस ने चारों आरोपियों को हिरासत में लिया था और कोतवाली ले आई थी। दोनों घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा था। अपनी नजदीकी आरोपियों के पकड़े जाने की सूचना पर पहुंचे सदर विधायक कोतवाली में बारिश के बीच धरने पर बैठ गए थे। इस पर पुलिस को मजबूरन हिरासत में लिए गए चौकी में उत्पात करने वालों को छोड़ना पड़ा।

### चोरी का सामान बरामद, एक गिरफ्तार

**मैगलगंज, अमृत विचार :** 10 दिन पहले गांव खखरा नई बस्ती स्थित मकान से हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर चोरी हुआ सामान भी बरामद होने का दावा किया है। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया कि 23 फरवरी की रात गांव नई बस्ती खखरा निवासी चंदन के मकान में चोर घुस गए थे और सोने-चांदी के जेवरात और 15 हजार की नगदी चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने खखरा नई बस्ती निवासी अक्षय को गिरफ्तार कर एक जोड़ी पायल और पांच सौ रुपये की नगदी बरामद की है। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

# अनुबंधित बस की टक्कर से बच्ची समेत तीन की मौत

## रोडवेज की अनुबंधित बस की टक्कर से ई-रिक्शा के उड़े परखचे, हादसे में चार लोग घायल

**संवाददाता, मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी)**

- एक महिला की मौके पर मौत, तीन साल की बच्ची व युवती ने शाहजहांपुर ले जाते समय तोड़ा दम

**अमृत विचार:** मोहम्मदी-गोला मार्ग पर सोमवार की शाम भीषण हादसा हो गया। दिलावरपुर के पास रोडवेज की अनुबंधित बस ने ई-रिक्शा को सामने से टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। हादसे में ई-रिक्शा पर सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन साल की बच्ची और युवती ने शाहजहांपुर अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। चार घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

मोहम्मदी से एक ई-रिक्शा सवारियों को लेकर गांव दिलावरपुर की तरफ जा रहा था। दिलावरपुर मोड़ के पास सामने से गोला की तरफ से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज की अनुबंधित बस ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। ई-रिक्शा पर चालक समेत छह सवारियां थीं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा के उड़े परखच्चे सड़क पर बिखर गए। हादसे में ई-रिक्शा में सवार बलिया जिले के गांव सिसोटर निवासी बुचिया देवी (55) की मौके पर मौत हो गई, जबकि ई रिक्शा चालक दिलावरपुर निवासी मुजीब (27), रुखसाना (37) अर्सलान (3) व आलिया (3) रवीना (26) और महरुन्निसा (32) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। चालक बस मौके पर छोड़कर भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को अस्पताल लाई, जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया। शाहजहांपुर ले जाते समय दिलावरपुर निवासी रवीना (21) पुत्री शमशुल और तीन साल की आलिया ने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक आलिया की मां रुखसाना की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर किया गया है। जबकि महरुनिशान पत्नी युसुफ निवासी दिलावरपुर को बरेली अस्पताल भेजा गया है। चालक का शाहजहांपुर में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बस कब्जे में ले ली है। मंगलवार को शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।


गोमती मोड़ पर ई-रिक्शा से टकराई अनुबंधित बस।


घटना के बाद क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा।

### मोहम्मदी दवा लेने आई थी बुचिया देवी

जिला बलिया के ग्राम सिसोटर निवासी बुचिया देवी अपनी पुत्री के घर ग्राम दिलावरपुर आई थी। तबीयत खराब होने के कारण वह सुबह मोहम्मदी में दवा लेने आई थी। दवा लेकर ई-रिक्शा पर सवार होकर घर वापस जा रही थी। तभी हादसा हो गया।

हादसे में तीन साल की बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हुई है। बस को कब्जे में लिया गया है। घायलों का इलाज चल रहा है। मंगलवार को शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।
**-चंद्रशेखर सिंह**, प्रभारी निरीक्षक- मोहम्मदी


हादसे के बाद मौजूद पुलिस बल व मौके पर एकत्र लोग। • अमृत विचार

### महिला ने दहेज उत्पीड़न का लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**पसगवां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के कस्बा बरवर के मोहल्ला शास्त्री नगर की एक विवाहिता ने ससुराल वालों पर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न करने पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

खीरी थाने के मोहल्ला औंधीटोला निवासी जगदीश प्रसाद गुप्ता की बेटी वैशाली की शादी पांच वर्ष पहले बरवर के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी दिलीप गुप्ता के पुत्र अर्पित के साथ हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वालों ने परेशान करना शुरू कर दिया। अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। एक सप्ताह पहले उसके साथ मारपीट की गई। उसने घर से जाने की कोशिश की तो उसे बंद कर दिया गया। एक पड़ोसी ने उसके मायके फोन कर बताया। तब उसके भाई आकर उसे ले गए। पति अर्पित, सास मंजू, ननद अर्पिता और देवर अंकित के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# गड़ा धन निकालने का झांसा देकर 2.46 लाख रुपये ठगे

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

- ठगों ने असली नोट बदल कर गड्ढे में रख दिए नकली चूरन वाले नोट

**अमृत विचार:** घर के अंदर गड़ा धन निकालने का झांसा देकर चार युवकों ने थाना फूलबेहड़ के गांव जदीदपुरवा निवासी एक महिला से 2.46 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने दो लोगों को नामजद कर दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव जदीदपुरवा निवासी लालती देवी पत्नी बालेश्वर ने बताया कि एक माह पहले इसी थाना क्षेत्र के गांव मंगलीपुरवा निवासी युनुस उर्फ कुटन्ने अपने रिश्तेदार फन्ने अली निवासी ग्राम मिर्जागंज और अन्य दो अज्ञात लोगों को लेकर उसके घर आया। घर में गड़े धन (सोना) की बात बताई और कहा कि हमारे पास ऐसे बाबा हैं जो तुम्हारे घर में गड़ा धन (15 किलो सोना) निकाल लेंगे। आरोप है कि यूनुस उर्फ कुटन्ने ने अज्ञात व्यक्ति को 35 हजार रुपये दिलवा दिए। उसके बाद यूनुस उर्फ कुटन्ने के साथ आए व्यक्तियों ने कहा की घर में पूजा होगी, जिसमें 2,11,000 रुपये नगद रखना पड़ेगा, तभी सोना निकलेगा। 23 फरवरी 2024 को सभी आरोपी उसके घर आए। रात करीब 11 बजे पूजा पाठ के बहाने 2,11,000 रुपये लाल कपड़े में बांधवाकर घर में गड्ढा खोदकर रखने की बात कही तो उसने आरोपियों को रुपये दे दिए।

आरोपियों ने उसे पानी लेने के लिए भेज दिया। इस बीच चूरन वाले नोट उसी कपड़े में बांध दिए। वह पानी लेकर आई तो उसके सामने लाल कपड़ा जमीन में गाड़ दिया और एक घंटा इंतजार करने की बात कही। सभी आरोपी बहाना बनाकर चले गए। उसने लाल कपड़ा खोला तो उसमें चूरन वाले नोट रखे थे। एसओ आलोक धीमान ने बताया कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच की जा रही है।

### राज्य कर्मचारी छह को करेंगे सत्याग्रह आंदोलन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष महंत सिंह ने बताया कि कर्मचारी हित को लेकर छह मार्च को नसीरुद्दीन मौजी मैदान में सत्याग्रह आंदोलन होगा। उन्होंने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली, आठवें वेतन आयोग व स्थाई राष्ट्रीय वेतन आयोग के गठन, संविदा एवं आउटसोर्सिंग सहित दैनिक वेतन भोगी, प्रोजेक्ट कर्मचारियों को उसी स्थान पर नियमित करने को लेकर रायपुर में बैठक हुई, जिसमें छह मार्च को देशभर में सत्याग्रह आंदोलन कर डीएम के माध्यम से पीएम और सीएम को ज्ञापन भेजने का निर्णय लिया गया। इस क्रम में बुधवार दोपहर सत्याग्रह आंदोलन के बाद पीएम मोदी और सीएम योगी का संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा जाएगा।

# घर-घर बिक रही अवैध शराब से बढ़ रहे महिला अपराध

**संवाददाता, सिंगाही**


- पहले भी दुष्कर्म के बाद हत्या की हो चुकी हैं वारदातें
- किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म की घटना से लोगों में आक्रोश

**अमृत विचार:** थाना सिंगाही क्षेत्र के तमाम गांव अवैध शराब का गढ़ बने हुए हैं। इन गांवों में खुलेआम शराब परोसी जा रही है। घर-घर बिक रही शराब के साथ ही क्षेत्र में महिला अपराध भी बढ़े हैं, लेकिन पुलिस की ढिलाई से इस पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। रविवार की शाम किशोरी से हुई सामूहिक दुष्कर्म की वारदात के बाद से लोगों में काफी गुस्सा है।

थाना सिंगाही क्षेत्र का अधिकांश क्षेत्र दुधवा नेशनल पार्क के बफरजोन से घिरा हुआ है। इस क्षेत्र में पुलिस भी कभी कभार तब पहुंचती है जब कोई शिकायती पत्र आया हो या फिर कोई वारदात हुई है। क्षेत्र के अधिकतर गांवों में घर-घर अवैध शराब परोसी जा रही है, जिससे अन्य अपराधों के साथ ही महिला अपराध बढ़ा है। पुलिस इस शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लगा पा रही है।

थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीय किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म की वारदात के बाद क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। वह अपने घरों की महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित हैं। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार की रात किशोरी से दुष्कर्म करने वाले दोनों किशोरवय आरोपी शराब भी पीते हैं। इससे पहले भी क्षेत्र में बच्चियों और किशोरियों से दुष्कर्म की वारदातें हो चुकी हैं। पिछले अक्टूबर में मदरसे में पढ़ने गई एक 12 साल की बालिका को एक युवक ने दबोच लिया था और दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी थी। बालिका का शव गन्ने के खेत में बरामद हुआ था। इससे पहले इसी थाना क्षेत्र के एक गांव में छह वर्षीय बालिका की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। उसका भी शव गन्ने के खेत में बरामद हुआ था।


इस हैंडपंप पर पानी भरने आई थी बालिका।


गांव में छानबीन करती पुलिस। • अमृत विचार

### मनचले ने बालिका से की छेड़छाड़

**सिंगाही।** थाना सिंगाही क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि रविवार को उसकी 10 साल की पुत्री परचून की दुकान पर सामान लेने गई थी। वापस घर आते समय युवक ने पुत्री को रोक लिया और रुपये देने का लालच देकर उसके साथ छेड़छाड़ की। बालिका ने घर जाकर घटना बताई तो उसका भाई आरोपी के घर पहुंचा और विरोध जताया। इस पर आरोपी और उसकी मां ने बालिका के भाई की पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित महिला ने आरोपी और उसकी मां के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने घायल युवक को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि मामला मारपीट है। छेड़छाड़ का आरोप गलत है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

बदहाली

## ग्राम प्रधान के घर तक जाने वाले कच्चे मार्ग पर भरा है दलदल, निकलने में होती है दिक्कत

# ग्राम पंचायत हरदुआ में नहीं इंटरलॉकिंग, खड़ंजा और पक्की नाली

**संवाददाता, कुकरा**

**अमृत विचार:** बांकेगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत हरदुआ के वाशिंदे मौलिक अधिकारों से वंचित हैं। इनको आवास, विकास, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग, पक्की नाली की दरकार है। ग्राम ढाका के वाशिंदे अब भी कच्चे एवं दलदल, खस्ताहाल मार्गों से निकलने को मजबूर हैं।

देश की आजादी के सात दशक बाद भी ग्रामीण छप्परनुमा झोपड़ी में रहने और कच्चे एवं कच्चे व कीचड़युक्त मार्गों से निकलने को विवस हैं। गांव के रामचंद्र, डालचंद, पिंकू, रिंकू, रामस्वरूप, रामकिशुन, शीतला देवी, कमलेश कुमार का कहना है कि रामचंद्र के मकान से डालचंद के मकान तक मात्र 80 मीटर की लंबाई के इस कच्चे एवं खस्ताहाल मार्ग कीचड़ में तब्दील हो जाने से मोहल्ला वासियों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रधान रामकिशुन के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बीडीओ बांकेगंज, परियोजना अधिकारी को प्रार्थनापत्र सौंपने के बावजूद कच्ची सड़क गड्ढा मुक्त नहीं हो पाई।

ग्राम प्रधान रामकिशुन का कहना है कि शासन ने तीन वर्षों में 40 मीटर इंटरलॉकिंग करने का धन आवंटित किया था। उस धन को हरदुआ के विद्यालय में इंटरलॉकिंग करा दी है। प्रधान ने यह भी बताया कि तीन वर्षों में शासन से प्रधानमंत्री आवास के तहत ग्राम पंचायत में कोई आवास नहीं दिया है, जबकि उन्होंने अनेकों बार निर्धन भूमिहीन लोगों की सूची ब्लॉक के सक्षम अधिकारियों को उपलब्ध कराई, परंतु गांव के निर्धन, भूमिहीन अब भी छप्परनुमा झोपड़ी, तिरपाल डालकर जीवनयापन कर रहे हैं।


ग्राम ढाका में प्रधान के घर के सामने कच्चे मार्ग पर भरा कीचड़।


ग्राम इब्राहीमपुरी गांव में मार्ग पर भरा बरसात का पानी।

शासन ने आवास योजना के तहत 2011 में सर्वे कराया था। अब चुनाव बाद ऑनलाइन आवेदन लाभार्थी द्वारा किए जाने के बाद जांचोपरांत आवास का लाभ दिया जाएगा। इंटरलॉकिंग और पक्की नाली का निर्माण के लिए पंचायत निधि में बजट नहीं है। बांकेगंज ब्लॉक में ग्राम पंचायत हरदुआ सबसे छोटी पंचायत है। प्रधान को चाहिए कि बीडीओ, ब्लॉक प्रमुख अथवा जिला पंचायत को प्रस्ताव भेजें तो इंटरलाकिंग, पक्की नाली के लिए ब्लॉक के अधिकारी उनकी सपोर्ट करेंगे।
**-आरिफ खान**, एडीओ पंचायत बांकेगंज।


### इब्राहीमपुरी गांव में मार्गों पर जलभराव व गंदगी से परेशान ग्रामीण

**महंगापुर।** ग्राम इब्राहीमपुरी में थोड़ी बरसात से गांव के मार्गों पर नाली निर्माण न होने से जलभराव व गंदगी से ग्रामीण परेशान हैं। पलिया ब्लॉक के ग्राम इब्राहीमपुरी में जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते गांव के मार्गों पर नाली निर्माण व सफाई आदि न कराए जाने से बरसात के समय मार्गों पर जलभराव होने के कारण ग्रामवासियों को गंदे पानी व गंदगी से होकर निकलना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि नाली निर्माण आदि के साथ सफाई कर्मी भी नियमित रूप से गांव नहीं आता है, जिससे पूरे गांव में बरसात के समय गंदगी फैल जाती है। इससे ग्रामवसियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### उपभोक्ताओं के साथ घटतौली नहीं कर सकेंगे कोटेदार

**पलिया कलां, अमृत विचार :** स्थानीय तहसील सभागार में आपूर्ति निरीक्षक पलिया के नेतृत्व में कोटेदारों को ईपोज मशीनों को नवीन तौल कांटों से जोड़कर उपभोक्ताओं को राशन देने का प्रशिक्षण दिया। सभी कोटेदारों के सामने मशीन से तौल कांटा जोड़ने, निकालने और सही तौलकर राशन देने का प्रशिक्षण दिया गया। उपभोक्ताओं को पूरा राशन न मिलने और घटतौली की शिकायतें लगातार हो रहीं थीं। सरकार ने अब इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से उपभोक्ता के सामने खाद्यान्न तौले जाने की व्यवस्था की है। नई तकनीक से इलेक्ट्रॉनिक कांटे व ईपोज मशीनों को एक साथ जोड़कर राशन देने की व्यवस्था की गई है। तहसील सभागार में आपूर्ति निरीक्षक विनय कुमार पांडे की मौजूदगी में प्रशिक्षक ने कोटेदारों को मशीनों को कांटे से जोड़ना, निकालना आदि की जानकारी दी। इस दौरान क्षेत्र के करीब सभी कोटेदार मौजूद रहे।

Affiliation No. 2133588 School No. 71740
CBSE Board New Delhi
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY


For the bright future of your child join
ADMISSION OPEN
Play Group to 10th
Salient Features
• Rich Library and well equipped Chemistry Lab • Physics Lab, Bio Lab. and Computer Lab • Well Decorated Pre-Nursery wing for little Angles • Smart Badminton & Volleyball • Creative and innovative method of teaching • Ventilated and Spacious Class Rooms • Experienced, dedicated & Caring staff • Emphasis on Co-Curricular activities • Ideal Infrastructure • Special Classes for weak Students • Regular Parent-Teacher meeting • Monthly test for all subject and classes
Transport Facility on all Existing Routes.
Vision
Aim at Providing of fun filled & joyful learning experience so that the child can achieve success during the later period of their life.

Raghuveer Singh Yadav
Director
Esteemed Branches
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Behjan Road, Goomchini, Lakhimpur-Kheri
Contact No. : 9161307744, 9450218375
e-mail : vgsagoomchini@gmail.com
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Ram Nagar Colony, Lakhimpur-Kheri
Contact No. 9648812666, 9598578916
Web : www.vivekgyansthaliacademy.com

# पीडब्ल्यूडी मंत्री ने 6679.43 लाख की लागत वाली सड़कों के निर्माण को मंजूरी

## सुलभ होगा आवागमन, 50 हजार की आबादी को मिलेंगी सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने जिले के संसदीय क्षेत्र धौरहरा के अंतर्गत मोहम्मदी, कस्ता और धौरहरा विधानसभाओं के अंतर्गत 74.735 किलोमीटर मार्गों के निर्माण को मंजूरी दी है। इसके लिए 6679.43 लाख रुपये की धनराशि को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि सभी मार्ग ग्रामीण श्रेणी के हैं। जो ग्रामीण स्तर के महत्वपूर्ण खड़ंजा शून्य स्तर के कच्चे मार्ग हैं। जिस पर बरसात के समय आवागमन बाधित हो जाता है। साथ ही साथ गन्ना सत्र में भारी वाहनों के आवागमन होने से इन मार्गों की दशा निरंतर खराब हो रही थी। इन मार्गों के निर्माण होने से आम जनमानस को सुगम यातायात उपलब्ध होगा। स्थानीय कृषकों को अपनी उपज बेचने के लिए जिला मुख्यालय या अन्य स्थानों पर ले जाने में सुविधा होगी। इस प्रकार 49 मार्गों के निर्माण होने से लगभग 50 हजार स्थानीय जनता सीधे तौर पर लाभान्वित होगी।

### खीरी सीट के इन संपर्क मार्गों को भी दी मंजूरी

संसदीय क्षेत्र खीरी के अंतर्गत विधानसभा गोला में बग्घून से रजवापुर (टेढ़ेनाथ बाबा) संपर्क मार्ग, गनेशपुर-सुभाषनगर-अमीरनगर-बस्तौली-सरैया विलियम मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के किमी-23 से बांई ओर निकलकर ग्राम बग्घून तक जाता है। उक्त सम्पर्क मार्ग की स्वीकृत लंबाई 0.350 किमी एवं लागत 27.76 लाख रुपये है।



**विधानसभा कस्ताः** बेहजम ओयल रोड से ग्राम खेरवा सम्पर्क मार्ग, ओयल-बेहजम-भदूरा मार्ग के किमी 10 से दाहिनी ओर निकलकर वन विभाग कार्यालय के पास से होते हुए ग्राम खेरवा तक जाता है। फत्तेपुर ककरहा मार्ग से अहिरी वाया रामपुर रामदास संपर्क मार्ग, लखीमपुर मैगलगंज मार्ग से दांई ओर निकलने वाले फत्तेपुर ककरहा मार्ग के किमी-6 से बांई ओर निकलकर रामपुर रामदास ग्राम होते हुए अहिरी तक जाता है। ग्राम वलीपुर से मैगलगंज कपासी संपर्क मार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-24 के किमी-376 से बांई ओर निकलकर वलीपुर ग्राम से मैगलगंज कपासी मार्ग तक जाता है। ग्राम बोझिया से रावनकलां वाया शिवपुरी संपर्क मार्ग, फतेहपुर ककरहा आदि मार्ग हैं।

**विधानसभा मोहम्मदी :** एनएच-730 ए से कचनार होते हुए पकरिया संपर्क मार्ग, एनएच-730ए के किमी-27 के दांए से निकलकर ग्राम कचनार होते हुए ग्राम पकरिया को जाता है। सल्लिहा पसगवॉ मार्ग से कंधरापुर तक संपर्क मार्ग, जेबीगंज मोहम्मदी मार्ग के किमी-16 के दांए से निकलकर ग्राम कन्धरापुर को जाता है। यह संपर्क मार्ग की स्वीकृत लंबाई 0.730 किमी एवं लागत 54.33 लाख रुपये है।

ग्राम मुर्तिजा अलीनगर से बिझौली सहसपुर संपर्क मार्ग, जेबी गंज मोहम्मदी मार्ग के किमी-12 के दाएं निकलने वाले मुर्तिजा अलीनगर संपर्क मार्ग के अंतिम से निकलने वाले मजरापासी संपर्क मार्ग के किमी-1 से निकलकर ग्राम बिझौली सहसपुर को जाता है। ग्राम कैमहरा से भोगियापुर संपर्क मार्ग, गोला-शाहजहांपुर मार्ग (राज्य मार्ग-93) के किमी0-30 के बांए से निकलने वाले गुलौली बोधी मार्ग के किमी-2 से निकलने वाले कैमहरा संपर्क मार्ग के किमी-3 से दांए निकलकर ग्राम भोगियापुर को जाता है। उक्त संपर्क मार्ग की स्वीकृत लंबाई 1.050 किमी एवं लागत 100.31 लाख रुपये है। ग्राम बरा से टेंगुनखुर्रमनगर तक संपर्क आदि मार्ग हैं।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता, बांकेगंज

- महिला की मौत के बाद घर से फरार हुए आरोपी, चार वर्षीय मासूम हो गया अनाथ

**अमृत विचारः** मैलानी थाना क्षेत्र के बांकेगंज में पुलिस चौकी क्षेत्र में गांव गंगापुर में विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर मारपीट कर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने नायब तहसीलदार की मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

मृतका के भाई धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व उसने अपनी बहन मीरा (25) का विवाह पड़ोस के गांव गंगापुर में ऋषिराम पुत्र जगन्नाथ के साथ किया था। एक वर्ष बाद ही एक गंभीर बीमारी से उसके बहनोई की मृत्यु हो गई। बहनोई की मृत्यु के बाद मीरा के ससुराल वाले आए दिन उसे प्रताड़ित करने लगे। बड़ी बहन मछला जब उसकी मदद करने लगी तो उसके यहां भी आना-जाना बंद कर दिया। रविवार शाम सात बजे गंगापुर में ब्याही उसकी दूसरी बहन मछला देवी ने फोन पर सूचना दी कि मीरा से उसके ससुराल वाले मारपीट कर रहे हैं। वह तत्काल ही गंगापुर मीरा के ससुराल पहुंचा। ससुराल में जाकर उसने देखा कि उसकी बहन मीरा तख्त के नीचे मरी पड़ी है तथा उसकी सास मौजूद थी। घर के बाकी सदस्य नदारद थे।

बहन के शरीर पर जले तथा चोट के निशान थे। पुलिस घटना स्थल पर रात में ही पहुंच गई थी, परंतु मायके वालों ने तुरंत रिपोर्ट लिखने और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए शव को उठाने नहीं दिया। सुबह पुलिस ने तहसीलदार भानुप्रताप की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के भाई ने पुलिस को दिए प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया है कि ससुर जगन्नाथ, जेठ इंद्रजीत, चुन्नी, उषा दोनों ननदे व नंदोई लक्ष्मण ने मिलकर मीरा को मार दिया है। मृतका मीरा देवी का 4 वर्ष का पुत्र कार्तिक है जो अनाथ हो गया।

एसओ मैलानी राजेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्टआने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बने-अधबने असलहे व उपकरण बरामद, दो गिरफ्तार



अवैध असलहा फैक्ट्री के मुल्जिमों की जानकारी देते एएसपी पवन गौतम।

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली धौरहरा पुलिस और स्वॉट टीम ने खगिया नदी के किनारे एक झोपड़ी पर छापा मारा। इस दौरान पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 12 बने, 50 अधबने तमंचा और असलहा बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

एएसपी पूर्वी पवन गौतम ने बताया कि कोतवाली धौरहरा पुलिस ने स्वॉट टीम के साथ रविवार की शाम करीब छह बजे खगियापुर नदी के किनारे खाली जमीन पर बनी एक झोपड़ी पर छापा मारा। इस दौरान पुलिस टीम ने असलहा बनाते हुए किशोरी लोध निवासी खगियापुर और रफीक उर्फ रम्पत निवासी रामनगर लहबड़ी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से 11 तमंचा, एक बंदूक, 50 अधबने तमंचा, 55 नाल, एक कारतूस खोखा, एक एयर मशीन, लोहे का ठीहा, फिटिंग मशीन, गैस लाइटर, ड्रिल मशीन आदि उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों का चालान भेजा है।

आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें
शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट
डा.शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया बरेली
9837023223

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084



डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

# अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic

डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ

- रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
- 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें

विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ●खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।

शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें

सैक्स समस्यायें
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
- शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
- हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
- इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
- वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
- योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)

विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 10 मार्च 2024, रविवार
24 मार्च 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# अंग्रेजी के पेपर में परीक्षार्थियों की कंट्रोल रूम से निगरानी

## अंग्रेजी के पेपर में 3525 और भौतिक विज्ञान के पेपर में 731 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहीं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा के तहत सोमवार को मुख्य रूप से पहली पाली में हाईस्कूल के अंग्रेजी और दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के भौतिक विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। अंग्रेजी के पेपर में 3525 और भौतिक विज्ञान के पेपर में 731 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहीं। अंग्रेजी के पेपर के दौरान अतिरिक्त एसडीएम रेणू मिश्रा मॉनीटरिंग सेल में उपस्थित रहकर परीक्षा कक्षों की निगरानी करती रहीं तो वहीं मंडलीय सचल दल ने जिले में आकर दोनों पालियों में 10 केंद्रों पर छापा मारा।

इस दौरान कुछ केंद्रों पर कक्ष निरीक्षक बिना परिचय पत्र के ड्यटी करते मिले। इस पर केंद्र मंडलीय सचल दल प्रभारी ने नाराजगी जताकर अपने सामने परिचय पत्र लगवाए। सोमवार को पहली पाली में हाईस्कूल के अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। इसमें 51739 छात्र छात्राएं पंजीकृत थे, जिसमें से 48214 उपस्थित और 3525 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहीं। वहीं इंटरमीडिएट के कंप्यूटर विषय के पेपर में पंजीकृत 677 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 650 ने ही परीक्षा दी, जबकि 27 गैर हाजिर रहे।

कृषि वनस्पति विज्ञान के पेपर में 1255 पंजीकृत छात्रों में से 1208 ने ही परीक्षा दी। वहीं कृषि अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा में पंजीकृत 1078 छात्रों के सापेक्ष 1060 उपस्थित और 18 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली भौतिक विज्ञान के पेपर में 18494 छात्र छात्राएं पंजीकृत थे। इसमंछ से 17763 उपस्थित और 731 अनुपस्थित रहे। जबकि मनोविज्ञान के पेपर में पंजीकृत 227 के सापेक्ष 222 और शिक्षाशास्त्र में पंजीकृत 6487 के सापेक्ष 5991 एवं तर्कशास्त्र में पंजीकृत 36 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 35 ने परीक्षा दी और एक अनुपस्थित रहा।


मॉनीटरिंग सेल से परीक्षा कक्षों का जायजा लेतीं सेल प्रभारी अतिरिक्त एसडीएम रेणू मिश्रा।


जीजीआईसी इंटर कॉलेज में इंग्लिश का पेपर दे कर निकलतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### मॉनिटरिंग सेल से एसडीएम ने परीक्षा केंद्रों पर रखी नजर

पहली पाली में हाईस्कूल के अंग्रेजी और दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के भौतिक विज्ञान के पेपर को लेकर माध्यमिक शिक्षा विभाग ही नहीं जिला प्रशासन तक सजग रहा। परीक्षा सकुशल और नकलविहीन संपन्न हो, इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से अतिरिक्त एसडीएम रेणू मिश्रा मॉनिटरिंग सेल में मौजूद रहकर परीक्षा कक्षों की निगरानी करती रहीं।

> सोमवार को पहली और दूसरी पाली के पेपर में 10 केंद्रों सहित डीआईओएस कार्यालय के मॉनीटरिंग सेल एवं कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इसके अलावा कुछ केंद्रों से कनेक्टिविटी परखी गई जो सही मिली। स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज एवं जेडी इंटरनेशल कॉलेज में कक्ष निरीक्षक बिना परिचय पत्र लगाए ड्यूटी करते मिले। इस पर कक्ष निरीक्षकों को परिचय पत्र लगाकर ही ड्यूटी करने के लिए निर्देशित किया गया।
> –**डॉ. दिनेश कुमार जायसवाल**, मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी एवं मंडलीय सचल दल प्रभारी।

### मंडलीय सचल दल ने 10 केंद्रों का किया निरीक्षण

मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार जायसवाल ने टीम के साथ पहली पाली में युवराज दत्त इंटर कॉलेज ओयल, स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज टोडकपुर, गुरुनानक इंटर कॉलेज सहित राजकीय इंटर कॉलेज लखीमपुर का निरीक्षण किया। टीम ने केंद्रों पर बने मॉनीटरिंग सेल से स्ट्रांग रूम के खोलने और बंद करने का रिकार्ड देखा। स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में कक्ष निरीक्षक के पहचान पत्र न लगाए मिलने पर नाराजगी जताकर ड्यूटी के दौरान इसे लगाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद डीआईओएस कार्यालय आकर मॉनीटरिंग सेल से उत्तर पुस्तिकाओं की पैकिंग देखकर कंट्रोल रूम का हाल देखा। वहीं दूसरी पाली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज लखीमपुर, किसान इंटर कॉलेज फरधान, जेडी इंटरनेशनल कॉलेज करनपुर आदि में छापा मारा। टीम में आशाराम चौधरी, शिवकुमार वर्मा, वंदना तिवारी एवं नीलिमा द्विवेदी मौजूद रहीं।

## सार-संक्षेप

### कुत्तों के हमले से घायल हुआ हिरण



**रजागंज।** गोला लखीमपुर मार्ग के गांव निपनिया हर्रैया मोड़ के पास सोमवार की सुबह जंगल से निकलकर आए हिरण को कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। घायल हिरण को देख ग्रामीण गुड्डू, बृजकिशोर, प्रेम कुमार, फारूक अली ने हिरण को कुत्तों से छुड़ाकर गोला रेंज के वनकर्मियों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे फारेस्टर अंकित सिंह, वीट वाचर अभय सिंह ने घायल हिरण का प्राथमिक उपचार कराकर गोला के कम्पार्टमेंट नंबर पांच के जंगल में छुड़वा दिया। अंकित सिंह ने बताया कि हिरण हमेशा विचरण करते रहते है। खेतों में इस समय हरी फसलें खड़ी हैं। गन्ना की आड़ पाकर चारे की तलाश में निकल जाते हैं। मामूली चोट थी, उपचार के बाद उसे पुन: जंगल में छोड़ दिया गया है।

### बहनोई के घर दवा लेने गया युवक लापता



**बांकेगंज।** मैलानी थाना क्षेत्र के बांकेगंज पुलिस चौकी अंतर्गत सुभानपुर गांव निवासी अजय कुमार ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका भाई प्रभात कुमार पुत्र स्व. विजयपाल कुकरा में रहने वाले बहनोई वीरपाल के घर दवा लेने एक मार्च को गया था। तीन मार्च को जब सुबह चार बजे उठा तो बहनोई ने पूछा कि कहां जा रहे हो तो उसने पानी पीने की बात कही और बाहर चला गया। थोड़ी देर बाद बहनोई ने देखा तब वह दिखाई नहीं दिया। इस पर उन्होंने इधर-उधर देखना शुरू किया परंतु कहीं पता नहीं चला। रिश्तेदारियों में भी उसकी तलाश की परंतु कोई पता नहीं चला है। परिवार वालों ने बताया कि प्रभात कुमार मानसिक मंदित है, जिसका इलाज चल रहा है। प्रभात के लापता होने पर उसकी पत्नी अंजू और दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### नगरपालिका अध्यक्ष ने देखीं महाशिवरात्रि की तैयारियां



**गोला गोकर्णनाथ।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने महाशिवरात्रि के पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए नीलकंठ मैदान एवं तीर्थ का निरीक्षण कर तैयारियों को देख कर साफ-सफाई, फैन्सी लाइट के साथ सजावट करने तथा तीर्थ को स्वच्छ जल से पूर्ण करने के साथ श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो इसके लिए नगर पालिका कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। युवा भाजपा नेता धर्मेंद्र गिरि मोंटी, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, कुंभी मंडल अध्यक्ष रविंद्र कटियार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, मोहित गिरि, अमित श्रीवास्तव, मोहित अवस्थी, गौरव ज्ञान त्रिपाठी, सफाई नायक नरेश सहित अनेक पालिका कर्मी मौजूद रहे।

### नमो युवा चौपाल में गिनाई सरकार की योजनाएं



**गोला गोकर्णनाथ।** केंद्र सरकार एवं प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा चलायी जा रही महत्वकांक्षी योजना नमो युवा चौपाल योजना के तहत विधायक अमन गिरि ने विधानसभा गोला के ब्लॉक कुंभी के गांव राजगढ़, परासन, बढ़ैयाखेड़ा, देविहाना में नमो युवा चौपाल में विधायक अमन गिरि ने केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित की अत्यंत महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार में प्रदेश एवं देश विकास के पथ पर नित नए आयाम स्थापित कर रही है। विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्र, केके शुक्ला, आत्मानंद शुक्ला, संजय सिंह, पप्पू प्रधान, अमरसिंह, कुलदीप शर्मा, सुचित प्रताप सिंह, इंद्रजीत सिंह लाडी, जुबेर खान आदि कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालत में युवक की मौत, सड़क किनारे मिला शव

संवाददाता, निघासन

● **वाहन की टक्कर से मौत होने का संदेह, रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार:** निघासन-सिंगाही मार्ग पर सरयू पुल के पास सोमवार सुबह एक युवक का शव पड़ा देखे जाने से सनसनी फैल गई। मौके पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराई तो उसकी शिनाख्त ठाकुरपुरवा मजरा बैलहा निवासी राजकिशोर (45) के रूप में हुई। वह रविवार की शाम बहन के घर सिंगाही पैदल जाने के लिए घर से निकला था। आशंका जताई जा रही है कि किसी वाहन की टक्कर से उसकी मौत हुई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सोमवार सुबह कुछ लोगों ने सिंगाही मार्ग पर सरयू पुल के पास सड़क पर एक शव पड़ा देखा। इससे मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई तो पहचान ठाकुर पुरवा मजरा बैलहा निवासी राजकिशोर (45) के रूप में हुई। शव मिलने की खबर पर मृतक के घर में कोहराम मच गया।

रोते-बिलखते परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। मृतक के भाई रामस्वरूप ने बताया कि उनका भाई राजकिशोर मेहनत मजदूरी करता था। वह लखनऊ से शनिवार की देर रात वापस निघासन आया था। रविवार को निघासन से पैदल सिंगाही बहन के घर जा रहे थे। मृतक राजकिशोर की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। उन्होंने किसी वाहन की टक्कर से भाई की मौत होने का संदेह जताया है। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक एसके मिश्रा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत हादसे में होने प्रतीत हो रहा है। शव का पोस्टमार्टम कराया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की सही वजह पता चल सकेगी।

### 20 दिनों में तीन शव बरामद, नहीं खुला राज

**निघासन।** निघासन थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में 20 दिन के भीतर अब तक तीन शव बरामद हो चुके हैं, जिसमें से दो मामले ऐसे हैं, जिनमें हत्या का संदेह है। इसके बाद भी पुलिस ने अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है।निघासन थाना क्षेत्र के ग्राम खैराहनी निवासी मुनेश कुमार (22) पुत्र शिव पूजन का शव 17 फरवरी को उसके घर के बाहर संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ था, जिसमें परिजनों ने हत्या की आंशका जताई थी और तहरीर दी थी। उसके बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आई थी। पुलिस ने मामले में करीब चार लोगों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया था। उसके बाद से यह घटना पुलिस ने ठंडे बस्ते में डाल दी। निघासन के मोहनलाल पुरवा (गोविंद पुरी) पृथ्वी पाल 48 का शव सिंगाही रोड पर झाड़ियों में चार दिन बाद बरामद हुआ था। उसमें भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेड इंजरी तथा रीढ़ की हड्डी टुटी होने की पुष्टि हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार दुर्घटना से मृत्यु होना स्पष्ट होता है, जिसमें तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई, लेकिन कार्रवाई शून्य है। तीसरा शव सोमवार को सिंगाही मार्ग पर सरयू पुल के निकट सड़क पर बरामद हुआ है।

### चीनी मिल में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह आरंभ

**पलिया कलां, अमृत विचार:** बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल पलिया कलां में इकाई प्रमुख ओपी चौहान ने कर्मचारियों को बैच लगाकर राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का आरंभ किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह 4 मार्च से 10 तक मनाया जाएगा। सुरक्षा सप्ताह के प्रथम दिन सोमवार को उन्होंने कर्मचारियों को बैच लगाकर सभी से पूर्ण सुरक्षा बरते जाने की बात कही। इस मौके पर सभी कर्मचारियों ने सुरक्षा दिवस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए बैज लगाए। जगह-जगह बैनर ,पोस्टर लगाए गए। शुभारंभ के अवसर पर डिस्टलरी हेड यूपी सिंह, केन हेड राजीव तोमर आदि उपस्थित रहे।

# बजाज हिंदुस्थान मिल ने मिट्टी जांच को चलाया अभियान

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● **गन्ना बोने वाले खेतों का कराएंगे मृदा परीक्षण**

**अमृत विचार:** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड के अधिकारियों ने मिल क्षेत्र के ग्रामों में कृषकों के खेतों पर जाकर प्रख्यात देहात कंपनी के माध्यम से खेत पर मृदा परीक्षण डिवाइस द्वारा मिट्टी के नमूने लेकर खेत पर ही कृषकों को मृदा कार्ड उपलब्ध कराया।

ग्राम नगरा सलेमपुर में चीनी मिल के कर्मचारी एसके मिश्रा, रावेंद्र वर्मा, राहुल यादव के नेतृत्व में कृषक हरविंदर सिंह, गुरविंदर सिंह सहित तमाम किसानों के खेतों में मृदा परीक्षण कराया गया। किसानों को खेत पर ही डिजिटल मृदा कार्ड उपलब्ध कराया। चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना पीएस चतुर्वेदी ने बताया कि मृदा परीक्षण कराने के इच्छुक कृषक मिल कर्मचारियों, अधिकारियों से तत्काल संपर्क करके मृदा परीक्षण अवश्य करा लें। यह पैदावार बढ़ाने में मददगार साबित होगा और अनावश्यक उर्वरक प्रयोग से होने वाले खर्च से बचत होगी। किन तत्वों की मिट्टी में कमी है और उसकी भरपाई के लिए क्या किया जाए इसकी जानकारी टीम द्वारा दी जा रही है। श्री चतुर्वेदी ने यह भी बताया कि मृदा परीक्षण कृषि के लिए एक प्रभावशाली साधन है।

यह गुणवत्ता और पैदावार बढ़ाने के लिए आवश्यक सूचनाएं देता है। मृदा परीक्षण भूमि में पहले से उपस्थित पोषक तत्वों का लाभ उठाते हुए फसल की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उर्वरक की उचित और पर्याप्त मात्रा में खुराक का अनुप्रयोग सुनिश्चित करेगा।


मृदा परीक्षण के लिए खेत से मिट्टी खोदवाते चीनी मिल के अधिकारी। ● अमृत विचार

### पुलिस से शिकायत करने पर दे दिया तीन तलाक

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** मोहल्ला नीची भूड़ निवासी शहेर बानो ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है। 24 जून 2018 को उसके भाइयों ने उसका निकाह नीमगांव थाना क्षेत्र के हांव बिलहरी निवासी अरशद उर्फ गुड्डू पुत्र सदरुद्दीन से किया था। उसकी सास हाशिमा, ससुर सदरुद्दीन, देवर, जेठ और ननद ने अतिरिक्त दहेज में 50 हजार रुपये नगद और बाइक की मांग करने लगे। उसके भाई मांग पूरी न कर पाए तो उसे तीन अक्टूबर 2023 को मारपीट कर घर से भगा दिया। उसने 31 दिसंबर को पुलिस में तहरीर दी पर सुनवाई नहीं हुई। उसी दिन शाम को उसका पति उसकी ननिहाल पहुंचा और समझौते का दबाव बनाया। समझौता न करने पर तीन तलाक दे दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति अरशद उर्फ गुड्डू, सास हाशिमा, ससुर सदरुद्दीन, देवर सब्बू, जेठ सोनू, मोनू, ननद जेबा, देवरानी जानिया, जेठानी शाहीन के नाम रिपोर्ट दर्ज की है।

### मंदिर में आए श्रद्धालुओं को भगाने का वीडियो वायरल

**निघासन।** क्षेत्र के ग्राम नन्हौआ में प्राचीन राम सीता मंदिर और उसकी संपत्ति पर गांव के कुछ लोगों की नजर है। जिस कारण मंदिर पर एक साल से ताला लगा है। मंदिर पर आने-जाने वाले लोगों को गाली देकर भगाया जाता है। गाली देकर एक साधु को भगाए जाने का वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा। यह वीडियो कोतवाली निघासन क्षेत्र ग्राम नन्हौआ मजरा मूडा बुजुर्ग का बताया जाता है। यहां राम-सीता का प्राचीन मंदिर है। मंदिर के सरवराकार ब्रह्माचार्य हरि स्वरूप थे। बताते हैं कि उनके निधन के बाद उनके भतीजे मोहन तिवारी को सरवराकार बनाया गया। मंदिर के नाम करीब 14 एकड़ जमीन है। गांव के ही कुछ लोगों की मंदिर की संपत्ति पर नजर है। जिस कारण संपत्ति पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीण बताते हैं कि मंदिर की सम्पत्ति का लखीमपुर कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है। मंदिर की सम्पत्ति कब्जा करने की नीयत से गांव के कुछ लोगों ने कोर्ट में मुकदमा किया था। मामला उस समय चर्चा में आया। गांव का एक युवक मंदिर में जाकर बाबा को भगाने लगा और गाली गलौज करने लगा। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सोमवार से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो का झण्डी पुलिस ने संज्ञान लिया है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि वीडियो संज्ञान में है। मामले की जांच कराई जा रही है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मेरे बेटे के सेना दस्तावेज नं. 3205085X हवलदार जगदीश, में मेरा सही नाम Om vir Singh है, Ombir नहीं, कृपया इसे मेरे बेटे के सेना रिकॉर्ड में सही करें। **ओम वीर सिंह पुत्र हरिराम निवासी गांव व पोस्ट घरौंट तहसील हथीन, जिला पलवल, हरियाणा।**

**सूचना**
मेरे पुत्र के सभी शैक्षिक प्रमाण-पत्रों में मेरा नाम Kailash Chander व मेरी पत्नी का नाम Kalpana Diwakar व मेरे पुत्र का नाम Kartikey Choudhary दर्ज है जो कि गलत है जबकि सही नाम Kailash Chandra पत्नी का नाम Kalpna Dewaker व पुत्र का नाम Kartikeya Chaudhary है। मेरे पुत्र के सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों में उक्त नाम दर्ज किया जाये। **कैलाश चन्द्र पुत्र स्व. राम चन्द्र निवासी- 115, मो. अटारिया, सी.बी. गंज, बरेली**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र अमित कुमार व पुत्रवधू ज्योतिका को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **उदल पुत्र जागन लाल व सुनीता देवी पत्नी उदल निवासी म.नं. 302, कांधरपुर रवि साधना हॉस्पिटल के पास, सद्भावना कालोनी, थाना कैन्ट, जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मै. महेश चन्द्र अग्रवाल परसाखेड़ा से बरेली को आ रहा था। आते वक्त मेरा बैग रास्ते में कहीं गिर गया उसमें मेरे पेपर के साथ आर.के. इन्डस्ट्रीज राईस मिल के कुछ फार्म भी मेरे बैग में थे जिसकी संख्या फार्म 3ग (1) संख्या 051641 तथा फार्म 3 ख संख्या 074742, 074743, 074744 एवं 074745 थे जिनका प्रयोग अवैध होगा। **महेश चन्द्र अग्रवाल पुत्र श्री विश्वनाथ अग्रवाल (एकाउन्टेन्ट) आर.के इण्डस्ट्रीज, बी-3, परसाखेड़ा, बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक 0828060 व इण्टरमीडिएट अनुक्रमांक 215701331 के अंक पत्र कहीं गुम हो गये हैं। जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। **विशाल वर्मा पुत्र श्यम बिहारी वर्मा नि. लौंगपुर म. केलीपुर, तह. फरीदपुर, जिला बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के सी.बी.एस.ई. बोर्ड की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की अंकतालिका में मेरा नाम SABIH UL HASAN अंकित तथा हाईस्कूल की अंकतालिका में मेरी पुत्री का नाम SAMREEN AKHTER अंकित है जोकि गलत है। जबकि मेरा सही नाम SHABIH UL HASAN तथा मेरी पुत्री का सही नाम SAMREEN AKHTAR है। **शबीह उल हसन पुत्र श्री बदरूल हसन निवासी चौधरी सराय शकील रोड, बदायूँ।**

**सूचना**
मैंने अपना नाम FARIKUMISAYEN से बदलकर FARIKUN Nisha रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये। **फरीकुन निशा पत्नी जहांदार खान निवासनी मूड़ा बुजुर्ग लखीमपुर खीरी।**

# धर्म दर्शन

शिव आदि तत्व हैं, वह ब्रह्म हैं, वह अखंड, अभेद्य, अच्छेद्य, निराकार, निर्गुण तत्व है। वह अपरिभाषेय हैं, वह नेति-नेति हैं। अभिव्यक्ति में प्रतीत होते हैं, जिन्हें विद्या तथा अविद्या कह सकते हैं। ऋग्वेद में भगवान शिव का सबसे पहला उल्लेख मिलता है,जो उनकी दिव्य पहचान पर प्रकाश डालता है। भगवान शिव को अक्सर रुद्र के रूप में जाना जाता है। रुद्र जिसका अर्थ है "गर्जना करने वाला" देवत्व के कच्चे और मौलिक पहलुओं का प्रतीक है। उन्हें एक उग्र देवता के रूप में चित्रित किया गया है,जो तूफान, विनाश और कायाकल्प से जुड़ा है।



## आत्मज्ञान, वैराग्य एवं कल्याण का प्रतीक शिव तत्व

ऋग्वेद के मंत्र बुरी ताकतों से सुरक्षा के लिए रुद्र के आशीर्वाद का आह्वान करते हैं,जो विध्वंसक और रक्षक दोनों के रूप में उनकी दोहरी प्रकृति को प्रदर्शित करता है। जैसे ही हम ऋग्वेद से यजुर्वेद की ओर बढ़ते हैं,हम रुद्र से शिव में परिवर्तन का अनुभव करते हैं। शिव,संस्कृत शब्द "शिव" से लिया गया है,जो शुभता और पवित्रता का प्रतीक है। इस चरण में भगवान शिव को तपस्वी योगी के रूप में चित्रित किया गया है,जो हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों पर ध्यान कर रहे हैं। वह वैराग्य, आत्मज्ञान और परोपकार के आदर्शों का प्रतीक हैं। यजुर्वेद शिव को ध्यान और आध्यात्मिकता के दिव्य आदर्श के रूप में महिमामंडित करता है। सामवेद हमें सर्वोच्च देवता महादेव से परिचित कराता है। महादेव, रुद्र और शिव के रूप में अपने पिछले अवतारों को पार करते हुए,भगवान शिव की दिव्यता की भव्यता को समाहित करते हैं। वह ब्रह्मांडीय व्यवस्था का अंतिम स्रोत, ब्रह्मांड का निर्माता, पालनकर्ता और संहारक है। सामवेद महादेव को उनकी सर्वशक्तिमानता और परोपकारी सर्वव्यापकता का चित्रण करते हुए एक लौकिक देवता के रूप में प्रतिष्ठित करता है। सृष्टि 16 तत्वों से निर्मित हैं। पहले पांच तत्व, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश, पृथ्वी लोक से संबंधित हैं। छठा तत्व 'शिव तत्व' है जिसका संबंध आज्ञा चक्र से है तथा वह माथे के केंद्र में स्थित है। विशुद्धि और आज्ञा चक्र के बीच में 11 तत्व हैं,किंतु फिर भी शिव तत्व को छठा तत्व कहा जाता है,क्योंकि शिव आदि, अनादि, अनंत, अखंड हैं,जो बुद्धि की समझ से परे हैं। सारे तत्व उसी में निहित हैं। शरीर में तीन प्रकार की ग्रंथियां होती हैं,ब्रह्म ग्रंथि, विष्णु ग्रंथि तथा रुद्र ग्रंथि। ब्रह्म ग्रंथि तथा विष्णु ग्रंथि खोलना अपेक्षाकृत सरल है,किंतु रुद्र ग्रंथि को खोलना बहुत कठिन है। इसके खुले बिना शेष 11 तत्वों का अनुभव नहीं हो सकता। 16 तत्वों के अनुभव के बाद ही शिव और शक्ति का संयोजन होता है और शिव तत्व की प्राप्ति होती है। संपूर्ण वेदों में विभिन्न श्लोक भगवान शिव की दिव्य उपस्थिति को दर्शाते हैं। अथर्ववेद का एक श्लोक शिव के लौकिक नृत्य, तांडव का सार दर्शाता हैः "न तस्य प्रतिमा अस्ति यस्य नमः महद्यशः ।"/ तन्द्य त्वाग्वं प्रस्वादं पयधि। यह श्लोक भगवान शिव के निराकार स्वरूप की प्रशंसा करता है,इस बात पर जोर देता है कि उनकी दिव्य ऊर्जा असीमित और मानवीय समझ से परे है। यह इस विश्वास को पुष्ट करता है कि भगवान शिव के प्रति सच्ची भक्ति मूर्ति पूजा से परे है और उनके लौकिक सार से जुड़ती है। शिव का वास्तविक अर्थ है 'वह जो नहीं है' अर्थात् शून्य। आधुनिक भौतिक विज्ञानियों ने भी यह साबित कर दिया है कि पूरी सृष्टि शून्य से निकलती है और शून्य में ही चली जायेगी। व्यापक शून्यता अस्तित्व का आधार और ब्रह्मांड का मूल तत्व गुण है। इस विशाल शून्यता को ही शिव कहते हैं।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

## भौतिक शक्ति का सूचक असुर

व्युत्पति की दृष्टि से 'असुर' शब्द 'असुः+'र' (असुः=प्राण,र =वाला) का अर्थ प्राणवान, ऊर्जावान, शक्तिशाली या शक्ति संपन्न है। कालांतर में यह भौतिक शक्ति का सूचक/प्रतीक बन गया। ऋग्वेद में 'असुर' शब्द का प्रयोग 105 बार हुआ है। इसमें भी 99 बार भौतिक 'शोभन' अथवा मंगल सूचक है,जबकि मात्र 15 बार ही देवों के शत्रु विशेष के लिए। यास्क के "निरुक्त" (3/8) के अनुसार शारीरिक शक्ति के आधिक्य के कारण ही इन्द्र के लिए, तदुपरांत,नैतिक बल के सूचक के रूप में वरुण देव के लिए हुआ है।

प्राचीनतम असीरियन (असुर) साम्राज्य या परवर्ती मैसापोटामियन साम्राज्य (फारस (ईरान), इराक, तुर्की आदि पड़ोसी क्षेत्रों का) के निवासी पारसियों का धर्म,विश्व के भारतीय वैदिक धर्म के समान ही प्राचीनतम है। इस पारसी धर्म को 'जरथुस्त्र "धर्म" भी कहा जाता है। पारसियों की सर्वशक्तिमान सत्ता या ईश्वर को ही "अहुर मज्दा" या "अहोरमज्द" कहते हैं। 'अहोर' शब्द वैदिक 'असुर' शब्द का रूपांतर है। अथवा यह कहा जा सकता है कि अहोरमज्दाका वैदिक संस्कृत रूपांतर "असुरेन्द्र" है। अहुरमज्दा का आशय 'आसुरी मेधा' या 'बुद्धिबल' से है वैदिक "वृत्रघ्नइन्द्र" को ही अवेस्ता में "वेघ्रोघ्न" कहा गया है। ऋग्वेद (10/138/3-4) में इन्द्र को वज्र के प्रहार से देव विरोधी दानवों सहित वृत्रासुर का वध करने वाला कहा गया है। ऋग्वेद के 'अग्निदेव' की भांति पारसियों के प्राचीनतम धर्म ग्रंथ "जेंद अवेस्ता" में भी सर्वाधिक पवित्र देवता वही हैं। उसी अग्निदेव के माध्यम से ही "अहुरमज्दा" की पूजा होती है। प्रमुख अंतर यह भी है कि वेदों में जहां देवों तथा देवियों की स्तुति है, वहीं अवेस्ता में प्रायः कई की निंदा और असुरों की उपासना या स्तुति है। किंतु यह आश्चर्यजनक है कि वेदों और अवेस्ता दोनों में ही वैदिक सवितृ (सूर्य ), सोम, अर्यमा, आदि की स्तुति है। विषयांतर के भय से विस्तृत चर्चा न कर इतना ही कहना पर्याप्त है कि हजारों वर्षों पूर्व भारत एवं फारस और ईरान में परस्पर सांस्कृतिक संबंध अत्यंत प्रगाढ़ थे। असीरिया तो असुरों का ही सामाज्य था और आधुनिक ईरान, इराक, तुर्की, बहरीन, कुवैत, कतर, सउदी अरब, ओमान, संयुक्त अरब अमीरात या यह कहा जाए कि फारस की खाड़ी के आसपास का संपूर्ण भूभाग ही उसमें समाहित था। आधुनिक संपूर्ण इस्रायल सहित मिश्र का कुछ भाग अधीन था।

सातवीं सदी के बाद विजेता इस्लाम धर्मावलंबियों के अत्याचार, उत्पीड़न, बलात्कार, धर्मांतरण ने वहां के मूलनिवासियों को इस्लाम स्वीकार करने या पलायन को विवश किया। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार असुर,देवदृष्टि से अपभ्रंश भाषा का अधिक प्रयोग करते थे (तेऽसुरोहेलयो हेलया इति कुर्वन्तः पराबभूवुः)। पतंजलि और शबर स्वामी इस बात के समर्थक हैं। शांख्यायन तथा आश्वलायन श्रौतसूत्रों की "आसुरि विद्या" को शतपथ ब्राह्मण में ही प्रयुक्त "माया" शब्द का समानार्थी बताया गया है। माया को ही लोकभाषा में "जादूगरी" कहा गया है, किंतु यह बहुत आश्चर्यजनक है कि सभी भौतिक विद्याएं इसी में समाहित/समाविष्ट हो सकती हैं। सुप्रसिद्ध विद्वान, स्व. डॉ राज बली पाण्डेय जी के अनुसार, "आसुरि" शुद्ध भौतिक प्रवृत्ति से उत्पन्न सभी ज्ञान-विज्ञान असुर विद्या हैं। इसमें 'सुर विद्या' अथवा 'देवी विद्या' या आध्यात्मिकता को स्थान नहीं है।" 'हिन्दू धर्मकोश' पृष्ट,69. ऋग्वेद में देवताओं के लिए विशेषण के रूप में असुर शब्द का प्रयोग होता रहा है। विशेष रूप से वरुण आदि के लिए।




डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

## यज्ञरूप श्रेष्ठकर्म श्रेष्ठ मति

हे सोम! आप उपयाम-पात्र में ग्रहण करने योग्य हैं। आदित्यों के सदृश तेजस्विता के लिए आपको हम ग्रहण करते हैं। हे इंद्रदेव! आप हिंसक प्रवृत्ति से सर्वथा रहित हैं। याजक द्वारा प्रदत्त हवि के प्रतिदान स्वरूप आपका दान संपन्नता बढ़ाने वाला होता है। हम आदित्यों के स्नेह भाव के लिए आपकी स्तुति करते हैं। हे आदित्य! आप आलस्य, प्रमाद आदि से सर्वथा रहित हैं। आपकी जो शक्ति सामर्थ्य,अविनाशी और दिव्य आनंदप्रद है, वह सूर्य मंडल मे स्थापित है। हे आदित्य ग्रह! (पात्र) हम आदित्यदेव की प्रसन्नता हेतु आपको ग्रहण करते हैं। देवताओं के सुख के निमित्त यह यज्ञ है,अतएव हे आदित्य! आप हम सबके लिए कल्याणकारी हों। आपकी शुभ संकल्प युक्त मति हमें उपलब्ध हो। हे आदित्य! आप अज्ञान रूपी अंधकार के विनाश के निमित्त कारण हैं। हे पुरुषार्थी मनुष्यों! तुम अपनी वाणी में सुसंस्कारिता को धारण करो। जब गृहस्थ आश्रम में दंपती धर्माचरण का निर्वाह करते हैं,तभी पावन सुसंस्कारवान पुत्र उत्पन्न होते हैं और नित्य ही समृद्धि को प्राप्त होकर वे दुष्कर्मों और ऋणादि से निवृत्त रहते हुए श्रेष्ठ गृह में निवास करते हैं।

हे सोमासिक्त धान्य! यजुर्वेद के मंत्रों से जिसकी कामना की गई है, ऋक् मंत्रों से स्तुत्य तथा साम के स्तोत्रों द्वारा संवर्धित आपका सेवन अश्वों और गौओं को भी प्रेरणा देने में समर्थ है। आपके सेवन से प्राप्त होने वाले अभीष्ट फल की इच्छा से युक्त हम आपका सादर सेवन करते हैं। हम सब ब्रह्मतेज से संपन्न, दुग्धादि रसों से परिपूर्ण, श्रेष्ठ शरीर और शिवसंकल्पकारी मन से सदा युक्त रहें। श्रेष्ठ दान प्रदाता त्वष्टादेव हमें ऐश्वर्य प्रदान करें तथा हमारे शरीर में जो कमी है,उसे भी दूर करें। हे ऐश्वर्यवान इंद्रदेव! हमें श्रेष्ठ मन, गाय आदि पशुओं और ज्ञानीजनों तथा श्रेष्ठ कल्याणकारी भावनाओं से युक्त करें। ज्ञान से प्रेरित दिव्य मानवों द्वारा जो श्रेष्ठ कर्म संपादित होते हैं, उससे हमें जोड़ें,जो सत्कर्म हमें देवताओं के अनुग्रह प्रदान करते हैं,वह यज्ञरूप श्रेष्ठकर्म श्रेष्ठ मति के साथ आपके निमित्त समर्पित हों। हम सब लोग सदैव ब्रह्मवर्चस जल, सुदृढ़ शरीरों और शुभ संकल्पकारी पवित्र मन से युक्त रहें। श्रेष्ठ पदार्थों के दाता,सर्वप्रेरक परमात्मा हमें संपूर्ण ऐश्वर्य संपदा प्रदान करें। दानशील विधाता,सर्वोत्पादक सविता,प्रजा के पालक-प्रजापति, देदीप्यमान अग्निदेव, त्वष्टादेव और सर्वव्यापक विष्णुदेव,यह सभी देवगण हमारी आहुति को स्वीकार करें। यज्ञकर्मों के ज्ञाता हे देवगण! आप हमारे यज्ञ में पधारें, हमारी आहुति को स्वीकारें तथा यज्ञ से संतुष्ट होकर अपने-अपने गंतव्य स्थान के लिए प्रयाण, प्रस्थान करें।

हे मन के अधिष्ठाता देव! इस यज्ञ को श्रेष्ठ औषधियों से परिपूर्ण करें और वायु का शोधन करें। यह आहुति आपके प्रति समर्पित है। जिस परमात्मा से उत्तम अन्य कोई नहीं है,जो संपूर्ण लोकों में संव्याप्त है,वे प्रजापालक सोलह कलाओं से अपनी प्रजा में रमण करते हैं। वे सूर्य, विद्युत व अग्नि रूप तीनों ज्योतियों को अपने भीतर समाहित किए हुए हैं। उत्तम कर्म करने में कुशल हे अग्निदेव! हमें तेजस्विता, पराक्रम एवं अपार वैभव संपदा प्रदान करें। आप देव-शक्तियों के बीच में अति तेजस्वी हैं। अतः आपकी कृपा से हम मनुष्यों में तेजस्विता का संचार हो। ये ज्योतिर्मयी रश्मियां संपूर्ण प्राणियों के ज्ञाता सूर्य को तथा समस्त विश्व को,दृष्टि प्रदान करने के लिए विशेष प्रकाशित होती हैं। हे ग्रह (पात्र)! हम आपको ज्योतिर्मान सूर्य के लिए स्वीकृत करते हैं। हे महिमामयी गौ! आप इस यज्ञ से उत्पन्न पोषणयुक्त मंडल रूपी कलश को सूंघें,वायु के माध्यम से ग्रहण करें। इसके सोमादि पोषक तत्व आपके अंदर प्रविष्ट हों। उस ऊर्जा को पुनः सहस्त्रों पोषक धाराओं द्वारा हमें प्रदान करें।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## शिवरात्रि प्रकृति से तादात्म्य का संदेश

मनुष्य का शरीर पंच भौतिक तत्वों का संयोजन है, इसीलिए धर्मग्रंथों में पृथ्वी को माता, आकाश को पिता और जल, अग्नि, वायु को देवता मानकर पूजा करने का उल्लेख है। इसी के लिए मांगलिक-कार्यक्रमों के प्रारंभ करने के पहले स्वस्तिवाचन मंत्र पढ़ने का विधान किया गया है जिसमें प्रकृति की अनुकूलता की कामना की गई है। भगवान शंकर और माता पार्वती के पुत्र गणेश जी प्रथम देवता हैं। जिस प्रकार समस्त भैतिक यंत्र ऊर्जा से संचालित होते हैं उसी प्रकार पंच भौतिक शरीर भी आत्मा की ऊर्जा से संचालित होता है। मनुष्य ही नहीं, बल्कि सृष्टि में जितने अन्य जीव-जंतु हैं, सभी को ऊर्जा की आवश्यकता है। इसका संदेश यही हुआ कि पार्वती माता, शिवजी पिता और पुत्र गणेश ऊर्जा के रूप में पुत्र हैं। वे माता-पिता से दूर न जाकर उन्हीं के चरणों की परिक्रमा करते हैं। कार्तिकेय के पूरे ब्रह्मांड की परिक्रमा का आशय उनमें वायु-तत्व की प्रधानता हैं जबकि वाहन नन्दी जल-तत्व का सूचक इसलिए है क्योंकि पशु जिन इलाकों में रहता है, सबसे पहले वह जल-स्रोत ही तलाशता है। शिवरात्रि का पर्व आकाश तथा पृथ्वी पर मौजूद प्राकृतिक संसाधनों की पूजा का पर्व है। इन संसाधनों का संरक्षण कैसे किया जाए ताकि मां पार्वती और शिव की कृपा-परिधि में सभी भौतिक पदार्थ रह सके, इस पर सजगता तथा तादात्म्य बनाने का पर्व है शिवरात्रि।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

# लखीमपुर खीरी

## माता-पिता के बीच सो रही छह साल की बच्ची को ले गया भेड़िया

### अधखाया शव बरामद, शव मिलने से घर में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** थाना शारदानगर क्षेत्र के गांव नवघन में रविवार की रात एक घर में घुसा भेड़िया माता-पिता के बीच में सो रही छह साल की बालिका को उठा ले गया। परिवार के लोग जब तक शोर मचाते और बच्ची को बचाने की कोशिश करते इससे पहले ही वह बच्ची को लेकर आंखों से ओझल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ परिवार वालों ने खोजबीन की तो गांव से करीब तीन सौ मीटर दूर गन्ने के खेत में बालिका का अधखाया शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गांव नवघन जिगनियां निवासी सुखराम ने बताया कि रविवार की रात वह अपनी पत्नी लक्ष्मी और छह साल की बेटी मोहनी के साथ घर के बाहर छप्पर के नीचे सो रहे थे।

- शोर सुन कर तमाम ग्रामीण एकत्र हो गए, पुलिस को दी सूचना

बच्ची बीच में लेटी हुई थी। रात करीब तीन बजे किसी के मौजूद होने की आहट हुई। पत्नी लक्ष्मी ने भेड़िया जैसे किसी जानवर द्वारा बच्ची को खींच कर ले जाते देखा तो शोर मचाया। शोर सुन कर तमाम ग्रामीण एकत्र हो गए। पुलिस को सूचना दी गई। जिस पर प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मौर्य मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों के साथ गन्ने के खेतों की कांबिंग की। करीब तीन घंटे बाद बच्ची का अधखाया शव दो टुकड़ों में घर से करीब तीन सौ मीटर दूर बरामद हुआ। उसका धड़ सिर से अलग हो गया था। सिर का काफी हिस्सा भी जानवर ने खा लिया था। शरीर पर कई जगह जानवर के नोंचने के निशान मिले हैं। एहतिहात के तौर पर मौके पर वन विभाग की टीम गांव में तैनात कर दी गई है।

> जिस तरह शव मिला है, उससे प्रतीत हो रहा है कि बाघ या तेंदुआ बच्ची को नहीं ले गया। पैरों के निशान भेड़िया के लग रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। मौके पर निगरानी टीम लगा दी गई है। रिपोर्ट मिलने पर जंगली जानवर का पता चल जाएगा।
>
> -अभय मल्ल, रेंजर-शारदानगर

## गोष्ठी में मतदान के लिए किया जागरूक

**लखीमपुर खीरी।** युवराजदत्त महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से उच्च प्राथमिक विद्यालय वाजपेयी गांव में सात दिवसीय विशेष शिविर लगा। इसका आरंभ भूतपूर्व जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सीपी मिश्रा एवं प्रधान ज्ञान देवी ने किया। एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर सुभाष चंद्रा ने बताया कि 10 मार्च तक शिविर के माध्यम से एनएसएस वाटलंटियर्स समाज व राष्ट्र हित से संबंधित कार्य कर ग्रामीणों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। पहले दिन सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता स्वीप कार्यक्रम के तहत चुनाव का महापर्व एवं मेरा पहला वोट देश के लिए विषय पर गोष्ठी हुई। प्रोफेसर सुभाष चंद्रा ने कहा कि लोकतंत्र में स्त्री-पुरुष, गरीब-अमीर, आम नागरिक से लेकर प्रथम नागरिक तक के लिए मताधिकार का मूल्य समान है। इस अधिकार से लोकतंत्र को मजबूत बनाने में हर किसी की स्वतंत्र, निष्पक्ष भागीदारी होनी चाहिए।

## छात्राओं को निरोगी रहने के लिए कराया योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी।

**अमृत विचारः** फूलबेहड़ स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय बालिका में सोमवार से तीन दिवसीय योग शिविर शुरू हुआ। इसका उद्देश्य छात्राओं को निरोगी बनाकर स्वस्थ रखना है।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरवंश कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर छात्र-छात्राओं को निरोगी रहने के लिए योग के बारे में जानकारी देने के साथ योगाभ्यास कराया जा रहा है। इसके तहत सोमवार से फूलबेहड़ के उच्च प्राथिमक विद्यालय बालिका में शिविर का आरंभ हुआ। इसमें योग प्रशिक्षक अमित कुमार व सहायक दीक्षा कुमारी ने छात्राओं को योग के बारे में जानकारी देकर इसके लाभ गिनाएं। दीक्षा कुमारी ने छात्राओं को स्वस्थ रहने के साथ बुद्धि विकास, तनाव प्रबंधन में लाभकारी सूक्ष्मव्यायाम, आसन, भस्त्रिका, सूर्यभेदन, नाड़ी शोधन, भ्रामरी, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। साथ ही प्रतिदिन इनका अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। योग प्रशिक्षक अमित कुमार ने छात्राओं को बताया कि स्वस्थ, निरोगी और ऊर्जावान रहकर अपने कार्य क्षेत्र में निरंतर वृद्धि कर सकते हैं। इसके लिए प्रतिदिन योग का अभ्यास करना होगा। इसलिए रोजाना सुबह उठकर 10 से 15 मिनट योग अवश्य करें। इस दौरान विद्यालय स्टाफ व छात्राएं मौजूद रहीं।



स्कूल में छात्राओं को योग करतीं शिक्षिका।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा



**गोला गोकर्णनाथ।** मोहल्ला मुन्नूगंज में विजयचंद गुप्ता सुहेला वाले के आवास से कलश यात्रा निकालकर श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत हुई, जिसमें कथा व्यास विष्णु शरण जी महाराज ने श्री सुकदेव महाराज का चरित सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। मुन्नूगंज स्थित विजयचंद गुप्ता के आवास से कलश यात्रा निकाली गई जो शिव मंदिर पहुंची और फिर वहां से वापस आकर कलश स्थापित कर श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत की गई। कथा व्यास विष्णु शरण जी महाराज ने कई प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। श्रीमद् भागवत कथा का समापन 10 मार्च को होगा। कलश यात्रा में शिल्पी गुप्ता, मोहित गुप्ता, मिताली, ज्योत्सना, रिमी, ज्योति, इशी, प्रीति, गुड्डू, बरखा, दीपिका, अंशिका, शारदा, रेखा, विजयचंद्र गुप्ता, डिंपल, शिवम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## दो बच्चे बने हाफिजे कुरआन



**कुकरा।** कस्बा में सेनपुर रोड स्थित मोहल्ला सिरसा पुरवा में मदरसा नफातुल मुस्लिमीन के मौलवी रौनक अली की सरपरस्ती में दो तलवा ने कुरआन मुकम्मल कर हाफिजे कुरआन बने हैं। अहमद अब्दुल्ला (13) पुत्र मौलवी रौनक और मोहम्मद मोबीन (15) पुत्र अब्दुल रहीम ने ढाई साल में ही हिफ्ज मुकम्मल किया। इनके उस्ताद हाफिज मोहम्मद अतीकुर्रहमान और मोहम्मद सरजील खान ने दोनों बच्चों के हिफ्ज मुकम्मल होने मौके पर मदरसा नफातुल मुस्लिमीन में एक दस्तकार का प्रोग्राम रखा, जिसमें तमाम हाफिज व कारी, अराकीब मौजूद रहे। मदरसा नफातुल मुस्लिमीन के मोहतमिम मौलवी रौनक अली मेहमानों का इस्तकबाल किया। हाफिज मोहम्मद अतीकुर्रहमा, सरजील खान, अब्दुल रहीम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## माहौल बिगाड़ने की कोशिश की तो होगी कड़ी कार्रवाई



**पलिया कलां।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पलिया कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पुलिस क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र यादव ने की। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। अगर कोई माहौल को बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि, श्याम महोत्सव, होलिकोत्सव, रमजान, ईद आदि शांतिपूर्ण ढंग से परंपरागत तरीके से मनाएं। जुलूस व शोभायात्राएं आदि निकालने से पूर्व पुलिस व प्रशासन से अनुमति लें। पलिया कोतवाल विवेक उपाध्याय को धार्मिक स्थलों पर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के भी निर्देश दिए। नगर पालिका अध्यक्ष केबी गुप्ता ने कहा कि पलिया के लोग इस बार भी मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी त्योहार मनाएंगे। साफ- सफाई,जलापूर्ति आदि की पूरी व्यवस्था रखी जाएगी। विद्युत जेई शिवम सिंह ने विद्युत व्यवस्था सुचारू रखने का आश्वासन दिया। बैठक में नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता, पलिया बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीष द्विवेदी, सभासद डॉ. रविंद्र सिंह, राजीव शुक्ला, निर्भय नारायण सिंह, रईस अहमद, सिराज रसूल, मोइनुद्दीन खां, सावित्री देवी, उदयवीर सिंह, शशि शंकर शुक्ला आदि रहे।

## चश्मा दादी का पुस्तक का किया विमोचन




पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।। • अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** साहित्यक संस्था शब्दाक्षर के बैनर तले शब्दाक्षर जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्र शशि की अध्यक्षता में संत कुमार वाजपेयी संत की बाल कविता की चौथी पुस्तक चश्मा दादी का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ बृजेश तिवारी बृजेश की वाणी वंदना से हुआ। लखनऊ के शब्दाक्षर के प्रदेश अध्यक्ष श्यामल मजूमदार, जिला अध्यक्ष लखनऊ संतोष कुमार हिंदवी, डॉ. नागेश पांडे संजय, डॉ. द्वारिका प्रसाद रस्तोगी का माल्यार्पण एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। संचालन गीतकार रमेश पांडे शिखर शलभ ने किया।

कवियों ने कई विधाओं में अपनी रचनाएं पढ़ी। दिग्दर्शक राष्ट्रीय अध्यक्ष रविप्रताप सिंह ने आयोजन की सराहना की। साहित्यकार श्रीकांत तिवारी कांत, आलोक तिवारी, डॉ. वेदप्रकाश अग्निहोत्री वेद, बेनीराम अन्जान, डॉ. वीरेश वाजपेयी, संगम गुप्ता आदि साहित्यकार मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के बाद वीडियो वायरल करने का आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचारः** कोतवाली में दी गई तहरीर में क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि उसके पति बाहर काम करते हैं। घर पर वह अकेली रहती है। 14 अक्टूबर 2023 को गांव का ही रामबहादुर उसके घर में घुस आया और दुष्कर्म किया। उसकी अश्लील वीडियो बना ली। उसी को वायरल करने की धमकी देकर कई बार संबंध बनाए। आरोप है कि उसके बाद अब वीडियो वायरल कर दी है। जिससे काफी बदनामी हो रही है। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच करा रहे हैं।

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला डोरीलाल निवासी राजकुमार अग्रवाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तीन मार्च को सुबह उसका पुत्र सौरभ अग्रवाल घर के बाहर कूड़ा फेंकने गया। इस दौरान मोहल्ले के ही ऋषभ अग्रवाल ने उसके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर पुत्र की पिटाई कर दी। पुरानी मुकदमेबाजी की रंजिश में हमला करने का आरोप लगाया।

## लोगों की सुनने की क्षमता को कम कर रहा मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- विश्व श्रवण दिवस पर मेडिकल कॉलेज के ईएनटी सर्जन ने दी जानकारी

**अमृत विचारः** विश्व श्रवण दिवस पर सोमवार को जागरुकता कार्यशाला हुई। इसमें आरबीएसके, आरकेएसके टीम सहित पैरामेडिकल स्टाफ को बहरेपन को लेकर फैली भ्रांतियों और इसके लक्षण व बचाव के बारे में जानकारी दी।कार्यशाला में मेडिकल कॉलेज के नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मनोज शर्मा ने कहा कि बहरेपन की कई वजह हो सकती हैं।

कान में किसी प्रकार की समस्या की अनदेखी भी बहरेपन की वजह बन सकती हैं। उम्र बढ़ने के साथ बहरापन एक प्राकृतिक घटना है। मगर, शोर वाले क्षेत्रों में काम करने वाले, कान में गंभीर संक्रमण, पर्दे के रोग व इसमें छेद होना, कान में हड्डियों का गल जाना, गलत दवाओं का सेवन एवं मोबाइल का ज्यादा उपयोग इसकी एक वजह हैं। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि कान में पानी चला जाना, संक्रमण होना, गलत तरीके से कान की सफाई करना भी कम सुनने की समस्या बनता है। इसमें घरेलू इलाज इसे और गंभीर बना देता है। इसलिए किसी तरह की दिक्कत होने पर अस्पताल आकर ईएनटी सर्जन को दिखाकर इलाज कराएं। कार्यशाला का उद्देश्य लोगों को भ्रांतियों और घरेलू उपचार न करने के प्रति जागरूक करना है। सीएमओ ने मौजूद स्टाफ को ग्रामीणों को इसके बारे में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि सावधानी बरत कर बहरेपन की समस्या से बचा जा सकता है। ऑडिओलॉजिस्ट से जांच कराकर सहायक यंत्रों का उपयोग करें।

मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. आर्य देशदीपक ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में में दो असिस्टेंट प्रोफेसर व ईएनटी सर्जन तैनात हैं। नाक, कान व गले से संबंधित रोगियों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजें, क्योंकि मेडिकल कॉलेज में ईएनटी संबंधी सभी सुविधाएं भविष्य में मिलने लगेंगी। सीएमएस जिला अस्पताल डॉ. आईके रामचंदानी ने कहा कि अस्पताल में बहरेपन के बेहतर इलाज की सुविधा है। वरिष्ठ सर्जन डॉ. आरके कोली ने बताया कि जिला अस्पताल में ऑपरेशन शुरू हो गए हैं। डॉ. सुधीर यादव, डीपीएम अनिल यादव, विजय वर्मा, अमित खरे, काउंसलर देवनंदन श्रीवास्तव, ऑडियोमैट्रिस्ट बसंत गुप्ता, अनुज श्रीवास्तव, सरिता सिंह सहित पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

**11 बच्चों को मिली बहरेपन से निजातः** सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि कंजेनाइटल डेफ्नेस से ग्रस्त 11 बच्चों का राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत निःशुल्क ऑपरेशन कराया गया है। एक ऑपरेशन पर सात से आठ लाख का खर्च आता है।

# एसबीआई ने चुनावी बॉण्ड पर और समय मांगा, राहुल ने साधा निशाना

## बैंक ने सुप्रीम कोर्ट से 30 जून तक का समय बढ़ाने का किया अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय बढ़ाने का उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया। पिछले महीने अपने फैसले में उच्चतम न्यायालय ने एसबीआई को 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग को विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तारीख बढ़ाने की अपील पर मोदी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी ने चंदे के धंधे को छिपाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है।

बहरहाल, उच्चतम न्यायालय के समक्ष दायर एक आवेदन में एसबीआई ने दलील दी कि 'प्रत्येक साइलो' से जानकारी फिर से प्राप्त करना और एक 'साइलो' की जानकारी को दूसरे से मिलाने की प्रक्रिया में समय लगेगा। शीर्ष अदालत ने एसबीआई को विवरण साझा करने का भी निर्देश दिया था, जिसमें प्रत्येक चुनावी बॉण्ड की खरीद की तारीख, बॉण्ड के खरीदार का नाम और खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का मूल्य शामिल हो।' कोर्ट ने कहा था कि पूरा विवरण 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग के समक्ष पेश किया जाना चाहिए।

### पूरी दाल ही काली है: राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एसबीआई की ओर से इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी जानकारी देने की तारीख बढ़ाने की अपील पर मोदी सरकार को घेरा है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, नरेंद्र मोदी ने चंदे के धंधे को छिपाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। जब सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इलेक्टोरल बॉन्ड का सच जानना देशवासियों का हक है, तब एसबीआई क्यों चाहता है कि चुनाव से पहले ये जानकारी सार्वजनिक न हो पाए? राहुल गांधी ने लिखा, एक क्लिक पर निकाली जा सकने वाली जानकारी के लिए 30 जून तक का समय मांगना बताता है कि दाल में कुछ काला नहीं है, पूरी दाल ही काली है। देश की हर स्वतंत्र संस्था 'मोडानी परिवार' बनकर उनके भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने में लगी है। चुनाव से पहले मोदी के 'असली चेहरे' को छिपाने का यह अंतिम प्रयास है।



### हिमाचल में सरकार पर खतरा नहीं

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश सरकार के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से बात की है और अब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार को कोई खतरा नहीं है। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को यह दावा किया। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को मुख्यमंत्री सुक्खू और उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों पर भरोसा है, इसलिए फिलहाल राज्य सरकार के नेतृत्व में बदलाव संभव नहीं लगता। प्रदेश के राजनीतिक संकट से निपटने में शामिल एक पार्टी सूत्र ने कहा, 'सरकार बहुमत में है और वह पूरे पांच साल तक हिमाचल प्रदेश के लोगों की सेवा करेगी और धन-बल की मदद से जनादेश को कुचलने का कोई भी प्रयास सफल नहीं होगा।' सूत्रों ने कहा कि बागी विधायकों के खिलाफ दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोग 'आया राम, गया राम' वाली राजनीति को पसंद नहीं करते।

# विधान सौध में 'पाकिस्तान जिंदाबाद' का नारा लगाने के आरोप में तीन गिरफ्तार

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु में विधान सौध गलियारे में गत 27 फरवरी को 'पाकिस्तान जिंदाबाद' का नारा लगाने के आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी पुलिस ने सोमवार को दी।

राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस नेता सैयद नसीर हुसैन की जीत के बाद उनके समर्थकों ने कथित तौर पर पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए थे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने आरोपों की सत्यता की जांच के लिए सरकारी फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला को जांच का आदेश दिया था। एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक आरोपी बेंगलुरु के आरटी नगर का रहने वाला है, दूसरा हावेरी जिले के ब्यादगी का और तीसरा आरोपी दिल्ली का रहने वाला है। ब्यादगी का रहने वाला आरोपी मिर्च व्यापारी बताया जा रहा है।

# जगत प्रकाश नड्डा ने हिमाचल प्रदेश राज्यसभा सीट से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के सदस्य जगत प्रकाश नड्डा ने गुजरात से उच्च सदन के लिए दोबारा चुने जाने पर अपनी पुरानी सीट से इस्तीफा दे दिया है। नड्डा ने सोमवार को सभापति को अपना इस्तीफा सौंपा, जिसे स्वीकार कर लिया गया। नड्डा का हिमाचल प्रदेश की सीट पर कार्यकाल अगले महीने समाप्त हो रहा था, लेकिन उन्होंने सोमवार को ही इस सीट से इस्तीफा दे दिया। भाजपा नेता को गत 20 फरवरी को गुजरात से उच्च सदन के लिए चुना गया था।

# डेंटिस्ट ने दो बेटियों को जहर देने के बाद की आत्महत्या

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले में सोमवार दोपहर 40 वर्षीय एक दंत चिकित्सक ने अपनी दो बच्चियों को जहर देने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना के वास्तविक कारण का अभी पता नहीं चल पाया है।

पारिवारिक कलह को इसका कारण बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहर के विष्णु पुरी इलाके में राजकुमार ने अपनी दो बेटियों अनवी राज (8) और आध्या राज (5) को जहर देने के बाद अपनी कलाई की नस काट ली। कुमार की पत्नी चांदनी देवी (35) एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए तीन बच्चों के साथ कुम्हारटोली स्थित मायके गई थी। दो बेटियों के अलावा उनका तीन वर्षीय बेटा रंजीत भी था। पीड़ित के रिश्तेदारों ने बताया कि तभी चिकित्सक वहां पहुंचा और दोनों बेटियों के लिए उपहार खरीदने के बहाने उन्हें अपने साथ ले गया।पुलिस ने बताया कि वह उन्हें आवास पर ले गया, जहां अपराध को अंजाम दिया।

# स्वास्थ्य सेवा ऐसा पेशा जहां पैसा कमाने से समाज कल्याण संभव नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा एक ऐसा पेशा है, जहां पैसा कमाना ही यदि मुख्य लक्ष्य हो तो समाज का कल्याण संभव नहीं है, इसीलिए स्वास्थ्य सेवा से जुड़े पेशेवरों को अपने कर्तव्य का निर्वहन करते समय करुणा, दयालुता और परोपकार के मूल्यों को अपना चारित्रिक गुण बनाना होगा।

उन्होंने यह टिप्पणी महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों के छात्रों और मेडिकल/गैर-मेडिकल परामर्शदाताओं के एक समूह से बातचीत के दौरान की। ये सभी यहां राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात करने आए थे। यह समूह डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान के 'सेवांकुर भारत कार्यक्रम' के तहत दिल्ली में है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक बयान में मुर्मू के हवाले से कहा गया है, स्वास्थ्य सेवा एक ऐसा पेशा है, जहां पैसा कमाना मुख्य लक्ष्य होने पर समाज का कल्याण संभव नहीं है।



यही कारण है कि स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को अपने कर्तव्य का निर्वहन करते समय करुणा, दयालुता और परोपकार के मूल्यों को अपना चरित्र बनाना होगा।''

उन्होंने कहा, हम बाबासाहेब आंबेडकर के जीवन से सीख सकते हैं कि अपनी व्यक्तिगत सफलता का उपयोग समाज के कल्याण के लिए कैसे किया जाए। हमें बाबा साहेब के आदर्शों पर चलते हुए सामाजिक न्याय, समानता और बंधुत्व के लिए काम करना चाहिए।'' राष्ट्रपति को यह जानकर प्रसन्नता हुई कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान पिछले तीन दशकों से जन कल्याण की भावना से जरूरतमंदों को कम दरों पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए काम कर रहा है।

# नगालैंड में दो दशक बाद शहरी निकाय चुनाव की तैयारी

**कोहिमा।** नगालैंड राज्य निर्वाचन आयोग ने 20 वर्ष के अंतराल के बाद शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) चुनाव कराने के लिए नगरपालिका और नगर परिषदों की मतदाता सूची में संशोधन शुरू कर दिया है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त (एसईसी) टी. जॉन लॉन्गकुमेर ने यहां अपने कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची का मसौदा आठ मार्च को प्रकाशित होगा, जबकि दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 11 से 20 मार्च तक होगी। उन्होंने बताया कि दावों एवं आपत्तियों के निस्तारण की अवधि 21 मार्च से 27 मार्च तक निर्धारित की गई है, जबकि संबंधित अपीलीय प्राधिकारियों के समक्ष अपील दायर करने की अवधि 28 मार्च से 3 अप्रैल तक होगी। संशोधनों की सूची 8 से 10 अप्रैल तक तैयार की जाएगी और अंतिम प्रकाशन 12 अप्रैल को तय है।

# प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में 'कोर लोडिंग' के गवाह बने पीएम

कलपक्कम (तमिलनाडु), एजेंसी

तमिलनाडु के कलपक्कम में स्वदेशी निर्मित 500 मेगावाट इलेक्ट्रिक प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में 'कोर लोडिंग' की शुरुआत के साथ भारत अपने परमाणु कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रवेश करने से एक कदम दूर है।

सरकार द्वारा इस कदम को ऐतिहासिक बताया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' में 'कोर लोडिंग' की शुरुआत देखी, जो खपत से अधिक बिजली पैदा करता है और परमाणु अपशिष्ट-यूरेनियम -238- को ईंधन के रूप में उपयोग करता है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष ए के मोहंती, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के निदेशक विवेक भसीन और इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र के निदेशक बी वेंकटरमध्स के साथ रिएक्टर वॉल्ट और पीएफबीआर के नियंत्रण कक्ष का दौरा किया।

यह 500 मेगावाट इलेक्ट्रिक का 'फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड द्वारा विकसित किया है। कहा गया है कि कोर लोडिंग के पूरा होने पर, निर्णायक मोड़ के लिए पहला दृष्टिकोण हासिल होगा, जिससे बाद में बिजली उत्पादन होगा।

# भाजपा ने वरिष्ठ उपमहापौर के पद पर जीत दर्ज की

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम के लिए सोमवार को हुए पुनर्मतदान में भाजपा के उम्मीदवारों ने आम आदमी पार्टी समर्थित कांग्रेस उम्मीदवारों को पछाड़ कर वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर के पद पर जीत दर्ज की। भाजपा नेता कुलजीत सिंह संधू वरिष्ठ उपमहापौर और राजिंदर शर्मा उपमहापौर चुने गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव के 30 जनवरी को घोषित परिणाम को 20 फरवरी को पलट दिया था, जिसमें भाजपा उम्मीदवार मनोज सोनकर को विजेता घोषित किया गया था।

# किसानों को 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दे सरकार : किरण चौधरी

**भिवानी।** हरियाणा सरकार की पूर्व मंत्री किरण चौधरी ने कहा कि ओलावृष्टि से किसानों को फसलों का भारी नुकसान हुआ है और इससे प्रभावित किसानों को सरकार 50 हजार रूपये प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दे।

प्रदेश के तोशाम से विधायक ने कहा कि किसानों के समक्ष अब अगली फसल की बुवाई की सबसे बड़ी समस्या है और ऐसे में सरकार को चाहिए कि वे इस मुश्किल समय में किसानों को थोड़ी राहत प्रदान करें । कांग्रेस नेता ने कहा कि ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को सरकार 50 हजार प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दे। उन्होंने कहा कि ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसल पूरी तरह से गिर गई है और जल्द से जल्द गिरदावरी करवाकर किसानों को 50 हजार प्रति एकड़ मुआवजा दे।

किरण चौधरी सोमवार को जिले के मनसरवास, सुंगरपुर, खारियावास, धारणबास, देवराला, खापड़वास, इंदीवाली, लडियावाली, बिजनबास, ढ़ाणढ़ाणी, पोकरवाास, चांदवास आदि गांवों में ओलावृष्टि प्रभावित किसानों के खेतों का निरीक्षण कर रही थी। ओलावृष्टि प्रभावित खेतों का निरीक्षण करते हुए। किसानों की आर्थिक स्थिति पहले से ही दयनीय है और अब मौसम की मार ने उन्हें और भी बर्बादी की तरफ धकेल दिया है


## पब्लिक नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सोबरन सिंह पुत्र श्री नेमचन्द्र, निवासी कांधरपुर, पर.तह. व जिला बरेली ने एक किता आवासीय प्लाट रकबई 104.5 वर्ग मी. वाके कांधरपुर खेत नं.-306 पर. तह. व जिला बरेली को क्रय करने हेतु पीरामल कैपीटल एण्ड हाउसिंग फाईनेन्स लि. से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है उक्त सम्पत्ति के बाबत एक किता रजिस्टर्ड पिछला मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 11.03.2013 वही सं.-1 जिल्द संख्या-5595 पृष्ठ संख्या-17 से 40 क्रमांक 3229 स.र. बरेली कहीं खो गया है। जिसकी सूचना दिनांक 03.03.2024 को पुलिस को दी जा चुकी है। उक्त मूल बैनामे की अनुपलब्धता के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

**अमिताभ भंज, एडवोकेट**
**कार्यालय चैम्बर नं. 11, बड़ा वकालतखाना,**
**सिविल कोर्ट, बरेली सूचीबद्ध अधिवक्ता**

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 2204/413सी0(ई0टेण्डर)-3/23-24 दिनांक: 28.02.2024

**ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई-निविदा दिनांक 07.03.2024 से दिनांक 06.04.2024 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर, दिनांक 06.04.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने अवधि (दिन में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य( (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1- | जनपद बरेली में कैन्टोनमेन्ट बोर्ड क्षेत्र के अन्तर्गत सरपेनटाइन मार्ग, थियेटर मार्ग, सिविल एरिया के विभिन्न मार्ग एवं भरतौल मार्ग का सामान्य मरम्मत के साथ हॉटमिक्स प्लान्ट द्वारा नवीनीकरण कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली | 265.36 | 15.27 | 90 दिन | 2725.00 | ए (मार्ग कार्य) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 205016 दिनांक 03.03.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

**(नारायण सिंह)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बरेली**

**(अभिनेश कुमार)**
**अधीक्षण अभियन्ता**
**बरेली वृत, लो0नि0वि0 बरेली**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बिथरी चैनपुर वि.खं. बिथरी चैनपुर, बरेली

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो एवं विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिथरी चैनपुर में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत स्वीकृत निम्न निर्माण कार्यो पर निर्माण सामग्री जैसे-ईट, सीमेन्ट, बजरफुट, रोड़ा, बजरी आदि जिसकी विवरण व मात्रा ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है। गुणवत्तानुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 06.03.2024 को आमंत्रित की जाती है। निविदा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 06.03.2024 को दोपहर 01:00 बजे तक डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदाएं उसी कार्य दिवस में सायं 04:00 बजे निविदादाता व निर्धारित कमेटी के समक्ष ग्राम पंचायत में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र, निविदा खोले जाने से पूर्व कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा कर ग्राम पंचायत से प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | रामचरन के घर से कालीचरन के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 199711/- |

**ममता कुमारी (ग्राम प्रधान)** **विवेक गंगवार (ग्राम विकास अधिकारी)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत न्यामतपुर, वि.खं. शेरगढ़, जिला बरेली

**निविदा सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत न्यामतपुर में वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना से सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य कराये जाने हैं, जिसके लिए रोड़ी, ईट, मौरंग, बजरी, सीमेन्ट, बजरफुट, रेता आदि का क्रय किया जाना है। जिसके लिए सीलबंद निविदायें दिनांक 04.03.2024 से 10.03.2024 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन ग्राम पंचायत में अपरान्ह 3:00 बजे खोली जायेंगी। ग्राम पंचायत को किसी भी समय बिना कारण बताये निविदा को निरस्त करने का अधिकार होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | दामोदर के घर से बलवंत के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 2,00,000/- (मनरेगा) |
| 2. | मुख्य मार्ग से पंचायत घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | 2,00,000/- (राज्य वित्त) |
| 3. | डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण | (राज्य वित्त) |

**ग्राम प्रधान** **सचिव**

## कैन्टोनमैन्ट बोर्ड, बरेली

पत्रांक: सीबीबी/टैक्स/राजस्व/ई.-3 दिनांक: 04 मार्च 2024

**सार्वजनिक सूचना**

छावनी क्षेत्र के समस्त भवन स्वामियों / अध्यायशियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-2024 से सम्बन्धित अपने भवन / सम्पत्ति से सम्बन्धित कैन्ट बोर्ड कार्यालय को देय बकाया टैक्स, वाटर चार्जेज, बिल्डिंग एवं मार्केट रैन्ट इत्यादि धनराशि यथाशीघ्र ऑनलाइन ई.-छावनी पोर्टल http://echhawani.gov.in/citizen/ के माध्यम से जमा करना सुनिश्चित करें, यदि आप बकाया देय धनराशि जमा करने में असफल होते हैं, तो असफल होने वाले व्यक्तियों का वाटर कनैक्शन काट दिया जायेगा साथ ही साथ उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही भी की जायेगी जिसके हर्जे-खर्चे की जिम्मेदारी सम्बन्धित व्यक्ति की होगी। उक्त सूचना जनहित में प्रकाशित है।

**रविन्द्र भा.र.सं.से.** / Ravinder, IDES
**मुख्य अधिशासी अधिकारी** / Chief Executive Officer
**बरेली छावनी परिषद** / Bareilly Cantonment Board

## कार्यालय ग्राम पंचायत नरहरपुर गौरीखेड़ा वि.खं. भदपुरा, जिला बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो एवं विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नरहरपुर गौरी खेड़ा में मनरेगा योजना योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य स्थल हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री विवरण निम्नवत् है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम नरहरपुर गौरीखेड़ा में समुदाय के लिए पशु शेड निर्माण कार्य | 15.04 लाख |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 05.03.2024 से 06.03.2024 को अपरान्ह 02 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर नियत तिथि व समय तक डाली जा सकती है। जो उसी दिन दिनांक 06.03.2024 को दोपहर 03 बजे निविदादाताओं व उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

**नीरा देवी**
**प्रधान**

**राजू सिंह**
**प्रधान**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद
लखीमपुर-खीरी (उ.प्र. 262701)

पत्रांक : 2273/जननिर्माण/एम.बी.एल./2023-24 दिनांक : 01.03.2024

**पुनः अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभागों में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से रख-रखाव एवं संचालन कार्य हेतु दिनांक 01.03.2024 सायं 05:00 बजे से दिनांक 14.03.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते हैं।

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि-01.03.2024 सायं 05:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए, अन्तिम तिथि-14.03.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि-14.03.2024 अपरान्ह 04:00 बजे।
4. फाइनेंशियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेंगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी व शर्तो के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**(संजय कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**

**(डा. इरा श्रीवास्तव)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद दातागंज (बदायूँ)

पत्रांक : 456/3/न.पा.परि.दातागंज/2023-24 दिनांक : 04.03.2024

**संसोधन अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद दातागंज द्वारा राज्य वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद दातागंज में कराये जाने वाले निर्माण कार्यो को ई-निविदायें कार्यालय के पत्रांक संख्या 448/न.पा.परि.दा./2023-24 दिनांक 27.02.2024 के द्वारा 06 कार्यो की ई- निविदायें दिनांक 20.02.2024 से दिनांक 04.03.2024 सायं 05:00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की गयी थी। जोकि आमंत्रित ई-निविदायें दिनांक 05.03.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जानी थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त ई-निविदा अब दिनांक 07.03.2024 सायं 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो आमंत्रित ई-निविदायें दिनांक 07.03.2024 को सायं 05:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। ई-निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। जिसकी समस्त कार्यवाही वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in पर की जायेगी। निविदाओं से सम्बन्धित आगणन व शर्ते इस कार्यालय से सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। शेष शर्ते यथावत् रहेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, दातागंज**
**जनपद बदायूँ**

**अध्यक्षा**
**नगर पालिका परिषद, दातागंज**
**जनपद बदायूँ**

## कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली

पत्रांक : 700/मु.अभि./नि.वि./2023-24 दिनांक : 4.3.24

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं.-3890/नौ-5-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यो हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

| 15वाँ वित्त/निगम निधि के अन्तर्गत पुन: ई-निविदा हेतु (क्रमांक सं. 01 से 02 तक) | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 05.03.2024 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 05.03.2024 - (05:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 08.03.2024 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 08.03.2024 - (05:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evulation |

कार्यो का विवरण, नियम व शर्ते नगर निगम बरेली की वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**मुख्य अभियन्ता**
**नगर निगम, बरेली**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद दातागंज (बदायूँ)

पत्रांक : 457/3/न.पा.परि.दातागंज/2023-24 दिनांक : 04.03.2024

**संसोधन अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद दातागंज द्वारा राज्य वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद दातागंज में कराये जाने वाले निर्माण कार्यो को ई-निविदायें कार्यालय के पत्रांक संख्या 449/न.पा.परि.दा./2023-24 दिनांक 27.02.2024 के द्वारा 04 कार्यो की ई- निविदायें दिनांक 20.02.2024 से दिनांक 04.03.2024 सायं 05:00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की गयी थी। जोकि आमंत्रित ई-निविदायें दिनांक 05.03.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जानी थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त ई-निविदा अब दिनांक 07.03.2024 सायं 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो आमंत्रित ई-निविदायें दिनांक 07.03.2024 को सायं 05:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। ई-निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। जिसकी समस्त कार्यवाही वेबसाइट http:-e-tender.up.nic.in पर की जायेगी। निविदाओं से सम्बन्धित आगणन व शर्ते इस कार्यालय से सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। शेष शर्ते यथावत् रहेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, दातागंज**
**जनपद बदायूँ**

**अध्यक्षा**
**नगर पालिका परिषद, दातागंज**
**जनपद बदायूँ**

## कार्यालय ग्रा.पं. भवानीपुर वि.ख. निगोही (शाहजहाँपुर)

पत्रांक-07/पां./निविदा वर्ष 2023-24/ दिनांक-04.03.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रा. प. भवानीपुर वि.ख. निगोही (शाहजहाँपुर) में वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केंद्र हेतु वांछित सामग्री की आवश्यकता है। अत: निम्नलिखित अंकित सामग्री क्रय करने हेतु पंजीकृत फर्मो से दिनांक 12.03.2024 को अपरान्ह 03 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा आमंत्रित की जाती है जो तद्दिनांक को अपरान्ह 4:00 बजे संबंधित फर्म के प्रोपराइटर/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी।

- निविदा फार्म किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
- सबसे कम दर वाली निविदा को स्वीकृत किया जाएगा।
- निविदा स्वीकृत होने के पश्चात उसी समय सम्बंधित फर्म को अपना पंजीकरण प्रमाण पत्र अवलोनार्थ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- उक्त निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
- किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र क्षेत्र शाहजहाँपुर होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मानक |
|---|---|---|
| 1. | गार्बेज कलेक्टर ई-रिक्शा | लीथियम बैटरी, वाट-1250 भार क्षमता-500 किग्रा तक, बॉडी-माइल्ड स्टील |

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत भवानीपुर**
**निगोही (शाहजहाँपुर)**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत भवानीपुर**
**निगोही (शाहजहाँपुर)**

## कार्यालय ग्रा.पं.दिउरिया वि.ख. निगोही (शाहजहाँपुर)

पत्रांक-04/पां./निविदा वर्ष 2023-24/ दिनांक-04.03.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रा. प. दिउरिया वि.ख. निगोही (शाहजहाँपुर) में वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केंद्र हेतु वांछित सामग्री की आवश्यकता है। अत: निम्नलिखित अंकित सामग्री क्रय करने हेतु पंजीकृत फर्मो से दिनांक 12.03.2024 को अपरान्ह 12 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा आमंत्रित की जाती है जो तद्दिनांक को अपरान्ह 1:00 बजे संबंधित फर्म के प्रोपराइटर/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी।

- निविदा फार्म किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
- सबसे कम दर वाली निविदा को स्वीकृत किया जाएगा।
- निविदा स्वीकृत होने के पश्चात उसी समय सम्बंधित फर्म को अपना पंजीकरण प्रमाण पत्र अवलोनार्थ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- उक्त निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
- किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र क्षेत्र शाहजहाँपुर होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मानक |
|---|---|---|
| 1. | गार्बेज कलेक्टर ई-रिक्शा | लीथियम बैटरी, वाट-1250 भार क्षमता-500 किग्रा तक, बॉडी-माइल्ड स्टील |

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत दिउरिया**
**निगोही (शाहजहाँपुर)**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत दिउरिया**
**निगोही (शाहजहाँपुर)**

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मनसा चिन्तितं कार्यं वाचा नैव प्रकाशयेत्।
मन्त्रेण रक्षयेद् गूढं कार्यं चापि नियोजयेत्॥

मन में सोचे हुए कार्य को मुंह से बाहर नहीं निकालना चाहिए। मंत्र के समान गुप्त रखकर उसकी रक्षा करनी चाहिए। गुप्त रखकर ही उस काम को करना भी चाहिए।

## संपादकीय

# बड़ा कदम

उच्चतम न्यायालय ने सांसदों और विधायकों के विशेषाधिकार से जुड़े मामले में सोमवार को एक बड़ा फैसला सुनाया। संसद या विधानसभाओं में पैसे लेकर वोट डालने वाले नेताओं को सुप्रीम कोर्ट ने तगड़ा झटका दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर सांसद या विधायक रिश्वत लेकर सदन में भाषण देते हैं या वोट देते हैं तो उन पर कोर्ट में आपराधिक मामला चलाया जा सकता है। यह फैसला ऐतिहासिक है। सुप्रीम कोर्ट ने 1998 के एक फैसले को बदलते हुए कहा कि चयनित प्रतिनिधियों को मिला विशेषाधिकार उन्हें घूसखोरी के मामले में कानूनी कार्यवाही से राहत नहीं देता है। दरअसल, साल 1991 के आम चुनाव में कांग्रेस ने जीत दर्ज की और नरसिम्हा राव देश के प्रधानमंत्री बने। लेकिन जुलाई 1993 के मानसून सत्र में ही राव सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आ गया। तब आरोप लगे कि शिबू सोरेन और उनकी पार्टी के चार सांसदों ने पैसे लेकर लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ वोटिंग की। वर्ष 1998 में पांच सदस्यीय पीठ ने फैसला सुनाया था कि सांसदों और विधायकों को संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) द्वारा प्रदत्त संसदीय विशेषाधिकारों के तहत विधानसभा में भाषण देने और वोट देने के लिए मुकदमा चलाने से छूट दी गई है।

अब नया मामला तब सामने आया जब सुप्रीम कोर्ट झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक सीता सोरेन के एक कथित रिश्वत मामले की सुनवाई कर रहा था। सीता सोरेन पर आरोप था कि उन्होंने साल 2012 में राज्यसभा के चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार को वोट देने के लिए रिश्वत ली। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय पीठ ने कहा कि पैसे लेकर वोट डालना हमारे लोकतंत्र के लिए जहर के बराबर है। भ्रष्टाचार करने और घूस लेने वाले विधायक-सांसद भारत के संसदीय लोकतंत्र को तबाह कर रहे हैं। यानि नए फैसले के तहत अगर कोई सांसद या विधायक पैसे लेकर सदन या विधानसभाओं में वोट देता है या भाषण देता है तो उसके खिलाफ मुकदमा चलेगा। उन्हें जनप्रतिनिधि के तौर पर मिलने वाला विशेषाधिकार कानूनी कार्यवाही से राहत नहीं देता है। अब सीता सोरेन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस फैसले का असर महुआ मोइत्रा पर भी दिखाई दे सकता है। उन पर भी रिश्वत लेकर सदन में सवाल पूछने का आरोप है। महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय के फैसले को शानदार करार दिया और कहा कि इससे देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी तथा व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा होगा। भारतीय राजनीतिक परिदृश्य से मूल्य गायब हैं। ऐसे में उच्चतम न्यायालय के इस फैसले को राजनीति में नैतिकता या राजनीतिक शुचिता की दिशा में बड़ा कदम कहा जा सकता है।

# किसानों पर पड़ी कुदरती मार की भरपाई कैसे होगी



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

बारिश से फसलों के नुकसान पर कई प्रदेशों की सरकार ने मुआयना करने के बाद मुआवजा देने का ऐलान किया है, लेकिन इस तरह का मुआवजा कब और कितने दिनों बाद दिया जाता है, इस कड़वी सच्चाई से किसान अच्छे से वाकिफ हैं।

बेमौसम बारिश किसानों के लिए फसल की कम कीमतों, बढ़ती लागत और मौसम पैटर्न के प्रभाव अभिशाप साबित हो रही हैं। एक सवाल जो बार-बार उठने लगा है कि क्यों होने लगी हैं बेमौसम बारिश? ये सवाल मौसम वैज्ञानिकों के लिए भी चुनौती बना हुआ है। वैज्ञानिकों की माने तो अनचाही बारिश का समग्र मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति पर सोपानी प्रभाव ड़ालता है जिसका असर केवल कृषि क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप अप्रत्याशित मौसम पैटर्न की उत्पत्ति के चलते ही बेमौसम बारिश होती हैं।

बदलते मौसम के मिजाज और अचानक हुई घनघोर बारिश ने अपने रौद्ररूप से अन्नदाताओं की एक बार फिर कमर तोड़ दी। खेतों में इस वक्त गेहूं की अधपकी फसल खड़ी है जिसे तेज बारिश और मोटे-मोटे ओलों ने जमींदोज कर दिया। बीते शनिवार की शाम और रविवार की रात में तेज हवाओं के साथ रुक-रुककर हुई बारिश ने खेतों में खड़ी हरी फसलों को पूरी तरह से चौपट कर डाला। जबकि ये सीजन तिलहन और फूल लगे दलहन फसलों का है, उन्हें भारी नुकसान हुआ।

प्रकृति के इस परिवर्तनकारी रवैये के आगे किसी का कोई जोर भी नहीं चलता। खेती किसानी पर वैसे ही संकट के बादल गुजरे कुछ सालों से मंडराए हुए हैं। फसलों को उगाने में किसान जितनी लागत लगाता है उतना वसूल भी नहीं पाता। खेती में उन्हें लगातार घाटा होता चला जा रहा है। ऊपर से कुदरत की कहर बरपाती मार उन्हें परेशान कर देती है। दो दिनों में बारिश से हुई इस लोक हानि की भरपाई कौन करेगा? इसकी गारंटी शायद कोई नहीं देगा।

बारिश से फसलों के नुकसान पर कई प्रदेशों की सरकार ने मुआयना करने के बाद मुआवजा देने का ऐलान किया है, लेकिन इस तरह का मुआवजा कब और कितने दिनों बाद दिया जाता है, इस कड़वी सच्चाई से किसान अच्छे से वाकिफ हैं। लाखों के नुकसान पर मात्र कुछ सौ रुपए या एकाध हजार का ही मुआवजा देकर मामले को रफादफा कर दिया जाता है, जो किसानों की नुकसान की भरपाई नहीं कर पाता।

गौरतलब है बेमौसम बारिश विगत कई वर्षों से लगातार हो रही है। तभी होती है जब फसलें पककर खेतों में खड़ी होती हैं। पिछले कई वर्षों से कमजोर मानसून मुख्य कारण तो बना ही हुआ है जिससे धान की फसल का उत्पादन घट गया है, पर इस बार रबी फसल की बुवाई और मौसम अनुकूल रहने के कारण गेहूं और तिलहन की फसल अच्छी हुई थी, लेकिन कुदरत के कहर और बेमौसम बारिश ने रबी की फसलों को पलभर में तहस-नहस कर दिया। तेज हवा के झोंकों ने बाली दे चुके गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई। फसल का दाना पुष्ट नहीं हुआ था, इससे वो सड़ जाएगा। निश्चित रूप से अकाल वृष्टि ने हमारे कृषि क्षेत्र की भेद्यताओं को कहीं का नहीं छोड़ा। बारिश को आमतौर पर एक वरदान कहा जाता है, लेकिन समय पर हो तब?

बेमौसम बारिश किसानों के लिए फसल की कम कीमतों, बढ़ती लागत और मौसम पैटर्न के प्रभाव अभिशाप साबित हो रही हैं। एक सवाल जो बार-बार उठने लगा है कि क्यों होने लगी हैं बेमौसम बारिश? ये सवाल मौसम वैज्ञानिकों के लिए भी चुनौती बना हुआ है। वैज्ञानिकों की माने तो अनचाही बारिश का समग्र मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति पर सोपानी प्रभाव ड़ालता है जिसका असर केवल कृषि क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप अप्रत्याशित मौसम पैटर्न की उत्पत्ति के चलते ही बेमौसम बारिश होती हैं।

इसके अलावा ग्लोबल वार्मिंग, दुर्बल पश्चिमी विक्षोभ और प्रबल उष्णकटिबंधीय जेट स्ट्रीम हाल में हुई बेमौसम बारिश के प्रमुख कारण हैं। अन्य कारणों को देखें तो अल नीनो एक मौसमी परिघटना है जो तब होती है, जब पश्चिमी प्रशांत महासागर का गर्म जल पूर्व की ओर प्रवाहित होता है जिसके परिणामस्वरूप कुछ क्षेत्रों में सूखे की स्थिति, जबकि कुछ अन्य क्षेत्रों में बेमौसम बारिश की स्थिति उत्पन्न हो जाती हैं। इसलिए कुल मिलाकर बेमौसम बारिश का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन ही है। वैसे मानवीय गतिविधियां भी बदलते मौसम मिजाज का कारण हैं। जंगलों की कटाई, शहरीकरण और प्रदूषण जैसी इंसानी गतिविधियां भी इसमें भरपूर योगदान देती हैं। वनों की कटाई जल चक्र को बाधित करती हैं। वहीं शहरीकरण और प्रदूषण सूक्ष्म-जलवायु को प्रभावित करती हैं जिसके चलते मौसम बदलाव के लिए करवट लेना आरंभ करता है।

फिलहाल मार्च लगते ही बेहताशा बारिश ने पूरे देश को सराबोर कर दिया है। कई जगहों पर तो बहुत मोटे-मोटे ओले पड़े जिससे फसलें खेतों में ही गिर गई, जब तक दोबारा उठ पाएंगी, तब तक उसका दाना सड़ चुका होगा। सरसों, सब्जियां, दालें, प्याज आदि की फसलों को कुछ ज्यादा ही नुकसान हुआ है। ये ऐसी फसलें होती हैं, जो बहुत कमजोर मानी जाती है, हल्की बारिश में भी खराब हो जाती हैं। अन्नदाता बर्बाद हुई फसलों को देखकर कलेजा पकड़कर खेतों में बैठे हैं। उनके रोने-चिल्लाने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तैर रही हैं, जिन्हें देखकर हम सभी परेशान हैं। किसान सरकारों से उम्मीद लगाए हैं कि उन्हें उनकी फसलों के नुकसान पर वित्तीय सहायता मिलेंगी। सहायता मिलनी भी चाहिए, आखिर उनकी छह महीने की कमाई पर पानी जो फिरा है। ऐसे में उन्हें सिर्फ उम्मीदें हुकूमतों से ही होती हैं, किसानों की वो उम्मीदें नहीं टूटने देनी चाहिए। हालांकि फसलों की सुरक्षा के लिए वैसे तो केंद्रीय स्तर पर कई योजनाएं अमल में हैं, लेकिन शायद कुदरती आपदाओं के वक्त किसानों को उनकी सुविधाएं तब मिल नहीं पाती। 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना', प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना' जैसी कई बेहतरीन पहलें हैं, लेकिन कम जोतकार किसान इन योजनाओं का फायदा नहीं उठा पाता। वर्ष-2016 में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई 'फसल बीमा योजना', जो प्राकृतिक आपदाओं, कीटों या बीमारियों के कारण फसल खराब होने या नुकसान की स्थिति में किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

इस योजना के तहत किसानों को नॉमिनल प्रीमियम देना होता है और शेष राशि का भुगतान सरकार करती है। प्रीमियम की दरें फसल के प्रकार, अवस्थिति और किसान द्वारा चुने गए कवरेज के स्तर के आधार पर तय होती हैं। यह योजना सभी खाद्य एवं तिलहन फसलों और वाणिज्यिक एवं बागवानी फसलों को दायरे में लाती हैं। दरअसल दिक्कत ये है कि मध्यम स्तर का किसान अपनी फसलों की गारंटी या बीमा नहीं करवाता। मात्र छह फीसदी सीमांत व बड़े किसान ऐसे हैं, जो इस योजना को फॉलो करते हैं।

बहरहाल मसला इस वक्त ये है, बैमौसम बारिश से हुए नुकसान से किसानों को उभारने का, सरकारी स्तर पर उनकी हर संभव सहायता होनी चाहिए। हालांकि फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए किसानों को 'कृषि निवेश अनुदान योजना' के तहत 'राज्य आपदा मोचक निधि' से सहायता देने का निर्णय हुआ है। जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वो कैंप लगाकर सर्वे करवाएं। किसानों की फसलों का 33 प्रतिशत या उससे अधिक का नुकसान होने पर सूचनार्थ रिपोर्ट शासन को भेजने का आदेश दिया गया है।

## प्रसंगवश

# न्यौता न मिलने का दर्द



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

दर्द की जो अनेक किस्में हैं उसमें शादी में न्यौता न मिलने का जानलेवा दर्द भी शामिल है। खासकर ऐसे किसी के यहां होने वाली शादी जिसके बारे में आप अपने खास होने का मुगालता पाले हों। सबसे पहला झटका तब लगता है जब ऐसे किसी तथाकथित खास के यहां ब्याह होने की खबर किसी और से मिलती है। किसी और से पता चलना दुखी कर जाता है। फोन कॉल आने की उम्मीद बंधी रहती है, पर मन तैयारियां भी करने लगता है शादी में जाने की। आदमी अपने परिवार में सरसरी तौर पर जिक्र करता है। मन में पूरी उम्मीद लिए, उदासीन दिखने की कोशिश करता है।

फिर वक्त बीतता है। शादी की तारीखें नजदीक आने लगती हैं। बताने वाले, शादियों का कार्यक्रम, पूरा ब्यौरा फुसफुसा जाते हैं। बस वही से खबर नहीं आती जहां से उसे आना चाहिए था और फिर न्यौता मिलने की भी किस्में होती हैं। एक विधान तय है इसका। किसी से खुद आकर न्यौता देने की उम्मीद की जाती है। बहुत बार हम चाहते हैं कि न्यौता देने वाला सपरिवार आए। यह भी देखा जाता है कि न्यौता कितना गर्मजोशी भरा या औपचारिक था। कार्ड आया है या नहीं? ई कार्ड को न्यौता माना जाए या नहीं? एक बार कहने भर से शादी में जाना ठीक लगेगा भी या नहीं? हमसे ही दोबारा मनुहार क्यों नहीं की गई? ऐसे सवाल तंग करते हैं और बंदा जाने या न जाने की ऊहापोह में फंसा रहता है।

फिर शादी की तारीख और नजदीक आती है। जाहिर है न्योता देने वाला या तो आपको जानबूझकर कर भूल चुका या शादी की तैयारियों के चलते वह ऐसा करने से चूक गया है। आप पहले अनमने होते हैं। फिर खीझते है और बहुत जल्दी नाराज होने लगते है। सामने वाला अहसान फरामोश लगने लगता है। उसकी कृतघ्नता, उसकी कृपणता चिड़चिड़ा कर जाती है। हमने इसके लिए क्या-क्या नहीं किया जैसी बातें याद आने लगती हैं। इस नाराजगी की चपेट में बहुत बार कोरियर और डाक तार वाले भी आ जाते हैं। चूंकि न्यौता को नहीं आने वाला होता है इसलिए नहीं भी आता है। इस दर्द को बढ़ाते हैं वो लोग जिन्हें न्यौता मिल चुका होता है। वो आपसे जानना चाहते हैं कि शादी में चलने बाबत आपका क्या कार्यक्रम है। आप मन की नाराजगी थामते हुए मुस्कराते हैं। अपनी व्यस्तताओं का ब्यौरा पेश करते हैं आप। यह बताते हैं कि उसी दिन आपकी बुआ की लड़की की ननद की शादी है, ऐसे में आपका शादी में जाना मुमकिन नहीं। आप यह बताते हैं किसी जरूरी मीटिंग में होंगे उस दिन आप। आपकी पत्नी के घुटनों में दर्द है। आप उसे दुनिया भर की बातें बताते है, बस आप यह नहीं बता पाते कि आप न्यौते से वंचित रह गए हैं या कर दिए गए हैं। फिर आपके बिना शामिल हुए शादी हो जाती है।

इंस्टाग्राम, फेसबुक और ट्विटर पर दूल्हा-दुल्हन और दूसरे तमाम निमंत्रित लोग मुस्कराते दिखते हैं आपको। आपको लगता है ये सब आपको चिढ़ाने के प्रयोजन से है। शादी में शामिल लोग लौटकर मिलते हैं आपसे। बताते हैं आपसे कि शादी जोरदार रही। ब्रेकफास्ट से लेकर डिनर तक की खबरें विस्तार से पेश की जाती हैं। वहां हासिल शराब की नदियों का ज़िक्र होता है। वहां की भव्यता को बढ़ा चढ़ाकर पेश किया जाता है और फिर आखिर में आप की कमजोर नस दबाई जाती है। आपसे पूछा जाता है कि आप क्यों नहीं दिखे शादी में? आप का दिल चाहता है कि सामने वाले का गला दबा दिया जाए। आप यह भी चाहते हैं कि शादी बाबत कोई सनसनीखेज गॉसिप सुनने को मिले। आप शादी में हुए किसी लफड़े के बारे में जानने को व्यग्र रहते हैं। ऐसी खबरें आपको थोड़ी तसल्ली देती हैं और ऐसा कुछ न होने पर आप थोड़ा और नाराज हो जाते हैं। मन ही मन कसम खाते हैं कि इस घटिया आदमी को अपने पिंटू, या बेबी की शादी में हरगिज हरगिज नहीं बुलाएंगे।

हमारे देश में देवता सोते-जागते रहते हैं। जब तक वे जागे हुए रहते हैं, शादियां होती है। ऐसे में शादियां रुक-रुक कर सालभर चलती हैं। जब भी शादियां होती है, हर बार हमारे कुछ भुलक्कड़ या शातिर अपने, हमें शादी में बुलाना भूल जाते हैं। जब भी ऐसा होता है, दर्द होता है दिल में और लंबे वक्त तक बना रहता है।

# हमारे ज्ञान और आचरण के बीच बड़ा अंतराल



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हिंदुओं को विश्वास है कि राहु और केतु नाम के दो सर्प-राक्षस उनके देवता सूर्य या चंद्रमा को यदा-कदा निगल जाने की कोशिश करते हैं जिससे इन देवताओं को अपार कष्ट होता है और साथ ही पृथ्वी पर अंतहीन अंधेरा छा जाने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। हिंदू इन प्राकृतिक शक्तियों को देवता मानता है। अत: यह ग्रहण के अवसर पर इन देवताओं के कष्ट निवारण के लिए परेशान हो उठता है। दौड़कर तीर्थस्थलों में जाता है, पवित्र स्नान करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि इस वह उसके देवता का साथ दें।

बचपन में सुनते थे कि भारत कृषि प्रधान देश है, पर आज साफ लगता है कि कृषि प्रधान देश के साथ भारत धर्म परायण देश भी है, कर्मकांड प्रधान देश भी है, राजनैतिक अनैतिकताओं का देश भी है, भ्रष्टाचार पसंद देश है। खुले आम आया राम गया राम का देश है। राजनैतिक नैतिकता और सत्यता लहू लुहान है और अफसोस है कि लोग बेफिक्र है, ताली बजाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है।

इस संदर्भ में अंग्रेज विचारक-साहित्यकार अल्डस हक्सली याद आ रहे है। हक्सले अपने भविष्यदर्शी उपन्यास 'ब्रेव न्यू वर्ल्ड' के लिए बहुत प्रसिद्ध हैं। 1939 के बाद अपने अमेरिकी प्रवास के दौरान दक्षिणी कैलिफोर्निया वेदांत संस्थान के स्वामी प्रभावानंद से वह बहुत प्रेरित हुए। वर्ष 1941 से 1960 तक उन्होंने इस संस्थान द्वारा प्रकाशित 'वेदांत और पश्चिम' पत्रिका के लिए 48 लेख लिखे। 1944 में उन्होने 'भगवद् गीताः प्रभु का गीत' नामक श्रीमद्भगवद्गीता के एक अंग्रेजी अनुवाद की भूमिका लिखी। वह भारत से बहुत प्यार करते थे। जनवरी 1926 में वह भारत घूमने आए और उन्होंने एक छोटा-सा निबंध 'बनारस' 14 जनवरी 1926 को लिखा था।

उल्लेखनीय है कि जिस दिन हक्सली वाराणसी आए थे वह मकर संक्राति की ग्रहण स्नान का दिन था। हक्सले के अनुसार लाखों-लाख श्रद्धालु स्त्री-पुरुष, बूढ़े-बच्चे, धनी-गरीब, छोटे-बड़े झुंडों में दूर-दूर से धूल फांकते पैदल चलकर बनारस की घाटों पर इकट्ठे हुए थे। ग्रहण की स्थिति में ही सूर्योदय होना था। भारत में यह ग्रहण अत्यंत आंशिक था जिसे जाड़े में सुबह नंगी आंखों से देख पाना संभव नहीं था, लेकिन भारतवासियों की आस्थावान आंखें अचूक थीं। सूर्योदय होते-होते हजारों-हजार की भीड़ पवित्र डुबकी के लिए बेचैन हो उठी। घना कुहरा और भयानक ठंड के बावजूद लोग तेजी से घुटने अथवा कमर भर पानी में खड़े होते, कुल्ला करते, खंखारते, थूकते, अपने देवता सूर्य को जल अर्पण करते, जोर-जोर से मंत्रोचार करते, राम-नाम रटते और दो-चार डुबकी लगाकर नदी से बाहर निकल आते। यह अंतहीन क्रम चलता रहता। कारण?

हिंदुओं को विश्वास है कि राहु और केतु नाम के दो सर्प-राक्षस उनके देवता सूर्य या चंद्रमा को यदा-कदा निगल जाने की कोशिश करते हैं जिससे इन देवताओं को अपार कष्ट होता है और साथ ही पृथ्वी पर अंतहीन अंधेरा छा जाने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। हिंदू इन प्राकृतिक शक्तियों को देवता मानता है। अतः यह ग्रहण के अवसर पर इन देवताओं के कष्ट निवारण के लिए परेशान हो उठता है। दौड़कर तीर्थस्थलों में जाता है, पवित्र स्नान करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि इस वह उसके देवता का साथ दें। उसे यह भी विश्वास है कि इस संकट की घड़ी में पूजा, स्नान आदि से उसके देवता को प्रेरणा व प्रोत्साहन मिलता है और वह दुष्ट राक्षसों को पराजित करने में सक्षम होता है। निबंध में मुख्यतः तीन बातों पर प्रकाश डाला गया हैः एक, हिंदू जीवन-दृष्टि सामाजिक विवेक पर नहीं, बल्कि धार्मिक अंधविश्वासों पर टिकी है। दो, भारतवासियों को धर्म और ईश्वर की नहीं, बल्कि सोच और नास्तिकता की आवश्यकता है और तीन, बुद्धि और कल्पना जो मनुष्य की विशिष्टता के आधार हैं, कभी-कभार जानवरों से भी बदतर बन जाने के लिए विवश करते हैं।

हमें आज हक्सले की कही बातें कुछ कड़वी लग सकती हैं, पर विदेशी लेखक सामान्यतः जो सोचते हैं, वही लिखते हैं, छिपाते नहीं हैं। इस पर बहस की जा सकती है, पर आज भी यह तो हमें भी लगता है कि भारतीयों की तमाम आस्थाएं ज्ञान पर नहीं टिकी है? हमारे ज्ञान और हमारे आचरण के बीच बड़ा अंतराल है वरना शायद हम शायद इतने कर्मकांडी न होते, हम अनैतिकता और झूठ बर्दाश्त नहीं करते। 'सब चलता है' यह हमारी सोच में न घुसता। नाजिम हिकमत की लाइनें याद आ रही हैं-'अगर हम नहीं जलेंगे/ अगर तुम नहीं जलोगे/अगर हम सब नहीं जलेंगे /तो इस अंधेरे में/उजाला कौन भरेगा?'

## सोशल फोरम

# अपनी मिट्टी का संगीतकार



जीवन के खुरदुरे यथार्थ के बीच रागात्मकता की यही दृश्य या अदृश्य अंतर्धारा रेणु को उनके पूर्ववर्ती और समकालीन कथाकारों से अलग करती है।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

स्वर्गीय फणीश्वर नाथ रेणु को अपनी मिट्टी का कथाकार कहा जाता है। उनके दो उपन्यासों- 'मैला आंचल', 'परती परिकथा' और उनकी दर्जनों कहानियों के पात्रों की जीवंतता, सरलता, निश्छलता और सहज अनुराग हिंदी कथा साहित्य में संभवतः पहली बार घटित हुआ था।

हिंदी कहानी में पहली बार लगा कि शब्दों से सिनेमा की तरह दृश्यों को जीवंत ही नहीं किया जा सकता, उनसे संगीत की सृष्टि भी की जा सकती है। रेणु ने लोकगीत, ढोल-खंजड़ी, लोकनृत्य, लोकनाटक, लोक विश्वास और किंवदंतियों के सहारे बिहार के कोशी अंचल की जो जीवंत और संगीतमय तस्वीर खींची है, उससे गुजरना एक बिल्कुल अलग-सा और असाधारण अनुभव है। उनकी तुलना अक्सर कथासम्राट प्रेमचंद से की जाती है।

मेरी अपनी समझ से रेणु प्रेमचंद से आगे के कथाकार हैं। प्रेमचंद में गांव का यथार्थ है, रेणु में गांव का संगीत। प्रेमचंद को पढ़ने के बाद हैरानी होती है कि इतनी विपरीत और अमानवीय परिस्थितियों के बीच भी किसान अपने गांव, अपने खेत से बंधा कैसे रह जाता है। रेणु का कथा संसार यह रहस्य खोलता है कि जीवन से मरण तक गांव के घर-घर से उठते संगीत और मानवीय संवेदनाओं की वह नाजुक डोर है, जो लोगों में अपनी जड़ों, अपनी मिट्टी और अपने रिश्तों के प्रति असीम राग पैदा करती है।

जीवन के खुरदुरे यथार्थ के बीच रागात्मकता की यही दृश्य या अदृश्य अंतर्धारा रेणु को उनके पूर्ववर्ती और समकालीन कथाकारों से अलग करती है।

-फेसबुक वॉल से

# और न्यूनतम जरूरतों की गारंटी सरकार देगी



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

बचपन में कहानी सुनते थे कि हमारे गांव के बाबू ने अपने छोटे भाई की शादी में परफॉर्म करने के लिए बनारस से कलाकार बुलाए थे। जब बाजार में तीन रुपए किलो रोहू मछली बिकती थी तब बनारस वाली उस टोली को तीन हजार रुपये देने की चर्चा दस-दस कोस दूर के गांवों तक हुई थी। बाबू सैकड़ों बीघे खेत के मालिक थे। इलाके के बड़े बबुआनों में नाम था। उनके खेतों में खलिहानों में न जाने कितने लोग काम करते थे। औरतें भी, मर्द भी। मडुआ, मकई तौल कर मजदूरी में देते थे। गांव के श्रमिक उनके खेतों में खूब काम करते थे। मौसम साथ देता तो अक्सर अच्छी उपज भी होती। बाबू मय खानदान फलते-फूलते रहे।

दुर्गा पूजा में नाटक कंपनी भी गांव में आती थी जिसकी मेजबानी वही करते थे। दो दृश्यों के बीच में नटुआ नाचता तो मौज में आकर उसे नकद इनाम भी देते थे। गांव के श्रमिकों ने अथक मेहनत से फुद्दी बाबू की बबुआनी को बनाए रखा। बदले में सपरिवार भरपेट भोजन भी नसीब नहीं तो इसे नसीब का खेल माना। जमाना बदला। बाबुओं की रौनक भी घटी। रौनक शिफ्ट हुई नए दौर के बाबुओं के आंगन में। बोले तो बड़े बिजनेस मैन। सम्मान से बुलाओ तो उद्योगपति कहो, फिलॉसफी से बुलाओ तो पूंजीपति कहो। बाबुओं के जमाने में सरकारों के पास उतने पैसे नहीं होते थे कि सबको मुफ्त अनाज दो, मुफ्त मकान दो। टैक्स देने वाले मिडिल क्लास का उतना विकास और विस्तार नहीं हुआ था, अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने वाली नई प्रौद्योगिकियों का जलवा कायम नहीं हुआ था। तो उस टाइम गरीब बीमारी से मरते थे, अक्सर भूख से भी मरते थे। काम बाबू का करते थे, अनाज की कोठरियां उनकी भरते थे। खुद भूख और बीमारी झेलते, अपने नसीब को रोते एक दिन मर जाते थे। अब जमाना बदला है। देश ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था के दौर में है। अब टैक्स लेने और देने का अच्छा सिस्टम है। आमदनी बढ़ी है तो टैक्स भी बढ़ा है। नए दौर के बाबुओं के कर्मचारी भूख से नहीं मरें, इसका इंतजाम सरकार करती है। बीमारी के इलाज के लिए मुफ्त बीमा के कार्यक्रम सरकार अपने फंड से चलाती है।

जीतोड़ मेहनत से काम मालिक का करेंगे, लेकिन जीने के लिए न्यूनतम जरूरतों की गारंटी सरकार देगी। अब अगर वेडिंग नहीं, प्री वेडिंग में ही हजारों करोड़ खर्च कर दिए जाएं। रिहाना को महज कुछ घंटों के परफॉर्म के लिए चौहत्तर करोड़ खर्च दिए जाएं, लेकिन मालिक की रिटेल चेन के निचले दर्जे के कर्मचारियों की विशाल फौज से जाकर मिलिए, उन्हें देखिए, जानिए। वे लगातार काम करते हैं, अथक मेहनत करते हैं, मामूली पगार पाते हैं। इतनी ही कि वे और उनका परिवार इस पर जी नहीं सकते। वे शहरों में सर की सेवा में लगे हैं। उनके बिजनेस के लिए उनके मुनाफे के लिए पूरा टाइम, पूरी एनर्जी खर्च करते हैं। उधर गांव में उनके बूढ़े और अशक्त माता-पिता मुफ्त अनाज की लाइन में खड़े हैं, उनके बच्चे मुफ्त किताबों, पोशाकों और मिड डे मील की लाइन में खड़े हैं।

आंकड़े बताते हैं कि पिछले दस-पंद्रह वर्षों में जितनी तेजी से भारत के अरबपतियों की समृद्धि में वृद्धि हुई है उतनी दुनिया के किसी और देश में नहीं। मुफ्त अनाज लेने वाली 85 करोड़ आबादी में न जाने कितने परिवारों के नौजवान बेटे शहरों में अंबानियों, अदानियों का मुनाफा बढ़ाने के लिए अपनी जवानी गर्क कर रहे हैं और हम सरकारों को कोस रहे हैं कि अब तक उन्हें मुफ्त मकान देने का वादा पूरा नहीं हुआ।

# सिलई बड़ा गांव की यात्रा



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

रामपुर मिलक के करीब एक गांव सिलई बड़ा गांव इन दिनों चर्चा में है। जहां बीते दिनों एक दलित समाज के नौजवान छात्र सोमेश की गोली लगने से मौत हो गई। वह हाईस्कूल की गणित की परीक्षा देकर आया था। प्रबुद्ध मैत्रीय संघ व क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के पदाधिकारी रविवार को गांव पहुंचे। गांव में बड़ी संख्या में पुलिस दल मौजूद था। गांव वालों ने बताया जिस स्थल पर सोमेश की मौत हुई यह जमीन दलित समाज के लोगों की कूड़ा फेंकने की जगह है। जिन लोगों से विवाद है उनकी अलग जगह है। 22 जनवरी को दलित समाज के लोगों ने सफाई अभियान के तहत ऊंची-नीची जगह को, समतल कर लिया और एक, जिस पर संविधान निर्माता का चित्र, एक झंडा जिस पर लिखा है जय भीम और बोर्ड लगा दिया। उस दिन अयोध्या में देश के प्रधानमंत्री के साथ-साथ प्रदेश व देश के अनेक गणमान्य लोग राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल थे। गांव की महिलाओं ने बताया उस समय पुरुष घर पर थे नहीं, गरीब लोग हैं। अधिकतर भूमिहीन हैं। बीघा दो-चार बीघा जोत के किसान हैं। बिन मजदूरी के गुजारा नहीं चलता। पुलिस ने महिलाओं को भी पीटा। ऐसे में सवाल है कि आखिर क्यों किसी का लाल मरे? क्यों किसी की कोख सूनी हो? सभी की हिफाजत की जिम्मेदारी पुलिस की है। पुलिस के रहते सोमेश कैसे मारा गया? जाति-धर्म, रंग-भाषा के आधार पर घृणा क्यों हो? प्रशासन व शासन को चाहिए शांति स्थापित हो और पीड़ित पक्ष को उचित मुआवजा मिले। हालांकि पीड़ित परिवार को मुआवजे से सदा का सहारा नहीं मिलेगा जिसके जीने का सहारा चला गया, उसकी भरपाई कैसे हो सकती है। यह व्यवस्था हो कि चाहे उच्च वर्ग के हों या निम्न वर्ग के या किसी भी धर्म के किसी की भी जान न जाए सभी स्वतंत्र जिएं। गांव पहुंची टीम में डॉ.सतीश, डॉ.एमपी सिंह, नवीन सागर, डॉ.हीरालाल, मोहम्मद फैसल, ललित चौधरी, हरगोविंद, चरण सिंह यादव व प्रेमपाल सिंह आदि शामिल रहे।

## पिछले लोस चुनाव में राहुल गांधी के चौकीदार चोर है के जवाब में इंटरनेट मीडिया पर शुरू हुआ था मैं भी चौकीदार

# मैदान-ए-जंग में चौकीदार के बाद मोदी का परिवार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निःवंश करार देने के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के निजी हमले के जवाब में भाजपा नेताओं, केंद्रीय मंत्रियों, राज्यों के मुख्यमंत्रियों-मंत्रियों समेत संगठन में सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मोदी का परिवार बनने की होड़ सी मच गई है।

पांच साल पहले भी मोदी ने राफेल के संदर्भ में राहुल गांधी की ओर से चौकीदार चोर है के हमले से ऐसा ही एक हथियार मैं भी चौकीदार से विपक्ष की सारी कोशिशें ध्वस्त करते हुए बड़ी जीत के साथ दूसरी बार सत्ता हासिल की थी। अब वोटरों में संवेदनात्मक लगाव जगाने के लिए मोदी का परिवार बनने का अभियान चलाकर बड़े अंतर से हैट्रिक की तैयारी है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा ने सोमवार को मोदी का परिवार अभियान शुरू कर दिया है। इसी माह कभी भी चुनावी अधिसूचना जारी हो सकती है। राजनीतिक दलों की ओर से चुनावी रैलियों की शुरुआत हो चुकी है। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान पर राष्ट्रीय जनता दल की चुनावी रैली में रविवार को पटना में पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए कहा था कि नरेंद्र मोदी के पास परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह बस राम मंदिर पर डींगें ही हांकते रहते हैं। वह तो एक सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा के अनुसार, एक बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर अपना सिर और दाढ़ी मुंडवाया जाना चाहिए, लेकिन उन्होंने अपनी मां के निधन पर ऐसा नहीं किया। मोदी ने सोमवार को तेलंगाना के अदिलाबाद में जनसभा के दौरान इंडी गठबंधन को निशाने पर लेते हुए उनके परिवार को लेकर किए गए हमले को हथियार बनाते हुए भाजपा के चुनावी अभियान में शामिल कर लिया। यह सब कुछ वैसा ही है जैसा 5 साल पहले 'मैं भी चौकीदार' का अभियान चलाया गया था। मोदी के इस बयान के बाद एक्स पर भाजपा ने नए अभियान का आगाज कर दिया। अभियान का नाम दिया गया मोदी का परिवार। फिर क्या था भाजपा के तमाम शीर्ष नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना बॉयो बदल दिया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रदेश में होगी 10 रैली

**लखनऊ।** भाजपा ने सोमवार को प्रदेश में चुनावी रैलियों और रोड-शो की योजना को अंतिम रूप दिया है। इसे केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जाएगा। योजना के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रदेश में 10 रैली होगी और वाराणसी में रोड-शो भी करेंगे। जबकि गृहमंत्री अमित शाह की 12 रैली कराने की योजना बनी है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर लोकसभा में रैली करेंगे, इसके लिए एक दिन में दो से तीन सीटों पर उनकी सभाएं होंगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रदेश में 15 से ज्यादा रैलियां करेंगे। इसके अलावा रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, एमपी के मुख्यमंत्री मोहन यादव आदि तमाम नेताओं की रैली के कार्यक्रम तय किए गए हैं। सहयोगी दलों सुभासपा, रालोद, निषाद पार्टी, अपना दल (एस) के नेताओं के भी कार्यक्रम किए गए हैं।

### नड्डा, शाह व योगी ने बदला बॉयो, जोड़ा मोदी का परिवार

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ केंद्रीय मंत्रियों नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, अनुराग ठाकुर आदि समेत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और तमाम नेताओं ने एक्स पर अपना बॉयो बदल कर नाम के आगे मोदी का परिवार लिख दिया।

## गेहूं खरीद नीति 24-25 को मंजूरी

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदेगी। किसानों को 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान होगा। यह सरकारी खरीद 6500 खरीद केंद्रों के जरिए की जाएगी। कैबिनेट बाई सर्कुलेशन से सरकार ने गेहूं खरीद नीति 2024-25 को मंजूरी दे दी है। नीति के मुताबिक कुल आठ एजेंसियां खरीद करेंगी। ये एजेंसियां हैं-खाद्य विभाग की विपणन शाखा, मंडी परिषद, उत्तर प्रदेश सहकारी संघ (पीसीएफ), उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव यूनियन (यूपीपीसीयू), उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ (यूपीएसएस), भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नैफेड), भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित (एनसीसीएफ) और भारतीय खाद्य निगम।

## एसएससी परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाले तीन लोग गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- छत्तीसगढ़ व असम की परीक्षाओं में उप्र के अभ्यर्थियों को पास कराने को बनाते थे फर्जी दस्तावेज

**अमृत विचार :** छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश एवं असम राज्य में होने वाली एसएससी (जीडी) भर्ती में उप्र के अभ्यर्थियों को पास कराने को फर्जीवाड़ा करने वाले तीन को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ के हत्थे चढ़े तीनों आरोपी उन राज्यों का फर्जी आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, मार्कशीट एवं वोटर आईडी तैयार करते थे।

पकड़े गए तरूण, रॉबिन उर्फ रवि, और सचिन बुलन्दशहर के रहने वाले हैं। एसटीएफ ने तीनों को वहीं से पकड़ा है। उनके पास से बड़ी संख्या में आधार कार्ड मूल व छाया प्रति, मूल निवास प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रेशन फार्म, मार्कशीट की छाया प्रति, मार्कशीट बनाने का प्रोफार्मा, एसएससी एडमिट कार्ड, वोटर आईडी कार्ड की छाया प्रति और वोटर आईडी कार्ड बनाने का प्रोफार्मा आदि बरामद किया गया है। पूछताछ में पता चला कि उनका एक गिरोह है, जो फर्जी कागजात बनाते है। छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश एवं असम में आयोजित होने वाली एसएससी (जीडी) भर्ती में उप्र के युवको को लाभ पहुंचाने के लिए उन राज्यों का फर्जी दस्तावेज तैयार करते है। फर्जी प्रमाण-पत्र बनाने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी से पांच लाख रूपये लेते रहे हैं। उनमें से 2 लाख रूपये फर्जी दस्तावेज बनाने वाले मनोज व टिंकू को देते रहे हैं। शेष पैसा आपस में बांट लेते है।

# तंबाकू कारोबारी के यहां 100 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी

## 7 करोड़ नकद और 200 करोड़ संपत्ति के कागजात जब्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बंशीधर तंबाकू समूह के देश भर में ठिकानों पर पड़े छापे
- 12 करोड़ की घड़ियां व 60 करोड़ की कारें भी टीम ने बरामद की

**अमृत विचार :** बड़े तंबाकू कारोबारी के आर्य नगर स्थित पुराने बंगले व प्रतिष्ठानों में चल रही आयकर विभाग की छापेमारी सोमवार को पांचवें दिन खत्म हो गई। देशव्यापी छापेमारी में 100 करोड़ से अधिक टैक्स चोरी पकड़ी गई है। आयकर टीम ने अलग-अलग ठिकानों से 12 करोड़ की घड़ियां, सात करोड़ की ज्वेलरी, 60 करोड़ की कारें और सात करोड़ नकदी जब्त की है। इसके अलावा 200 करोड़ से अधिक की प्रॉपर्टी के कागजात भी जब्त किए गए हैं। हालांकि अभी दिल्ली के वसंत बिहार स्थित बंगले के अलावा अहमदाबाद स्थित फैक्ट्री पर जांच जारी है।

दिल्ली और गुजरात में कारोबार शिफ्ट कर चुके तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा उर्फ मुन्ना व उनके बेटे शिवम के देशभर के प्रतिष्ठानों (बंशीधर तंबाकू समूह) में आयकर विभाग ने छापा मारा था। आयकर अधिकारियों के मुताबिक कारोबारी ने अधिकांश कालाधन संपत्ति में खपाया है।

कानपुर, दिल्ली, गुजरात व मुंबई में 20 से अधिक संपत्तियों के कागजात मिले हैं। आयकर टीम को कारोबारी के बेटे शिवम मिश्रा के नाम पर भी कई संपत्तियां मिली हैं, जिनकी कीमत 200 करोड़ रुपये से ज्यादा आंकी गई है। इन संपत्तियों को खरीदने में पैसा कहां से आया, इसकी जांच शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही नयागंज स्थित प्रतिष्ठान और आवास से बड़ी संख्या में कारोबार से जुड़ी फाइलें जब्त की गई हैं।

आयकर टीम को करीब 50 करोड़ रुपये के लेन-देन के कच्चे पर्चे भी बरामद हुए हैं। आयकर अधिकारियों के मुताबिक छह ऐसी कंपनियों के साक्ष्य मिले हैं, जिनका इस्तेमाल टैक्स चोरी और काली कमाई को खपाने में किया गया। अब तक करीब 100 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी की बात सामने आई है। कारोबारी केके मिश्रा से जुड़े कई गुटखा कारोबारी भी रडार पर आ सकते हैं। कारोबारी केके मिश्रा ने हार्ट का सर्जरी का हवाला दिया है, जिस कारण टीम ने उनसे फिलहाल पूछताछ नहीं की है। टीम ने उनके बेटे शिवम मिश्रा से पूछताछ कर जानकारी हासिल की।

## बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए केंद्र को भेजा प्रस्ताव

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने प्रदेश में बिजली आपूर्ति के सुधार के लिए 42,968 करोड़ 55 लाख रुपये की कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव केंद्र को भेजा है। केंद्र की रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत यह रकम मांगी गई है।

- 42,968 करोड़ 55 लाख रुपये की वृहद कार्ययोजना तैयार

शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित कार्ययोजना के तहत शहरों में बिजली तारों को भूमिगत करने, नए बिजली उपकेंद्र बनाने, उपकेंद्रों व ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाने व अन्य सुधार कार्य कराए जाएंगे। कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत पहले से 13500 करोड़ रुपये से कार्य कराए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 5000 करोड़ रुपये के कार्य प्रस्तावित किए गए हैं।

## ओपन जेल व्यवस्था की योजना पेश करने का आदेश

लखनऊ, विधि संवाददाता

- उपायों पर सभी जेल अधीक्षकों से भी हाईकोर्ट ने मांगी राय

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राजस्थान व महाराष्ट्र के तर्ज पर प्रदेश में 'ओपन जेल' की व्यवस्था तथा इस प्रकार के अन्य सुधारात्मक उपायों को लागू करने के संबंध में योजना अथवा प्रस्ताव पेश करने का आदेश राज्य सरकार को दिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा है कि प्रदेश के सभी जेलों के जेल अधीक्षक अपना प्रस्ताव दे सकते हैं।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने वर्ष 1998 में मॉडल जेल से मिले एक कैदी के पत्र के आधार पर दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। हालांकि न्यायालय ने अब इस मामले को यूपी बनाम स्टेट ऑफ यूपी स्वतः संज्ञान याचिका के तौर पर टाइटिल देने का भी आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने यह भी पूछा है कि अंडर ट्रायल व दोषसिद्ध कैदियों के कमाई पर निर्भर उनके परिवारों को सहयोग किए जाने की भी क्या कोई योजना है। मामले की अगली सुनवाई 29 मार्च को होगी। न्यायालय ने अपने पूर्व के आदेश के अनुपालन में राज्य सरकार के अधिवक्ता को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश प्राप्त कर कोर्ट को अवगत कराने को कहा है कि मॉडल जेल में कुल कितने विचाराधीन कैदी और कितने सजायाफता कैदी बंद हैं और इनमें पुरूष व महिला कैदियों की संख्या कितनी है। पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने यह भी पूछा था कि क्या किसी महिला कैदी के साथ कोई बच्चा भी रह रहा है। न्यायालय ने अपने इस आदेश की जानकारी अपर मुख्य सचिव, गृह व महानिदेशक, कारागार को देने का निर्देश दिया है।

## सार-संक्षेप

### नहर में वैन गिरी, भाई व दो बहनों सहित 4 की मौत

**बुलंदशहर,एजेंसी :** जिले के जहांगीरपुर थाना इलाके में एक वैन के नहर में गिर जाने से दो बहनों और एक भाई सहित 4 लोगों की मौत हो गई। दो लोग अभी लापता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि रविवार देर रात बरसात काफी तेज हो रही थी और तभी यह सूचना मिली कि थाना जहांगीरपुर क्षेत्र में कपना नहर में एक वैन गिर गई है। एसएसपी ने बताया कि नहर के ठीक बगल में एक मंदिर का प्रांगण है, जिसमें बाढ़ पीएसी (प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी) के कर्मी रुके हुए थे। आवाज सुनते ही उन्होंने तत्काल पांच लोगों को वहां से निकाला जिसमें से दो पूरी तरह सुरक्षित हैं और 4 लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान ककोड़ थाना इलाके के शेरपुर गांव निवासी कांता (22), मनीष (21) और अंजलि (18) के रूप में हुई है। बादमें एक और व्यक्ति का शव मिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया है और सभी मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है।

### 12 करोड़ से अधिक ग्रामीणों तक पहुंचा शुद्ध पेयजल

**लखनऊ, अमृत विचार :** जल जीवन मिशन की हर घर नल योजना के तहत सोमवार तक प्रदेश में दो करोड़ 10 लाख से अधिक ग्रामीण परिवार तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन पहुंचा दिया गया है। इसी के साथ 12 करोड़ 62 लाख से अधिक ग्रामीणों तक शुद्ध पेयजल पहुंच चुका है। राज्य सरकार इस योजना से युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के साथ ही युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध हो रहा है। प्रदेश में 1,16,388 युवाओं को प्लंबिंग, 116388 इलेक्ट्रीशियन, 1,16,388 मोटर मैकेनिक, 116388 फिटर, 174582 राजमिस्त्री, 1,16,388 पम्प ऑपरेटर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## मंत्रिमंडल विस्तार आज संभव पांच नये मंत्री ले सकते हैं शपथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ओपी राजभर, दारा सिंह चौहान, आकाश सक्सेना, रालोद के राजपाल बालियान और अशरफ अली को मंत्री बनाया जाना संभव

**अमृत विचार :** प्रदेश में बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल का विस्तार मंगलवार को किए जाने की तैयारी है। समझा जा रहा है कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दोपहर 3 बजे आगरा से लखनऊ लौटने के बाद शाम लगभग पांच बजे राजभवन में कैबिनेट में शामिल होने जा रहे मंत्री शपथ ले सकते हैं।

इसके लिए राजभवन स्टाफ तैयार है लेकिन आयोजन राज्यपाल के लखनऊ पहुंचने के बाद ही फाइनल किया जाएगा। पांच मंत्रियों को योगी कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। इसमें दो कैबिनेट, दो राज्यमंत्री और एक स्वतंत्र प्रभार मंत्री बन सकते है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उप्र. की भाजपा सरकार का यह तीसरा कैबिनेट विस्तार होगा। दरअसल, दूसरे विस्तार के बाद योगी के मंत्रिमंडल में 52 मंत्री हैं। फिलहाल मंत्रिमंडल में आठ मंत्रियों की जगह खाली है। सूत्रों के अनुसार योगी के तीसरे विस्तार में जिन विधायकों का नाम लगभग फाइनल है उसमें सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर और दारा सिंह चौहान के अलावा सपा नेता आजम खान से कानूनी लड़ाई लड़ने वाले रामपुर के विधायक आकाश सक्सेना का नाम शामिल है।जयंत चौधरी की पार्टी रालोद से भी दो मंत्री बनाए जा रहे हैं। रालोद के राजपाल बालियान और अशरफ अली को मंत्री बनाया जाएगा। माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल विस्तार में लोकसभा चुनाव से पहले क्षेत्रीय और जातिगत गणित का भी ध्यान रखकर नये मंत्रियों को जोड़ा जा रहा है। राज भवन में इसकी तैयारियां चल रहीं हैं।

## संतरी व कार्यालय ड्यूटी नहीं करेंगी महिला सिपाही



**लखनऊ, अमृत विचार :** थाने पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों को अब संतरी ड्यूटी और कार्यालय संबंधी कार्य से निजात मिलेगी। उनकी बीट पर सक्रियता बढ़ाई जाएगी। अपर पुलिस महनिदेशक (स्थापना) संजय सिंघल ने इस आशय का आदेश जारी किया है। प्रदेश के सभी पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर तथा पुलिस कप्तानों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि बीते दिनों डीजीपी ने साप्ताहिक स्टाफ बैठक में निर्देश दिया कि थानों पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों से संतरी ड्यूटी और कार्यालय संबंधी न लिया जाए। उन्हें अधिक से अधिक बीट (फिल्ड) पर भेजा जाना सुनिश्चित किया जाए।

## डेढ़ लाख परीक्षक जांचेंगे तीन करोड़ उत्तरपुस्तिकाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड ने सोमवार को हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्यक्रम भी घोषित कर दिया। 16 मार्च से 31 मार्च तक कापियों का मूल्यांकन प्रदेश के 260 केंद्रों पर होगा। बोर्ड ने मूल्यांकन केंद्रों का निर्धारण कर दिया है। इन सभी केंद्रों पर करीब डेढ़ लाख परीक्षक तीन करोड़ कापियों का मूल्यांकन करेंगे। परीक्षक 55 लाख से अधिक परीक्षार्थियों के शैक्षणिक भविष्य का मूल्यांकन 13 दिन के भीतर करेंगे।

यूपी बोर्ड ने परीक्षा के साथ ही उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी भी शुरू कर दी है। बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा 9 मार्च को समाप्त हो रही हैं। बोर्ड ने इसी बीच मूल्यांकन का कार्यक्रम भी तय कर दिया है। जिलेवार मूल्यांकन केंद्रों का निर्धारण कर दिया गया है। हाईस्कूल के लिए 131 एवं इंटर की उत्तरपुस्तिकाओं के लिए 116 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। 13 मूल्यांकन केंद्र मिश्रित बनाए गए हैं।

बोर्ड ने कुल 260 मूल्याकंन केंद्र बनाए हैं। इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में 29,47,311 एवं इंटर में 25,77,997 समेत कुल 55,25,308 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। हाईस्कूल परीक्षा की 1.76 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 94,802 एवं इंटर परीक्षा की 1.25 कापियों के मूल्यांकन के लिए 52,295 परीक्षकों की नियुक्ति की गई है। इस प्रकार कुल 3.01 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं के लिए 1,47,097 परीक्षकों को तैनात किया गया है।

## वर्ग पहेली-362

**बाएं से दाएं**

4. दुकानों पर चाय की प्रचलित मात्रा में कटौती करके दी जाने वाली चाय, आधा कप चाय।

5. वह व्यक्ति या संस्था जो वस्तुओं की बिक्री आदि का प्रबंध करती है, बिक्री प्रबंधक, (डिस्ट्रीब्यूटर)।, वितरण करने वाला,बांटने वाला।

6. (पुराण) पिता या पितृतुल्य व्यक्ति- पिता

7. एक प्रकार का बाजा, झांझ।; 1. झालने (अर्थात धातु की चीज़ों को टांका लगाकर जोड़ने) की क्रिया या भाव 2. गंध, स्वाद आदि की तीव्रता,स्वाद का चरपरापन या तीक्ष्णता।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. सृष्टि, संसार जगत, 2. भीड़-भाड़, जनसमूह 3. उत्पन्न या सृजन करना 4. प्राकृतिक संघटन।

2. नियमित न होने का भाव, नियम का उल्लंघन।

3. 1. विचित्र क्रिया या व्यापार, अलौकिक घटना 2. कथावस्तु में घटनाओं का क्रम, किसी नाटक की पूरी कथावस्तु।, संविधान बनाने वाला।

5. वन, जंगल, बियावान,कानन अरण्य।

6. पहाड़ी ब्राह्मण समाज में एक कुलनाम या सरनेम।




### वर्ग पहेली - 361 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | ल | | 2 उ | ट | 3 ज |
| शु | | | ता | | ग |
| दे | | 4 यु | व | ती | |
| 5 व | शी | | ला | | 6 का |
| वा | | 7 उ | प | ता | प |
| 8 द | ह | क | न | | टि |
| | | ठा | | 9 रैं | क |

## सुडोकू -79

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 9 | | 1 | | | |
| 1 | | | 2 | 4 | | | | |
| 2 | | 4 | | | | 9 | | 5 |
| | | 7 | | | 9 | | 4 | |
| 6 | | 3 | 5 | | 4 | | | 9 |
| | 8 | | 1 | | | 6 | | |
| 9 | | 8 | | | | 2 | | 6 |
| | | | | 2 | 8 | | | 7 |
| | | | 6 | | 3 | 1 | | |

### सुडोकू - 78 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 5 | 2 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 3 |
| 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 6 | 7 | 2 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 5 | 6 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 4 |
| 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 मार्च,मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 08 .04 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।

चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-मूल 16 .00 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** — आज जीवनसाथी के साथ तनाव में वृद्धि हो सकती है। परिस्थितियों को संभालने में थोड़ी कठिनाई होगी। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। नई जॉब की शुरुआत कर रहे हैं तो थोड़ी सावधानी रखें। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें।

**वृष** — आज आपका मन किसी कारण से अप्रसन्न हो सकता है। बिना मतलब की बातों में समय बर्बाद न करें। गले और छाती में विकार उत्पन्न हो सकते हैं। छात्र अपने भविष्य को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। मन की इच्छाओं को प्रकट करने से बचें।

**मिथुन** — आज अपने लक्ष्यों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। किसी गंभीर समस्या का आपको समाधान मिल सकता है। कार्य व्यवसाय में आपके व्यवहार की प्रशंसा होगी। अचानक आपको उच्च पद मिल सकता है। आपके मन में अच्छे विचारों का प्रभाव रहेगा।

**कर्क** — आज विदेशों से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। व्यवसाय में लक्ष्य तय समय पर प्राप्त कर लेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन सफलता मिलने के आसार हैं। प्रियजनों के साथ आनंद युक्त समय बिताएंगे। घर में नजदीकी सम्बन्धियों का आगमन होगा।

**सिंह** — आज अपनी गलतियों की जिम्मेदारी स्वयं लें दूसरों पर न लादें। बच्चे रचनात्मक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। व्यवसाय में लाभ के अवसर चूक सकते हैं। क्रोध और आवेग से आपको बचना चाहिए।

**कन्या** — आज अपने खर्चों का हिसाब रखें। मानसिक रूप से संतुष्ट रहेंगे। अनावश्यक बातों में समय नष्ट न करें। व्यापार में जबरदस्त गति होने की संभावना है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। नौकरीपेशा लोगों को परेशानी हो सकती है।

**तुला** — आज पूरा दिन काफी अच्छा व्यतीत होगा। सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। संतान से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक** — आज पैतृक संपत्ति का लाभ प्राप्त होगा। आपकी छोटी-छोटी गलतियों को लोग बढ़ा-चढ़ाकर दिखा सकते हैं। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलने की संभावना है। आपका ध्यान व्यर्थ गतिविधियों में जा सकता है।

**धनु** — आज रुक-रुक कर आपके सभी काम पूर्ण हो जाएंगे। नई योजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। घर के सदस्यों में आपसी तालमेल अच्छा रहेगा। प्रेमीजन के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

**मकर** — आज अपनी कार्यक्षमता पर विश्वास बनाए रखें। मौसम में आए परिवर्तन के कारण कफ की समस्या हो सकती है। अकड़ू व्यवहार के कारण आपको परेशानी हो सकती है। नकारात्मक वातावरण से बचने का प्रयास करें।

**कुंभ** — आज आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से आप काफी आनंदित हो सकते हैं। आपके मस्तिष्क में नवीन योजनाओं की रूपरेखा बन सकती है। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों के वेतन बढ़ने की संभावना है।

**मीन** — आज आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। यात्राओं से लाभ प्राप्त होगा। मित्रों के सहयोग से आपके सभी काम आसानी से हो जाएंगे। कारोबार में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। शारीरिक रूप से काफी सक्रिय रहेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
लोहा — सुबह : 11 .34
परदेसी बाबू — रात : 08 .00

SONY MAX
पागलपंती — सुबह : 09 .00
अफवाह — रात : 07 .00

SONY PIX
सुसाइड स्क्वॉड — सुबह : 09 .34
एक्वामैन — रात : 08 .45

ZEE CINEMA
सम्राट एंड कंपनी — सुबह : 10 .30
हैक्ड — शाम : 04 .30

colors CINEPLEX
परंपरा — सुबह : 10 .58
बिल्लू — रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम 04 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़की- जब पिता जी सो जाएंगे तो में सिक्का फेंकूंगी तुम आवाज सुनकर ऊपर आ जाना।
लड़की सिक्का फेंकती है पर लड़का ऊपर नहीं आता।
एक घंटे बाद जब लड़का आया तो लड़की पूछती इतनी देर कहां लगा दी?
लड़का- अरे में तो सिक्का ढूंढ रहा था
लड़की- अरे पागल वो तो धागा बांध कर फेंका था वापिस खींच लिया।

पप्पू की टांग टूट गई अस्पताल गया तो देखा की वहां एक आदमी की दोनों टाँगे टूटी हैं।
पप्पू उसके पास गया और पूछा की आपकी दो पत्नियां हैं क्या?

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1110 डीएमओ 880 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1130 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1835, राज श्री 1350, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1570, जय जवान 1420, सचिन 1485, सूरज 1445, अवसर 1575, राग गोल्ड 1550, गृहणी 1475, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1565, चक्र टिन 1650, ब्लू 1585, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1805, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12400, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4040, पीलीभीत 4020, नवाबगंज (नई) 4010, बहेड़ी (नई) 4020 रुपये।

# मूडीज ने जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया

## रेटिंग एजेंसी ने 2024 के लिए भारत में वृद्धि दर 6.1 से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दी

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने 2024 के कैलेंडर साल के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले रेटिंग एजेंसी ने 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया था।

वर्ष 2023 में भारत के आर्थिक आंकड़े उम्मीद से कहीं बेहतर रहे हैं, जिसकी वजह से मूडीज ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया है। कैलेंडर साल 2023 की चौथी तिमाही में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत रही है। ऐसे में पूरे 2023 के साल में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने सोमवार को कहा कि सरकार के पूंजीगत व्यय और मजबूत विनिर्माण गतिविधियों ने 2023 में वृद्धि के मोर्चे पर सार्थक नतीजे दिए हैं। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियां अब कम रह गई हैं, जिसकी वजह से भारत आसानी से छह से सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर सकता है। मूडीज ने अपने वैश्विक वृहद आर्थिक परिदृश्य-2024 में कहा, ''भारत की अर्थव्यवस्था ने अच्छा प्रदर्शन किया है और 2023 में उम्मीद से अधिक मजबूत आंकड़ों के कारण हमने 2024 के लिए अपना वृद्धि दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।'' मूडीज ने कहा कि 2025 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उच्च-आवृत्ति के संकेतकों से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की सितंबर और दिसंबर तिमाही की मजबूत रफ्तार 2024 की मार्च तिमाही में जारी है।




### चुनाव के बाद निरंतरता की कर रहे उम्मीद: मूडीज

मूडीज ने कहा–हम आम चुनाव के बाद नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता की उम्मीद कर रहे हैं। इसके अलावा हमारा मानना है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम जारी रहेगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि हालांकि निजी औद्योगिक पूंजीगत व्यय की वृद्धि धीमी रही है, लेकिन आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण के लाभ और सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं पर निवेशकों की प्रतिक्रिया से इसमें तेजी आने की उम्मीद है। वर्ष 2024 भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे कई जी20 देशों के लिए चुनावी साल है। मूडीज ने कहा कि चुनाव का असर सीमा से आगे दिखाई देता है। मूडीज ने कहा कि इन चुनावों में जो नेता चुने जाएंगे, अगले चार से पांच साल के दौरान घरेलू और विदेशी नीतियों पर उनका प्रभाव देखने को मिलेगा।

## शेयर बाजार में तेजी नए रिकॉर्ड स्तर पर सेंसेक्स, निफ्टी

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक-बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। मूडीज के 2024 के लिए आर्थिक वृद्धि अनुमान बढ़ाये जाने के बीच ऊर्जा और बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी बनी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 66.14 अंक यानी 0.09 प्रतिशत चढ़कर अपने अबतक के उच्चतम स्तर 73,872.29 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह एक समय 183.98 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 27.20 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ रिकॉर्ड स्तर 22,405.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह अपने अबतक के उच्चतम स्तर 22,440.90 अंक तक चला गया था।

# दिल्ली में महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 1,000 रुपये

- आप सरकार का 76,000 करोड़ रुपये का बजट पेश
- वित्त मंत्री आतिशी ने योजना की घोषणा की

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 76,000 करोड़ रुपये के परिव्यय का बजट पेश किया। अपना पहला बजट पेश करते हुए आतिशी ने 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' की घोषणा की, जिसके तहत 18 वर्ष और इससे अधिक आयु की सभी महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये दिए जाएंगे।

आतिशी ने अपने बजट भाषण में कहा कि सरकार राम राज्य के आदर्शों से प्रेरित है। आम चुनाव से पहले राज्य विधानसभा में पेश किए गए बजट में उन्होंने 'बिजनेस ब्लास्टर्स' योजना का विस्तार विश्वविद्यालयों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) तक करने की घोषणा की। अभी तक यह योजना स्कूलों में लागू की जा रही थी। पिछले साल सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 78,800 करोड़ रुपये आवंटित किए थे और जी20 की तैयारियों के तहत नौ योजनाओं की घोषणा की थी।



## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 73,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 65,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,600-48,800 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,000 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 64,350 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,350 |
| चांदी पक्की | 721 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,600 |
| चांदी आभूषण | 72,800। |

## आईआईएफएल फाइनेंस के गोल्ड लोन पर आरबीआई की रोक

मुंबई, एजेंसी

आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड पर सोने के बदले कर्ज की मंजूरी या वितरण पर सोमवार को तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। सोना गिरवी रखकर कर्ज देने के मामले में कुछ चिंताएं सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया।

हालांकि, आरबीआई ने एक बयान में कहा कि आईआईएफएल फाइनेंस सामान्य संग्रह और वसूली प्रक्रियाओं के माध्यम से अपने मौजूदा स्वर्ण ऋण कारोबार को जारी रख सकता है। बयान के मुताबिक, आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस लि. को निर्देश दिया है कि वह तत्काल प्रभाव से स्वर्ण कर्ज को मंजूरी देने या वितरित करने या अपने किसी भी गोल्ड लोन को असाइन/प्रतिभूतिकरण या बिक्री करना करना बंद करे। आरबीआई ने कहा कि 31 मार्च, 2023 तक आईआईएफएल की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में कंपनी का निरीक्षण किया गया था। केंद्रीय बैंक ने कहा-कंपनी के स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो में निगरानी स्तर पर कुछ चिंताएं पाई गईं। इनमें कर्ज की मंजूरी के समय और चूक पर नीलामी के समय सोने की शुद्धता और शुद्ध वजन की जांच और सत्यापन के मामले में खामियां शामिल हैं।

## अब तक चीनी उत्पादन मामूली घटकर दो करोड़ 55.3 लाख टन पर

**नई दिल्ली।** उद्योग संगठन इस्मा ने कहा कि चालू विपणन वर्ष 2023-24 में अब तक देश का चीनी उत्पादन 1.19 प्रतिशत घटकर दो करोड़ 55.3 लाख टन रहा। एक साल पहले की समान अवधि में फरवरी तक चीनी का उत्पादन दो करोड़ 58.4 लाख टन हुआ था। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितम्बर तक चलता है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में चालू 2023-24 विपणन वर्ष में चीनी उत्पादन 10 प्रतिशत घटकर तीन करोड़ 30.5 लाख टन होने का अनुमान लगाया है, जो पिछले वर्ष में तीन करोड़ 66.2 लाख टन था।

# बेहतर सेवाओं के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाएं

- सीतारमण ने जीएसटी में खामियां दूर करने के लिए दी सलाह

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों से प्रणालीगत खामियां दूर करने और बेहतर करदाता सेवाएं देने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने को कहा। सीतारमण ने यहां राज्य और केंद्रीय जीएसटी संरचनाओं के प्रवर्तन प्रमुखों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि व्यापक राष्ट्रीय हित में राज्यों के बीच निर्बाध समन्वय की जरूरत है। उन्होंने उभरती सर्वोत्तम गतिविधियों को साझा करने की भी वकालत की।



बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक-वित्त मंत्री ने सभी जीएसटी संरचनाओं से अपनी खामियों को दूर करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के साथ बेहतर करदाता सेवाएं प्रदान करने का भी आग्रह किया।" सीतारमण ने जीएसटी अधिकारियों से हितधारकों के साथ जुड़कर उनकी चिंताओं को समझने, कर अनुपालन बढ़ाने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और कर प्रणाली को अधिक पारदर्शी एवं कुशल बनाने की दिशा में मिलकर काम करने के लिए भी कहा। उन्होंने केंद्र और राज्यों के जीएसटी प्रवर्तन प्रमुखों के बीच नियमित रूप से ऐसी बैठकें आयोजित करने और बाधाओं पर चर्चा करने, सफल रणनीतियों का आदान-प्रदान करने के लिए इस मंच का लाभ उठाने के महत्व पर जोर दिया। इस बैठक में राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने जीएसटी प्रणाली की सफलता सुनिश्चित करने में प्रवर्तन की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में गोली चल जाने से एक जवान की गई जान

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार को नियंत्रण सीमा रेखा (एलओसी) के पास भारतीय सेना के एक जवान की दुर्घटनावश उसकी सर्विस राइफल से गोली चल जाने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लांस नायक बलवीर सिंह घुसपैठ रोधी बाधा प्रणाली (एआईओएस) के पास तैनात थे। नौशेरा सेक्टर में उनकी सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चल जाने से उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने कहा कि सेना के जवान की मौके पर ही मौत हो गई।

### अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में कमिश्नरेट पुलिस ने एक अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुये एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से दो किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस आयुक्त (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने सोमवार को कहा कि गिरफ्तार ड्रग तस्कर की पहचान जसबीर सिंह उर्फ मल्ल निवासी गांव खैला कलां, लोपोके, अमृतसर ग्रामीण के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर उपायुक्त (विवेचना) हरप्रीत सिंह मंडेर ने पुलिस पार्टी के साथ एक विशेष अभियान चलाया था।

# मोदी सरकार ने नौकरी के अवसर खत्म किए


## मध्य प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान राहुल गांधी ने लगाया आरोप

शिवपुरी/गुना (मप्र), एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवाओं को पहले सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में नौकरियां मिल जाती थीं, लेकिन मोदी सरकार ने इस अवसर को भी खत्म कर दिया।

मध्य प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान सभाओं को संबोधित करते हुए गांधी ने मीडिया पर चीन, पाकिस्तान, क्रिकेट और बॉलीवुड का राग अलापकर लोगों का ध्यान भटकाने का भी आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि मीडिया अंबानी परिवार में शादी को कवर करने में व्यस्त है, लेकिन उसके पास प्रमुख मुद्दों को कवर करने का समय नहीं है। उन्होंने कहा, ''देश तीन प्रमुख चुनौतियों, बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार का सामना कर रहा है, लेकिन वे मीडिया से गायब हो गए हैं। वे (मीडिया) आपको ये मुद्दे नहीं दिखाएंगे, लेकिन वे आपसे चीन, पाकिस्तान, क्रिकेट या बॉलीवुड के बारे में दिखाकर आपका ध्यान भटकाएंगे।

उन्होंने आरोप लगाया-जैसे ही आपका ध्यान इधर-उधर जाएगा, आपकी जेब से पैसा निकल जाएगा और सीधे अडाणी जी की जेब में चला जाएगा। शिवपुरी में अपने भाषण के बीच में राहुल गांधी ने एक सुरक्षाकर्मी द्वारा ले जाई जा रही राइफल की ओर इशारा किया और उससे इसके निर्माण के बारे में पूछा।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को मध्य प्रदेश के गुना जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एक नवविवाहित जोड़े के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। ● एजेंसी

### नौकरी के 'बंद द्वार' खोलेगा 'इंडिया'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को भाजपा पर संविदा व्यवस्था को लगातार बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) युवाओं के लिए ''नौकरी के बंद द्वार'' खोलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन द्वारा सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए ठोस योजना तैयार की गई है।

## ईडी ने फेमा जांच में निरंजन हीरानंदानी से पूछताछ की

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में मुंबई स्थित प्रमुख रियल्टी कंपनी हीरानंदानी समूह के प्रवर्तक निरंजन हीरानंदानी से पूछताछ की है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। समझा जाता है कि 73 वर्षीय रियल एस्टेट कारोबारी ने मामले में अपना बयान दर्ज कराते हुए संघीय जांच एजेंसी को कुछ दस्तावेज सौंपे हैं। निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत चल रही जांच के तहत ईडी ने उन्हें यहां अपने कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था। दर्शन हीरानंदानी पिछले कई सालों से दुबई में रह रहे हैं। एजेंसी ने पिछले महीने मुंबई और उसके आसपास समूह के लगभग चार परिसरों की तलाशी ली थी।

## 50 लाख रुपये मुआवजे की याचिका पर अधिकारियों से जवाब-तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में पिछले माह कुत्तों के एक झुंड का शिकार हुई डेढ़ वर्षीया बच्ची के पिता की 50 लाख रुपये के मुआवजे संबंधी याचिका पर सोमवार को अधिकारियों का रुख जानना चाहा। इसके साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि आवारा कुत्ते खतरा बनते जा रहे हैं।

राष्ट्रीय राजधानी के तुगलक लेन इलाके में धोबी घाट स्थित अपने घर के बाहर बैठी डेढ़ वर्षीय बच्ची पर चार-पांच कुत्तों ने हमला कर दिया था, जिससे उसकी मौत हो गयी थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के साथ-साथ दिल्ली सरकार तथा पुलिस को नोटिस जारी किए और यह सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों के संबंध में उनसे स्थिति रिपोर्ट मांगी कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। अदालत ने कहा-समस्या यह है कि लोग वाहनों में आ रहे हैं और कुत्तों को खाना खिला रहे हैं। इसकी वजह से कुत्ते बहुत अधिक स्थानीय हो गए हैं और वे किसी पर भी हमला कर देते हैं। वे पैदल यात्रियों के लिए खतरा बन रहे हैं।अदालत ने कहा-आवारा जानवरों को खाना खिलाना अच्छी बात हो सकती है, लेकिन खुद खाना ढूंढने की उनकी क्षमता आप छीन रहे हैं। उनके पास करने के लिए कुछ और नहीं है। याचिकाकर्ता राहुल कनौजिया के वकील ने कहा कि मौजूदा मामले में बच्चों के पार्क में कुत्तों को खाना खिलाया जा रहा है, जिससे बच्चों को खतरा है।

**आवारा कुत्ते के हमले का मामला**

## जयपुर में भवन निर्माण के दौरान मिट्टी ढहने से तीन मजदूरों की मौत

**जयपुर।** जयपुर के रामनगरिया थाना क्षेत्र में सोमवार को एक भवन के निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। थानाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि जगतपुरा क्षेत्र में एक भवन के निर्माण के दौरान अचानक मिट्टी ढह जाने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान झारखंड के रहने वाले राजजन्म सिंह(35), प्रेम सिंह (30) और बिहार निवासी इरशाद आलम (23) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि रामजन्म सिंह की मौके पर ही जबकि दो अन्य मजदूरों की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

## दो और अफसर गिरफ्तार, दो करोड़ से अधिक कैश बरामद

**एनएचएआई रिश्वत रैकेट**

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने रिश्वतखोरी रैकेट के भंडाफोड़ से संबंधित मामले में मध्य प्रदेश में कार्यरत एक उप महाप्रबंधक समेत एनएचएआई के दो और अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। अब गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या बढ़कर आठ हो गई है।

भोपाल में परियोजना निदेशक का प्रभार संभाल रहे उप महाप्रबंधक राजेंद्र कुमार गुप्ता और विदिशा में परियोजना निदेशक के रूप में कार्यरत हेमंत कुमार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों और भोपाल स्थित बंसल कंस्ट्रक्शन वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े रिश्वतखोरी रैकेट के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने रिश्वतखोरी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए नागपुर में तैनात एनएचएआई के महाप्रबंधक और परियोजना निदेशक अरविंद काले और एमपी के हरदा में तैनात उप महाप्रबंधक ब्रिजेश कुमार साहू को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने कहा कि कुल बरामदगी बढ़कर दो करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

## ईडी पर हमला: उच्च न्यायालय ने जांच संबंधी याचिका पर आदेश सुरक्षित रखा

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के परिसरों पर छापेमारी करने गए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों पर हमले की जांच राज्य पुलिस से केंदीय अन्वेषण ब्यूरो को हस्तांतरित करने संबंधी ईडी की याचिका पर सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी, राज्य सरकार और केंदीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

# टीएमसी नेता तापस रॉय ने दिया इस्तीफा

कोलकाता, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तापस रॉय ने पार्टी की कार्यप्रणाली पर निराशा व्यक्त करते हुए सोमवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। रॉय ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है, जब देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि मैंने विधायक पद से अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को सौंप दिया है। संवाददाताओं से बातचीत के दौरान रॉय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके आवास पर जनवरी में छापा मारे जाने के समय उनके साथ खड़े नहीं होने के लिए पार्टी नेतृत्व की आलोचना की। पश्चिम बंगाल विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस के उप मुख्य सचेतक और बड़ानगर सीट से विधायक रॉय ने सोमवार अपराह्न अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी को सौंप दिया। इससे पहले उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी गहरी निराशा व्यक्त की और पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी पर ''बुरे वक्त'' में उनका साथ छोड़ने का आरोप लगाया। रॉय के इस्तीफे के बाद इस तरह के कयास लगाए जा रहे हैं कि रॉय भाजपा में शामिल होंगे या किसी विपक्षी दल का दामन थामेंगे।

### गुजरात: कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने पार्टी छोड़ी

**अहमदाबाद।** लोकसभा चुनावों से पहले विपक्षी दल कांग्रेस की गुजरात इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर ने सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया और वह मंगलवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होंगे। उनके इस्तीफे की घोषणा से ठीक पहले, प्रदेश कांग्रेस प्रमुख शक्तिसिंह गोहिल ने संवाददाताओं से कहा कि रविवार रात हुई एक बैठक के दौरान पार्टी की अनुशासनात्मक समिति ने डेर को पार्टी के सभी पदों और कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निलंबित कर दिया। गोहिल ने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई। गोहिल के इस बयान से पहले, भाजपा की गुजरात इकाई के प्रमुख सी आर पाटिल के पूर्व विधायक डेर के घर जाने की फुटेज स्थानीय टेलीविजन चैनलों पर प्रसारित की गई। कांग्रेस की कार्रवाई की गोहिल द्वारा घोषणा किये जाने के कुछ ही मिनट के भीतर, डेर ने अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन बुलाया और कहा कि पता ही नहीं चला कि उन्हें कब पार्टी ने निलंबित कर दिया।

## कंटेनर से टकराई कार एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**वड़ोदरा।** गुजरात के वड़ोदरा शहर के पास राजमार्ग पर खड़े कंटेनर से एक कार टकरा गई, जिससे उसमें सवार दो दंपतियों और एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कपूराई पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना रविवार देर रात हुई जब एक ही परिवार के दो पुरुष, अपनी पत्नियों और दो बच्चों के साथ कार में वड़ोदरा जिले के कर्जन तालुका से वापस आ रहे थे। उन्होंने बताया कि कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकरा गई। अधिकारी ने बताया कि दो दंपतियों और एक साल के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 साल का दूसरा बच्चा घायल हो गया।

# महुआ मोइत्रा की अंतरिम याचिका खारिज

- दिल्ली हाईकोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की ओर से दायर एक अंतरिम याचिका सोमवार को खारिज कर दी जिसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और वकील जय अनंत देहाद्रई को उनके खिलाफ कोई भी "फर्जी और अपमानजनक" सामग्री पोस्ट करने या प्रसारित करने से रोकने का अनुरोध किया गया था। मोइत्रा को हाल ही में लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने आदेश सुनाते हुए कहा, ''मैंने रोक के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी है।'' उच्च न्यायालय ने 20 दिसंबर, 2023 को मोइत्रा, दुबे और देहाद्रई के वकील की दलीलें सुनने के बाद अंतरिम याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था, वह पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से सांसद थीं। मोइत्रा ने पिछले साल अक्टूबर में दायर अपनी याचिका में दुबे, वकील देहाद्रई, सोशल मीडिया मंच 'एक्स', गूगल, यूट्यूब और 15 मीडिया संस्थानों को उनके खिलाफ अपमानजनक और दुर्भावनापूर्ण बयानों के प्रकाशन, प्रसारण से स्थायी रूप से रोके जाने का अनुरोध किया है।



### फेमा मामले में टीएमसी नेता को नया समन जारी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस की नेता और पूर्व लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा को फेमा उल्लंघन मामले में नया समन जारी कर 11 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि मोइत्रा (49) ने पिछले महीने एजेंसी को एक पत्र भेजकर पेश होने में असमर्थता जताई थी और पूछताछ का सामना करने के लिए कुछ सप्ताह का समय मांगा था।

## इनेलो नेता के दो हत्यारोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़/नई दिल्ली।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के नेता नफे सिंह राठी की हत्या के मामले में गोवा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। इनेलो की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष राठी और पार्टी कार्यकर्ता जयकिशन की 25 फरवरी को झज्जर के बहादुरगढ़ में अज्ञात हमलावरों ने उनके वाहन पर गोलीबारी कर हत्या कर दी थी। अधिकारियों ने बताया कि आशीष और सौरभ को हरियाणा पुलिस के विशेष कार्य बल, जिला पुलिस और दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के संयुक्त अभियान में गोवा से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को गोवा से दिल्ली लाया गया और फिर झज्जर ले जाया गया।

# सफलता दोहराने उतरेंगे सात्विक-चिराग

**फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट**



**पेरिस, एजेंसी**

गत तीन स्पर्धाओं में उपविजेता रही सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में 2022 की सफलता को दोहराने उतरेंगे।

सात्विक और चिराग की नंबर 1 जोड़ी चीन मास्टर्स सुपर 750, जनवरी में मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में फाइनल नहीं जीत पाई थी। फ्रेंच ओपन में भारतीय जोड़ी खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारत के खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता से पोर्ट डे ला चैपल में एडिडास एरेना को समझने का मौका भी मिलेगा जहां पेरिस ओलंपिक के दौरान बैडमिंटन के मैच खेले जाएंगे। सात्विक और चिराग ने 2022 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। वह मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु के लिए भी यह टूर्नामेंट महत्वपूर्ण है। उन्होंने 4 महीने बाहर रहने के बाद मलेशिया में खेली गई एशियाई चैंपियनशिप में वापसी की थी। 11वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेंगी। आगे बढ़ने पर उनका सामना पूर्व विश्व चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से हो सकता है। पुरुष एकल में एचएस प्रणय ने इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। उनका पहला मुकाबला चीन के लू गुआंग जू से होगा। वहीं लक्ष्य सेन को जापान के कांता सुनेयामा की चुनौती मिलेगी। किदांबी श्रीकांत को भी चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन से चुनौती मिल सकती है, जबकि प्रियांशु राजावत विक्टर एक्सेलसन का सामना करेंगे। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद तथा तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ियां एक दूसरे के सामने होंगी।

# मंधाना-पैरी के पचासे के दम पर आरसीबी ने यूपी को रौंदा

## बेंगलुरु ने तीन विकेट के नुकसान पर बनाए 193 रन, यूपी वारियर्स को 23 रन से दी मात

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कप्तान स्मृति मंधाना और हरफनमौला एलिसे पैरी के अर्धशतकों से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में सोमवार को यूपी वारियर्स को 23 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर आरसीबी ने 3 विकेट पर 193 रन बनाए। पैरी ने 37 गेंद में 4 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 58 रन की पारी खेली। मंधाना और पैरी ने दूसरे विकेट के लिए 64 गेंद में 95 रन की साझेदारी की। जवाब में यूपी वारियर्स की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 175 रन ही बना सकी। कप्तान एलिसा हीली (38 गेंद में 55 रन) को छोड़कर यूपी की कोई बल्लेबाज टिक नहीं सकी। यह डब्ल्यूपीएल के बेंगलुरु चरण का आखिरी मैच था और अब मैच मंगलवार से दिल्ली में होंगे।



वारियर्स की शुरुआत शानदार रही और उसने 4.2 ओवर में ही 47 रन बनाए। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने पहला ओवर मेडन डाला, लेकिन हीली और किरण नवगिरे ने आक्रामक बल्लेबाजी की। हीली ने तेज गेंदबाज सोफी डेवाइन को दूसरे ओवर में 2 छक्के जड़े और रेणुका के अगले ओवर में दोनों ने 24 रन निकाले। डेवाइन ने नवगिरे को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा और रनगति पर अंकुश लगाया। यूपी ने चामरी अटापट्टू (8), ग्रेस हैरिस (5) और श्वेता सहरावत (1) के विकेट गंवा दिए। बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू ने हीली को आउट करके यूपी की उम्मीदें खत्म कर दी। इससे पहले दो मैच हारने के बाद आरसीबी ने सोफी डेवाइन की जगह एस मेघना से पारी की शुरुआत कराई। मेघना और मंधाना ने 5.3 ओवर में 51 रन जोड़कर आरसीबी को मजबूत शुरुआत दी। आरसीबी ने पावरप्ले में 1 विकेट पर 57 रन बनाए। मंधाना ने 50 गेंद में 10 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 80 रन बनाए। मंधाना ने 28 रन पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए आफ स्पिनर चामरी अटापट्टू और बाएं हाथ की तेज गेंदबाज अंजलि सरवनी की धुनाई की।

## खेल डायरी

### भारतीय पुरुष-महिला टेबल टेनिस टीम ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष और महिला टीम ने सोमवार को विश्व रैंकिंग के आधार पर पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। बुसान में विश्व टीम चैंपियनशिप पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट थी और समापन के बाद टीम स्पर्धाओं में 7 स्थान बचे थे और टीमों को उनकी रैंकिंग से चुना गया। आईआईटीएफ ने कहा कि शीर्ष रैंकिंग की जो टीम क्वालीफाई नहीं कर सकीं, उन्होंने पेरिस 2024 के लिए अपना टिकट हासिल कर लिया। महिलाओं की स्पर्धा में भारत 13वीं रैंकिंग पर था, उसने पोलैंड (12), स्वीडन (15) और थाईलैंड के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। पुरुष टीम स्पर्धा में क्रोएशिया (12), भारत (15) और स्लोवेनिया (11) ने टिकट कटाया। भारत के अनुभवी खिलाड़ी शरत कमल ने ट्वीट किया कि भारत ने ओलंपिक के लिए टीम स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया। ओलंपिक में पांचवीं बार खेलने के बावजूद यह बहुत विशेष है।

### सेबेस्टियन ने एलेजांद्रो को हराकर जीता खिताब

**चिली ओपन**

**सैंटियागो, एजेंसी।** अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज ने चिली के एलेजांद्रो टेबिलो को हराकर चिली ओपन, एटीपी 250 स्पर्धा और अपने करियर का छठा और लगातार दूसरा खिताब जीता। रविवार को चीली ओपन फाइनल मुकाबले में एलेजांद्रो टेबिलो ने तेज शुरुआत करते हुए पहला सेट अपने नाम किया। इसके बाद सेबेस्टियन बेज ने शानदार वापसी करते हुए लगातार दो सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया। सेबेस्टियन बेज ने इससे पहले रियो डी जनेरियो में एटीपी 500 जीत दर्ज की थी। बेज ने कहा कि मेरे मन में कई भावनाएं हैं। मैच की शुरुआत में मुझे अच्छा नहीं लग रहा था। मुकाबला बेहद शानदार रहा और तीनों सेट एक दूसरे से काफी अलग थे। मैच उतार-चढ़ाव रहा।

### कॉनवे का आईपीएल से बाहर होना तय

**वेलिंगटन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अंगूठे की चोट से आठ सप्ताह तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में नहीं खेल पाएंगे, जिससे उनका आईपीएल से बाहर होना तय है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले महीने टी-20 शृंखला के दौरान कॉनवे के दाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई थी, जिसका उन्हें ऑपरेशन करवाना होगा, जिससे वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को समाप्त हुए पहले टेस्ट में भी नहीं खेल पाए थे। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि कॉनवे के अंगूठे के जोड़ में हल्का फ्रैक्चर है और वह इस सप्ताह ऑपरेशन करवाएंगे। उनके आठ सप्ताह में फिट होने की उम्मीद है। चेन्नई सुपर किंग्स ने कॉनवे को 2022 की नीलामी में करोड़ों रुपए में खरीदा था। कॉनवे ने आईपीएल में 23 मैच में 924 रन बनाए हैं।

# मुंबई फाइनल में, तमिलनाडु को पारी और 70 रन से हराया

## रणजी ट्रॉफी : शार्दुल की 109 रन की पारी और 4 विकेट लेने से मुंबई को मिली जीत

**मुंबई, एजेंसी**

शार्दुल ठाकुर के प्रदर्शन की बदौलत कई बार की चैंपियन मुंबई ने सोमवार को तमिलनाडु को सेमीफाइनल में तीन दिन के अंदर पारी और 70 रन से हराकर रणजी के फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरे दिन 109 रन की पारी खेलकर मुंबई को पहली पारी के आधार पर 232 रन की बढ़त दिलाने के बाद ठाकुर की अगुआई वाले मुंबई के गेंदबाजी ने तमिलनाडु को दूसरी पारी में महज 162 रन पर समेट दिया। मेहमान टीम के लिए केवल बाबा इंद्रजीत (70 रन) ही टिक सके और तमिलनाडु अपने पहले रणजी नॉकआउट मैच में कोई चुनौती पेश नहीं कर सकी। हालांकि इंद्रजीत और प्रदोष रंजन पॉल ने चौथे विकेट के लिए 73 रन बनाकर चुनौती पेश करने की कोशिश की लेकिन इससे काम नहीं चलने वाला था। मुंबई की जीत में गेंदबाजी आल राउंडर ठाकुर (109 रन, 48 रन देकर 2 विकेट और 16 रन देकर 2 विकेट) की भूमिका अहम रही, जिन्होंने दूसरे दिन पहला शतक जड़कर टीम को पहली पारी में 7 विकेट पर 106 रन से उबारकर 232 रन की बढ़त दिलाई थी। तीसरे दिन ठाकुर ने शुरू में ही तमिलनाडु के 2 विकेट झटक लिए, जिससे मुंबई ने मेहमान टीम के दूसरी पारी में 10 रन तक 3 विकेट ले लिए थे। बीसाई सुदर्शन को हालांकि श्रेयस अय्यर ने पहले ओवर में मिडविकेट पर कैच छोड़कर जीवनदान दिया, लेकिन ठाकुर ने शानदार इनस्विंगर पर बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को विकेटकीपर के हाथों कैच आउट करा दिया।



ठाकुर ने नई गेंद से खतरनाक स्विंग हासिल की और एन जगदीशन को खाता भी नहीं खोलने दिया। मोहित अवस्थी ने भी तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे वाशिंगटन सुंदर को आउट कर सफलता का स्वाद चखा। शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद तमिलनाडु के लिए इंद्रजीत और प्रदोष रंजन ने जिम्मेदाराना साझेदारी की और मुंबई के गेंदबाजों को कोई और झटका नहीं देने दिया। इंद्रजीत ने 105 गेंद खेलकर 9 चौके की मदद से 70 रन बना लिए थे लेकिन अवस्थी की गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर को कैच दे बैठे। मुंबई के स्पिनर तनुष कोटियान (18 रन देकर 2 विकेट) और शम्स मुलानी (53 रन देकर 4 विकेट) ने फिर साथी तेज गेंदबाजों के साथ मिलकर तमिलनाडु के बल्लेबाजों पर दबाव बनाया तथा बाकी बचे 6 विकेट झटककर मेजबान टीम को जीत दिलाई। इससे पहले मुंबई की टीम पहली पारी में 378 रन पर सिमट गई। सुंदर ने तुषार देशपांडे (26 रन) को आउट कर कोटियान (नाबाद 89 रन) के साथ उनकी 10वें विकेट की साझेदारी समाप्त की।

# सनराइजर्स के तीन साल में चौथे कप्तान बने कमिंस

**हैदराबाद, एजेंसी**



ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद का नेतृत्व करेंगे। वह तीन साल में सनराइजर्स की कप्तानी संभालने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। सनराइजर्स ने पिछले साल दिसंबर में हुई आईपीएल नीलामी में इस तेज गेंदबाज को 20.50 करोड में खरीदा था। वह नीलामी में सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ियों में दूसरे नंबर पर हैं। कमिंस द. अफ्रीका के एडेन मार्कराम की जगह लेंगे जिन्होंने 2023 में टीम की अगुआई की थी। सनराइजर्स ने कमिंस की तस्वीर के साथ सोशल मीडिया पर लिखा कि हमारे नए कप्तान पैट कमिंस। सनराइजर्स 2023 के सत्र में मार्कराम की कप्तानी में अंतिम स्थान पर थी। टीम तब 14 मैच में चार जीत सकी थी। मार्कराम की कप्तानी में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए20 का खिताब जीता था, लेकिन वह आईपीएल में कप्तानी बरकरार नहीं रख सके। हालांकि वह टीम का हिस्सा रहेंगे। सनराइजर्स में कप्तान बदलने की शुरुआत 2021 में तब हुई जब ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर को सत्र के बीच में कप्तानी से हटाया गया था। सनराइजर्स ने वार्नर की कप्तानी में 2016 में आईपीएल का खिताब जीता था। वार्नर की जगह न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को कप्तान बनाया गया लेकिन टीम आठवें स्थान पर रही और उन्हें 'रिलीज' कर दिया गया था।

### तेज गेंदबाजी के कोच बनाए गए फ्रैंकलिन

**हैदराबाद।** सनराइजर्स ने आईपीएल के लिए न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन को तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। फ्रैंकलिन ने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन की जगह ली जिन्होंने फ्रेंचाइजी से व्यक्तिगत कारणों से ब्रेक देने का अनुरोध किया था। सनराइजर्स ने अपने सोशल मीडिया मंच पर घोषणा की कि डेल स्टेन सत्र में टीम के साथ नहीं जुड़ेंगे जिससे इस सत्र में तेज गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी जेम्स फ्रैंकलिन को दी गयी है। जेम्स आपका स्वागत है।

# मैं कुश्ती में वापसी नहीं करूंगी : साक्षी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने सोमवार को प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी को खारिज करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के लिए लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन से वह मानसिक रूप से थक गई हैं। पिछले साल दिसंबर में बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के भारतीय कश्ती महासंघ के चुनाव में अध्यक्ष चुनने के बाद साक्षी ने प्रेस कांफ्रेंस में कुश्ती से संन्यास की घोषणा की थी। वह बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के साथ प्रदर्शन कर रही हैं। उनकी मांग बृजभूषण को हटाने और गिरफ्तार की थी। साक्षी ने 'मी टू' के प्रभाव पर पैनल चर्चा में कहा कि हम तरीके से इस प्रदर्शन को सफल बनाने की कोशिश में जुटे हैं इसलिए मैं कुश्ती जारी नहीं रख पाऊंगी।

### कोर्ट ने डब्ल्यूएफआई चुनाव के खिलाफ याचिका पर महासंघ से मांगा जवाब

दिल्ली हाईकोर्ट ने पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान की याचिका पर केंद्र और भारतीय कुश्ती महासंघ से जवाब मांगा है। पहलवानों ने दिसंबर 2023 में हुए महासंघ के चुनावों को अवैध घोषित करने की मांग की है। जस्टिस सचिन दत्ता ने केंद्र, डब्ल्यूएफआई और उसकी तदर्थ समिति को नोटिस जारी किए हैं। केंद्र सरकार के वकील अनिल सोनी को मामले में निर्देश के लिए समय दिया है। अगली सुनवाई 7 मार्च को होगी।

# अश्विन आउट करने के तरीके ढूंढने की कोशिश करते हैं: रूट



**बेंगलुरु, एजेंसी**

इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की आक्रामक मानसिकता, विविधता और विकेट लेने के प्रयासों से प्रभावित हैं उनका मानना है कि वह प्रतिद्वंद्वी को थकाने की सोच में विश्वास नहीं करते और हर समय खतरा बने रहते हैं। अश्विन ने हाल में 500 विकेट लेने वाले अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय बने। अश्विन धर्मशाला में 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पांचवें मैच में 100वां टेस्ट खेलेंगे।



रूट ने कहा कि अश्विन हमेशा आपको आउट करने के तरीके ढूंढने की कोशिश करते रहते हैं। अश्विन के पास गेंदबाजी में इतनी विविधता है कि बल्लेबाज उनकी गेंदबाजी पर हमेशा अनुमान ही लगाते रहते हैं। वह पारंपरिक ऑफ स्पिनर की तुलना में क्रीज का अलग तरह से इस्तेमाल करता है। वह ओवर स्पिन, साइड स्पिन के साथ स्टंप पर कसी गेंदबाजी करता है, वह वाइड और कैरम गेंदबाजी भी करता है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा कि इसलिए आपको उसके अलग-अलग खतरों से सतर्क रहना पड़ता है और सुनिश्चित करना पड़ता है कि आपके पास उसकी गेंदों से निपटने के लिए बहुत अच्छा बल्लेबाजी कौशल हो ताकि आप उस पर हावी हो सकें।

### नई चीजें आजमाने से हिचकिचाते नहीं अश्विन



**नई दिल्ली।** अश्विन के साथ खेलने वाले चेतेश्वर पुजारा का कहना है कि यह सीनियर ऑफ स्पिनर हमेशा नई चीजें आजमाने के लिए तत्पर रहता है और हमेशा खुद को बल्लेबाजों से एक कदम आगे रखता है। पुजारा ने लिखा कि अश्विन के लिए बल्लेबाजों को पढ़ना हमेशा अहम हिस्सा रहा है। वह हमेशा एक कदम आगे रहता है, वह छोटी से छोटी चीज पर भी सतर्क रहता है। वह बल्लेबाज की हरकतों को देखता रहता है, उसके लिए कोई जानकारी छोटी नहीं है। वह प्रत्येक गेंद के लिए काफी प्रयास करता है। 500 टेस्ट विकेट लेने के बाद अब वह 100 वां टेस्ट खेलने के करीब है। वह विभिन्न कारणों से यहां तक देर से पहुंचा। लेकिन मैं उसके लिए बहुत खुश हूं।

## बॉलीवुड हलचल

### ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर हुआ रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री सारा अली खान की आने वाली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म में सारा अली खान की मुख्य भूमिका है। इसकी कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो ने ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। करण जौहर ने सोशल मीडिया पर इसका ट्रेलर रिलीज किया है। इस फिल्म में सारा उस जाबांज महिला की कहानी दिखाएंगी, जिन्होंने रेडियो से अंग्रेजों की हालत खराब कर दी थी। ट्रेलर में सारा को स्वतंत्रता की आखिरी लड़ाई लड़ने के लिए 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ अंडरग्राउंड स्टेशन शुरू करते और इसी के जरिए अंग्रेजों के छक्के छुड़ाते देखा जा सकता है। इसमें सारा अली खान, उषा मेहता के रोल में नजर आएंगी।

### शुभी की फिल्म जय वट सावित्री मैय्या का ट्रेलर जारी



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री शुभी शर्मा की आने वाली फिल्म जय वट सावित्री मैय्या का ट्रेलर रिलीज हो गया है। जय मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म जय वट सावित्री मैय्या में शुभी शर्मा ने वट सावित्री मां का किरदार निभाया है।जेएएस मोशन पिक्चर्स के बैनर से निर्मित फिल्म जय वट सावित्री मैय्या के निर्माता अपूर्व मेड़तिया, अंशुमन सिंह और मोनिका सिंह हैं, जबकि निर्देशक संजय श्रीवास्तव और कार्यकारी निर्माता सुभाष चव्हाण हैं। फिल्म जय वट सावित्री मैय्या को लेकर शुभी शर्मा ने कहा कि फिल्म बेहद खूबसूरत है और इस फिल्म में मेरा किरदार शानदार है। इसके लिए मैं फिल्म के निर्माताओं का आभार व्यक्त करती हूं। वैसे फिल्म के ट्रेलर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म कितनी भव्य है और यह किस लेवल की बनी है। इस फिल्म मां वट सावित्री की महिमा का भी बखान है। मां अपने भक्तों की सारी मनोकामना है। इस फिल्म के जरिए उनकी महिमा को अलग ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

### 'पंख' में मुख्य भूमिका में माही, श्वेता, आयशा

**मुंबई, एजेंसी।** वर्ल्डवाइड चैनल एवं जीतेन्द्र गुलाटी की भोजपुरी फिल्म पंख का ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स भोजपुरी से रिलीज हो गया है। पंख के ट्रेलर में संजय पांडे, माही श्रीवास्तव, श्वेता म्हारा, आयशा कश्यप, विनोद मिश्रा, रोहित सिंह (मटरू) मुख्य भूमिका में हैं। जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए विदेश जाना चाहते हैं। ट्रेलर की शुरुआत में वाराणसी के पंडित संजय पांडे को दिखाया गया है जो दो वक्त की रोटी के लिए जूझ रहे हैं, जिसकी पत्नी उनको ताना मरते हुए नजर आती है। इसके बाद श्वेता म्हारा की एंट्री होती है, जो एक मीडिल क्लास घर की बेटी है और महत्वाकांक्षी है। वही रोहित सिंह (मटरू) विदेश जाकर खूब पैसा कमाना चाहते हैं। ट्रेलर में माही श्रीवास्तव और आयशा कश्यप दो बहनें हैं। जो दुबई जा रही है। ये सभी किरदार अपनी मजबूरी और महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए दुबई जाते हैं। विदेश में इनको क्या काम करना पड़ता है और किन परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसी की कहानी है पंख। निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा है कि हमारी फिल्म पंख ट्रेलर आज रिलीज किया गया है, जिसमें हर कलाकार को जगह दी गई है। फिल्म में आपको कॉमेडी, ड्रामा और इमोशन का तगड़ा डोस देखने को मिलेगा। संजय पांडे ने कहा कि ये फिल्म मेरे दिल के करीब है क्योंकि इसका किरदार शानदार है जो अपने लिए नही अपनी बेटी के लिए पैसा कमाना चाहता है और पत्नी के तानों का जवाब देना चाहता है। माही श्रीवास्तव ने कहा कि पंख जैसी फिल्म में योगदान का अवसर पाकर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। मुझे उम्मीद है कि ट्रेलर बहुत पसंद आने वाला है। निर्देशक पराग पाटिल ने कहा कि हमने फ़िल्म को देश से लेकर विदेश तक फिल्माया है। पंख में संजय पांडे, श्वेता महरा, माही श्रीवास्तव, आयशा कश्यप, विनोद मिश्रा, रोहित सिंह मटरू, सुबोध सेठ, संजीव मिश्रा, यादविंदर यादव, श्वेता वर्मा, विजया सिंह, शिखा चौबे, अवनी गिरी, रानी जयसवाल, अखिलेश शुक्ला, अमरेश आनंद त्रिपथ, जुबैर शाह, योगेश पांडे, राजेश गिरी हैं।



### चांदनी की फिल्म हम नहीं सुधरेंगे हुई पूरी



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री चांदनी सिंह की आने वाली फिल्म हम नहीं सुधरेंगे की शूटिंग पूरी हो गयी है। भोजपुरी फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे में भोजपुरी फ़िल्म जगत के कई सारे हास्य कलाकार इकट्ठे नज़र आने वाले हैं, जहां वे सब के सब अपने अपने तरीके से चांदनी सिंह को परेशान करते नजर आने वाले हैं। हम नहीं सुधरेंगे की शूटिंग पूरी हो चुकी है ,फ़िल्म का पोस्ट प्रोडक्शन भी अपने अंतिम चरण में है।इस फ़िल्म की शूटिंग उत्तरप्रदेश के गोरखपुर और आसपास के इलाकों में की गई है। फ़िल्म निर्माता आनन्द रूंगटा के रूंगटा फ़िल्म प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे का निर्देशन सुनील मांझी ने किया है।इस फ़िल्म के लेखक पिंकू दुबे हैं। फ़िल्म हम नही सुधरेंगे के गीत प्यारे लाल यादव, धरम हिंदुस्थानी एवं संदीप साजन ने लिखे हैं, जिसका संगीत निर्देशन मधुकर आनन्द एवं ओम झा ने किया है। फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे के नृत्य निर्देशक रिक्की गुप्ता हैं, छायांकन सरफराज खान ने किया है। इस फ़िल्म में चांदनी सिंह, संजय पांडे, लोटा तिवारी, मनोज टाईगर, केके गोस्वामी, माया, मधु, महेश आचार्य, प्रकाश जैश, संजय वर्मा, आनंद मोहन , सीपी भट्ट, कुअर सुधीर सिंह , क्रिश भैया ,वीआईवी विजेंद्र, सन्तोष श्रीवास्तव, गजेंद्र एवं प्रमोद चोखानी की अहम भूमिका है।

### अंकुश का होली स्पेशल 'आहि रे दिदिया' रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** अंकुश राजा का होली स्पेशल गाना आहि रे दिदिया रिलीज हो गया है। आहि रे दिदिया गाने को अंकुश राजा ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गया है।गाना आहि रे दिदिया अन्नपूर्णा फिल्म के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने को लेकर अंकुश राजा ने कहा कि होली बिना संगीत कैसे हो सकता है। इसलिए हम इस बार होली को और खास बनाने के लिए एक से बढ़कर एक गाने लेकर आ रहे हैं उसी क्रम में यह भी खाना है जो आपको बेहद पसंद आएगा। हम आप सबों से आग्रह करेंगे कि आप हमारे इस गाने को खूब प्यार और आशीर्वाद दें। इसके साथ होली के रंग को हमारे इस गाने के साथ और रंगीन बनाएं उम्मीद करता हूं कि हमारे गाने आपकी भोजपुरी होली को यादगार बनाने के लिए सक्षम है। गाना आहि रे दिदिया के गीतकार अखिलेश कश्यप, दीपक मतलबी और संगीत निर्देशक आर्य शर्मा हैं। संगीतकार शुभम तिवारी हैं। वीडियो निर्देशक आशीष सत्यार्थी हैं। निर्माता अखिलेश कश्यप हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### अमेरिकी सेना में एआई लड़ाकू विमान शामिल करने की मांग

**वाशिंगटन।** अमेरिकी वायु सेना ने अगले पांच वर्षों में एक हजार मानव रहित छोटे लड़ाकू विमान को सेवा में शामिल करने की मांग की है। जिनमें से कई कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकियों की बदौलत स्वायत्त रूप से संचालित हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट ने कहा कि ऐसे मानवरहित लड़ाकू विमानों को एफ-35 लड़ाकू विमानों या बी-21 बमवर्षकों सहित मानवयुक्त विमानों का साथ देने और उनकी सुरक्षा करने के लिए डिजाइन किया जाएगा। अन्य विमानों और जमीनी ठिकानों पर हमला करने के लिए अपने हथियार ले जाने में भी सक्षम होंगे और उनका इस्तेमाल टोही विमान और संचार केंद्र के रूप में भी किया जाएगा।

### ईरान: चुनाव में कट्टरपंथियों का दबदबा, 11 महिलाएं भी शामिल

**दुबई।** ईरान में हुए आम चुनाव को लेकर सोमवार को नतीजे जारी किए गए। चुनाव में कट्टरपंथी राजनेताओं का दबदबा रहा। उन्होंने पकड़ बरकरार रखी है। हालांकि, अधिकारियों ने अब भी शुक्रवार को हुए मतदान के आंकड़े जारी नहीं किए हैं और न ही देरी का कोई कारण बताया। राजधानी तेहरान में मतदान केंद्रों पर कम मतदाता देखे जाने के बाद मतदान का प्रतिशत कम होने की आशंका जताई गई थी। चुने गए 245 नेताओं में से 200 को चुनाव से पहले प्रकाशित मतदाता गाइडों में कट्टरपंथी समूहों द्वारा समर्थन दिया गया था। लगभग 45 सांसदों को अपेक्षाकृत उदारवादी, रूढ़िवादी या स्वतंत्र बताया गया था।

### कैलिफोर्निया में बर्फीले तूफान से सड़कें बंद, बिजली गुल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में जारी भारी हिमपात और तेज बर्फीले तूफान के कारण कैलिफोर्निया में प्रमुख सड़कमार्ग पर यातयात बंद हैं। हजारों घरों में बिजली आपूर्ति ठप रही। सर्दियों के तूफान ने गुरुवार से उत्तरी कैलिफोर्निया और पर्वत श्रृंखलाओं को अपनी चपेट में ले लिया है, जिससे इस क्षेत्र में 3 .6 मीटर तक भारी हिमपात हुआ और 3 .5 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की तेज हवाएं चल रही हैं। रविवार को विभिन्न इलाकों में परिवहन नेटवर्क प्रभावित रहा तथा घरों में बिजली कटी रही। सबसे भीषण बर्फीले तूफान ने परिवहन नेटवर्क को गंभीर रूप से बाधित कर दिया है।

### पहाड़ी हिस्सों में तीसरे दिन भी मौसम की मार, यातायात ठप

**शिमला।** हिमाचल समेत पहाड़ी हिस्सों में तीसरे दिन भी मौसम की मार रही, बारिश-हिमपात से दुश्वारियां बढ़ गई हैं। सात क्षेत्रों का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। सोमवार को चार नेशनल हाईवे सहित 601 सड़कें बंद रहीं जबकि 1436 बिजली ट्रांसफार्मर अभी भी ठप हैं 124 पेयजल परियोजनाएं प्रभावित हैं। भारी हिमपात के बाद मौसम साफ होते ही लाहौल-किन्नौर में 20 जगह हिमखंड गिरने की चेतावनी जारी हुई है। जम्मू संभाग में भी कई हिस्सों में भूस्खलन हुआ, लेकिन किसी हताहत की कोई सूचना नहीं है। स्थानीय प्रशासन ने चेतावनी जारी पहाड़ी में न जाने की हिदायत दी है।

## बेंगलुरु: रामेश्वरम कैफे में विस्फोट की जांच एनआईए को सौंपी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी गई है। बता दें कि 1 मार्च को ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट में कम से कम 10 लोग घायल हो गए थे। घटना के मुख्य संदिग्ध का अभी तक पता नहीं चला है। इससे पहले, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने रविवार को कहा था कि जरूरत पड़ने पर सरकार रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपने पर विचार कर सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) मामले की जांच कर रही है। बता दें, रामेश्वरम कैफे में यह धमाका शुक्रवार दोपहर 1 बजे हुआ। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध कैफे के अंदर बैग रखते हुए नजर आया है। पुलिस का मानना है कि विस्फोट को अंजाम देने के लिए टाइमर के साथ एक आईईडी डिवाइस का इस्तेमाल किया गया था। संदिग्ध हमलावर का सीसीटीवी फुटेज हासिल करने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। विस्फोट स्थल कैफे के आस-पास पुलिस गहन जांच में जुटी हुई है। अब आगे की जांच एजेंसी एनआईए करेगी।

## एक्स पर अब ऑडियो वीडियो कॉल की सुविधा



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) अब सभी यूजर्स को ऑडियो-वीडियो कॉल की सुविधा देने जा रहा है। एक्स ने पिछले साल यह सुविधा अपने प्रीमियम यूजर्स को दी थी। लेकिन अब इसमें बड़ा बदलाव किया गया है। यह फीचर एक्स के डायरेक्ट मैसेज (डीएम) में है। आप कुछ खास लोगों या सभी को कॉल करने की अनुमति दे सकते हैं...आइए जानते हैं इसके बारे में।

### फीचर कैसे करें एक्टिवेट

इसके लिए सेटिंग्स और सपोर्ट पर जाएं। फिर सेटिंग्स और प्राइवेसी, इसके बाद प्राइवेसी और सेफ्टी फिर डायरेक्ट मैसेज (डीएम) पर जाएं। वहां आपको 'ऑडियो और वीडियो कॉल की अनुमति दें' का विकल्प दिखेगा। यदि आप कॉल लेना चाहते हैं, तो वे सामान्य कॉल की तरह आएंगे। लॉक स्क्रीन पर कॉल करने वाले का नाम (या उनके द्वारा एक्स को दिया गया नाम) दिखाई देगा।

### कॉल करने का प्रोसेस

- इनबॉक्स आइकन टैप करें। आप मैसेजेज पर डायरेक्ट हो जाएंगे।
- मौजूदा डीएम कन्वर्सेशन पर टैप करें या न्यू कन्वर्सेशन शुरू करें।
- ऑडियो या वीडियो कॉल शुरू करने के लिए फोन आइकन टैप करें।
- अब ऑडियो कॉल शुरू करने के लिए ऑडियो कॉल पर टैप करें।
- वीडियो कॉल शुरू करने के लिए वीडियो कॉल पर टैप करें।
- जिस अकाउंट पर आप कॉल करेंगे उसे एक नोटिफिकेशन मिलेगा।

### कैसे करें मैनेज

ऑडियो कॉल के दौरान कॉल को स्पीकर पर रखने के लिए ऑडियो आइकन पर टैप करना होगा। वहीं माइक्रोफोन आइकन टैप करके अपने माइक्रोफोन को म्यूट या अनम्यूट कर सकता हैं। कॉल के दौरान आप फ्लिप कैमरा आइकन पर टैप करके फ्रंट या बैक कैमरे के बीच स्विच कर सकते हैं। स्पीकर बंद करने के लिए ऑडियो आइकन टैप करना होगा। कैमरा आइकन टैप करने से कैमरा बंद हो जाएगा।

### इंस्टाग्राम बताएगा कहां हैं आपके दोस्त



इंस्टाग्राम फ्रेंड मैप फीचर लाने वाला है। इससे आप जान सकेंगे कि आपके दोस्त कहां हैं। आप यह चुन पाएंगे कि आपके कौन से दोस्त आपकी लोकेशन देख सकेंगे और जब आप अपनी लोकेशन छिपाना चाहते हैं, तो 'घोस्ट मोड' में जा सकेंगे। आपकी लोकेशन एंड-टू- एंड एन्क्रिप्टेड होगी। इसमें मैप पर ही नोट्स छोड़ने को सुविधा भी होगी। हालांकि, यह भी जरूरी है कि यूजर्स अपनी प्राइवेसी सेटिंग्स को ध्यान से देखें और सिर्फ उन्हीं लोगों को कॉल करने या लोकेशन शेयर करने की अनुमति दें, जिन पर उन्हें भरोसा है।

## हैती में जेल तोड़कर भागे 3700 कैदी इमरजेंसी लागू

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस।** कैरेबियाई देश हैती में जेल तोड़कर कैदियों के भागने का मामला सामने आया है। रविवार को सशस्त्र गुटों ने पोर्ट-ऑ प्रिंस जेल पर हमला बोला था। हमले में कम से कम 12 लोग मारे गए और 3700 कैदी जेल से फरार हो गए हैं।

हैती सरकार ने इस घटना को देखते हुए 72 घंटों के लिए इमरजेंसी लगाने का एलान किया है। वर्ष 2020 के बाद से देश में सशस्त्र गुटों के बीच हुई हिंसक झड़पों में हजारों लोग मारे गए हैं। इन गुट के नेताओं का कहना है कि वे प्रधानमंत्री एरियल हेनरी का इस्तीफा चाहते हैं। गुटों का दावा है कि उन्होंने पोर्ट-ऑ-प्रिंस के 80 प्रतिशत इलाके पर कब्जा कर लिया है। हैती में ताजा हिंसा बीते गुरुवार को तब हुई, जब प्रधानमंत्री ने नैरोबी का दौरा किया। उन्होंने केन्या की मल्टीनेशनल फोर्स को हैती भेजने की चर्चा की।

# आर्थिक व सुरक्षा चुनौतियों के बीच शहबाज ने संभाली सत्ता की कमान

## 24वें प्रधानमंत्री के रूप में ली शपथ, समारोह में शामिल हुए सेना प्रमुख

**इस्लामाबाद, एजेंसी**





पाकिस्तान में शहबाज शरीफ ने 24वें प्रधानमंत्री तौर पर बागडोर संभाल ली है, लेकिन उनकी राह आसान नहीं है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के अलावा गठबंधन और पाकिस्तानी सेना के साथ तालमेल बिठाना बड़ी चुनौती है। यह उनका प्रधानमंत्री के तौर पर दूसरा कार्यकाल है। देश के सामने आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियों के बीच 2022 के बाद वह दूसरी बार देश की बागडोर संभाली। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी दोपहर में राष्ट्रपति आवास पर आयोजित एक समारोह में शहबाज शरीफ को शपथ दिलाई।

यह शपथ ग्रहण समारोह पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच गठबंधन सरकार बनाने के लिए सत्ता-साझाकरण समझौते पर सहमति बनने के कुछ दिनों बाद हो रहा है। पिछले महीने आम चुनाव कराने के लिए संसद भंग होने से पहले शहबाज ने अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था। शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर, कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर, सभी चार प्रांतों के मुख्यमंत्रियों और राज्यपालों के शामिल हुए। रविवार को विपक्ष की नारेबाजी के बीच शहबाज ने नवनिर्वाचित संसद में बहुमत हासिल कर लिया। पीएमएल-एन और पीपीपी के सर्वसम्मत उम्मीदवार शहबाज को 336 सदस्यीय संसद में 201 वोट मिले।

### शहबाज सरकार के मंत्रियों को लेकर चर्चाएं शुरू

शहबाज सरकार के मंत्रियों को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि विदेश और वित्त मंत्रालय को संभालने वाले मंत्रियों के नाम पर अंतिम फैसला पाकिस्तानी सेना ही करेगी। मीडिया के अनुसार, पाकिस्तान में शहबाज शरीफ सरकार की सबसे बड़ी चुनौती अर्थव्यवस्था है, क्योंकि पाकिस्तान में मुद्रास्फीति 30% की रिकॉर्ड दर से बढ़ रही है और आर्थिक विकास दर लगभग स्थिर है। राजकोषीय और चालू खाते के दोहरे घाटे का संकट मंडरा रहा है। सेंट्रल बैंक की रिपोर्ट के अनुसार जून 2024 में 1.99 लाख करोड़ रुपये के विदेशी ऋण के मुकाबले पाकिस्तान में 66 हजार करोड़ रुपये रिजर्व है। पाकिस्तान को डिफॉल्ट होने से बचाने के लिए आईएमएफ के 24,900 करोड़ के राहत पैकेज की समयसीमा इस माह के अंत में खत्म होने वाली है। पाकिस्तान के इस सबसे महत्वपूर्ण पोर्टफोलियो को संभालने वाला व्यक्ति अपनी पार्टी की किस्मत बना देगा या बिगाड़ देगा।

## नेपाल में टूटा सत्तारूढ़ गठबंधन, दहल बने रहेंगे प्रधानमंत्री



**काठमांडू।** नेपाल में सत्तारूढ़ गठबंधन के बीच काफी समय से दरार देखी जा रही थी। आखिरकार अब यह गठबंधन टूट गया। पूर्व वित्त मंत्री सुरेंद्र पांडे ने बताया कि देश में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी सेंटर) और शेख बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस के बीच सत्तारूढ़ गठबंधन टूट गया है और प्रधानमंत्री पुष्प कुमार दहल के नेतृत्व में नई गठबंधन सरकार सोमवार को शपथ लेगी।

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी के उपाध्यक्ष पांडे ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, 'सरकार आज बदल जाएगी। नया मंत्रिमंडल बनाया जाएगा। आज कम संख्या में मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। पीएम सचिवालय के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि दहल प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे। वहीं नए गठबंधन में पार्टियों द्वारा सुझाए गए मंत्रियों को शामिल किया जाएगा। बता दें, पिछले आम चुनावों के गठन के एक साल बाद कैबिनेट में फेरबदल हो रहा है।



सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राजनाथ सिंह समेत मौजूद अन्य।

## दूसरे देशों की तकनीक सीखने की जरूरत नहीं: राजनाथ सिंह

- बोले-चुनौतियों से निपटने के लिए स्वदेशी तरीके से विकसित करें नई तकनीक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को मानेकशा सेंटर में डेफकनेक्ट का उद्घाटन किया। स्वदेशी नवाचार को प्रोत्साहन देने और बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए साझेदारी को सुगम बनाने के लिए इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सिलेंस-डिफेंस इनोवेशन आर्गनाइजेशन (आइडीईएक्स-डीआइओ) द्वारा इसका आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा, कोई भी देश सर्वोत्तम तकनीक साझा नहीं करता है। दूसरे देशों से प्राप्त तकनीक का भी हमारे सीखने से कोई संबंध नहीं होता है। यह तभी हो सकता है जब हम इसे स्वदेशी तरीके से विकसित करें। उन्होंने आगे कहा, हम युवाओं को नए विचार लाने वाले युवाओं को प्रोत्साहित किया है। रक्षा क्षेत्र में नवीनीकरण और तकनीक को बढ़ावा देने के लिए इनोवेशन ऑफ डिफेंस एक्सीलेंस (आईडीईएक्स) लाया गया है।

मैं रक्षा उत्पादन विभाग को आईडीईएक्स (एडीआईटीआई) योजना के साथ विकास शुरू करने के और इस नाम के लिए बधाई देना चाहता हूं, जिसका अर्थ है देवताओं की मां। राजनाथ सिंह ने कहा कि निजी क्षेत्र को फलने-फूलने देने के लिए एक मंच की आवश्यकता है।

### बीएपीएस मंदिर में उमड़े भक्त...



**अबु धाबी :** संयुक्त अरब अमीरात (यूएसई) का पहला हिंदू मंदिर, जिसका उद्घाटन अबु धाबी में 14 फरवरी को पीएम मोदी ने किया था, 27 एकड़ में बना बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) मंदिर शुक्रवार से आम लोगों के लिए खोल दिया गया। रविवार को मंदिर में करीब 65 हजार भक्त दर्शन के लिए उमड़े। भीड़ को काबू करने के लिए दो हजार के बैच में दर्शन कराए गए। बता दें कि हर सोमवार को मंदिर बंद रहेगा। ● एजेंसी

## अमेरिका: 4 नए अंतरिक्ष यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन रवाना, 6 माह तक मौजूद रहेंगे

**केप केनवरल, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रविवार को चार अंतरिक्ष यात्री रवाना हुए। वह छह महीने तक वहां रहेंगे। स्पेसएक्स का फाल्कन राकेट कैनेडी स्पेस सेंटर से रवाना हुआ, जिसमें नासा के मैथ्यू डोमिनिक, माइकल बैरेट और जेनेट एप्स और रूस के अलेक्जेंडर ग्रीबेनकिन शामिल हैं।

ये नए अंतरिक्ष यात्री अमेरिका, डेनमार्क, जापान और रूस के दल की जगह लेंगे, जो अगस्त से वहां हैं। उनके अगले सप्ताह पृथ्वी पर लौटने की उम्मीद है। नासा ने कहा कि स्पेसएक्स फाल्कन-9 राकेट और ड्रैगन अंतरिक्ष यान के उड़ान पथ में प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण पहले इसके उड़ान को टालना पड़ा था। दो चरणों वाला फाल्कन-9 राकेट फ्लोरिडा के अटलांटिक तट के साथ केप केनवरल में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से रात 10:53 बजे लांच किया गया था।

# ट्रंप के खिलाफ निक्की की पहली जीत

- रिपब्लिकन पार्टी में पहला प्राइमरी चुनाव जीता, आज कई डेलिगेट्स का समर्थन मिलने की उम्मीद

**वाशिंगटन, एजेंसी**



निक्की हेली ने रिपब्लिकन प्राइमरी के चुनाव में अपनी पहली जीत दर्ज की है। निक्की हेली ने रविवार को कोलंबिया में हुए प्राइमरी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को हराकर 2024 की अपनी पहली जीत दर्ज की। अब सभी की निगाहें मंगलवार को होने वाले प्राइमरी चुनाव पर है, जिनमें निक्की हेली को कई डेलिगेट्स का समर्थन मिलने की उम्मीद है।

वहीं किसी रिपब्लिकन प्राइमरी इलेक्शन में जीत दर्ज करने वाली निक्की हेली अमेरिकी इतिहास में पहली महिला बन गई हैं। अब तक हुए प्राइमरी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज करते आए हैं। हालांकि कोलंबिया में उन्हें झटका लगा है। इसके बावजूद ट्रंप की अमेरिका के राष्ट्रपति पद की दावेदारी सबसे मजबूत है। मंगलवार को 16 राज्यों में प्राइमरी चुनाव होने हैं और मंगलवार को ट्रंप और निक्की हेली के बीच के मुकाबले की स्थिति साफ हो सकती है। कई हार के बावजूद निक्की हेली ने राष्ट्रपति पद की दावेदारी से हटने से इनकार कर दिया था। अब पहली जीत मिलने से यकीनन उनकी प्रचार टीम को नई ऊर्जा मिलेगी। निक्की हेली को कोलंबिया में सभी 19 डेलिगेट्स का समर्थन मिला। शनिवार को ही डोनाल्ड ट्रंप ने मिजुरी, इडाहो और मिशिगन प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की थी। ट्रंप को 244 डेलिगेट्स का समर्थन मिल चुका है और राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए 1215 डेलिगेट्स का समर्थन मिलना जरूरी है। वहीं निक्की हेली को 24 डेलिगेट्स का समर्थन मिल चुका है। मंगलवार को अलबामा, अलास्का, अरकंसास, कैलिफोर्निया, कोलोराडो, मेन, मैसाच्युसेट्स, मिनेसोटा, नॉर्थ कैरोलाइना, ओकलाहोमा, टेनेसी, टेक्सास, उटा, वेर्मोन्ट, वर्जीनिया में प्राइमरी चुनाव होने हैं। ट्रंप अब तक आयोवा, न्यू हैंपशायर, नेवादा, यूएस वर्जिन आइलैंड्स, साउथ कैरोलाइना, मिशिगन, मिजुरी और इडाहो में जीत चुके हैं।

## जगन्नाथ मंदिर में अनधिकृत प्रवेश पर 9 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** पुरी के जगन्नाथ मंदिर में अनधिकृत रूप से प्रवेश करने के आरोप में ओडिशा पुलिस ने नौ बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने कुछ बांग्लादेशी नागरिकों को मंदिर के भीतर जाते देखा। उन्होंने सिंहद्वार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया।

पुरी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसपी सुशील मिश्र ने कहा, हमें शिकायत मिली कि कुछ गैर हिंदू बांग्लादेशी मंदिर में प्रवेश कर गए हैं। हमने नो बांग्लादेशियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ जारी है।

# पारिवारिक वीजा कीआय बढ़ने से प्रवासी परेशान

- ब्रिटिश सरकार के न्यूनतम आय 40.6 लाख करने से 20 लाख भारतीयों पर होगा असर

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटिश सरकार ने प्रवासियों की संख्या घटाने के लिए सख्त कदम उठाने की घोषणा की है। इसके तहत पारिवारिक वीजा के लिए न्यूनतम आय सीमा 19.5 लाख से बढ़ाकर करीब 40.6 लाख रुपये कर दी जाएगी। इस फैसले का 20 लाख ब्रिटिश भारतीयों पर सीधे तौर पर असर हो रहा है। इससे हजारों भारतीयों की शादी की योजना पर ब्रेक लग गया है।

ब्रिटिश सरकार की इस योजना को लेकर अप्रवासियों में आक्रोश है। बता दें, सबसे बड़ा असर नर्स जैसे देखभाल कर्मियों पर पड़ रहा है, जो अकेले रह रही हैं। मैनचेस्टर में वैज्ञानिक ब्रिटिश भारतीय हरतोष सिन्हा ने बताया कि मैं दिल्ली में रह रहीं मंजूषा से शादी की तैयारी कर रहा था। मेरी आय 26 लाख ही है। ऐसे में मंजूषा के साथ शदी का सपना टूट गया है। ब्रिटिश नागरिक जेसिंडा मैथ्यू भारतीय पति के साथ बेंगलुरु में रहती हैं। वे मां-पिता के पास ब्रिटेन जाने की सोच रही थीं। पर लैब असिस्टेंट के रूप में 38 लाख की नौकरी मिलना नामुमकिन है। बता दें, बड़ी संख्या में भारतीय मूल के चिकित्सा पेशेवरों का प्रतिनिधित्व करने वाले ब्रिटिश एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडियन ओरिजिन (बीएपीआईओ) ने सुनक सरकार को पत्र लिखा है। इसमें कहा, 'विदेशी देखभाल कर्मियों को अपने आश्रितों को ब्रिटेन लाने से रोकने की योजना हमारे सदस्यों के लिए बहुत चिंताजनक और परेशान करने वाली है। ब्रिटेन में स्वास्थ्य और देखभाल कर्मियों का वर्क वीसा में हिस्सा लगभग आधा है। कम वेतन होने से उनके पास अपने परिवार को साथ लाने का विकल्प नहीं बचेगा। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में माइग्रेशन ऑब्जर्वेटरी के निदेशक डॉ मेडेलीन सुम्पशन ने कहा, 'परिवार के सदस्यों के अलग देशों में रहने के कारण लोग बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं।

### आश्रितों को सिर्फ वो ही लाएं, जो आर्थिक मदद कर सकें

पारिवारिक वीजा श्रेणी के तहत ब्रिटिश निवासी अपने जीवनसाथी को साथ रखने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसी कारण प्रवासी भारतीयों द्वारा शादी की योजना के साथ इसके लिए आवेदन किया जाता है। पिछले साल 5,870 भारतीयों को पारिवारिक वीजा दिया गया था। तब न्यूनतम सालाना आय 19 .54 लाख रुपये की बाध्यता थी। ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने कहा कि इस वीजा के लिए आय सीमा बढ़ाकर हम यह तय करेंगे कि लोग केवल उन आश्रितों को लाएं जिनकी सहायता वे आर्थिक रूप से कर सकें। ये वृद्धि जरूरी थी, क्योंकि 2012 से आय सीमा नहीं बढ़ाई गई थी।

## अमेरिका: पार्टी में गोलीबारी, 4 लोगों की मौत, 3 घायल


**किंग सिटी (अमेरिका)।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में रविवार को अज्ञात हमलावरों ने पार्टी में गोलीबारीकी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। सोमवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। रविवार शाम 6 बजे के आसपास गोलीबारी की सूचना पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची।

किंग सिटी पुलिस विभाग ने एक बयान में कहा, "किंग सिटी में तीन लोग बंदूक की गोली से घायल पाए गए, जिनकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई।" पुलिस ने बताया कि इस गोलीबारी में चार लोगों की मौत हुई है, जिसमें एक महिला भी शामिल है। वहीं, इस हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने कहा कि तीनों घायल लोगों को सेलिनास के नतिविदाद अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने कहा, मामले की जांच की जा रही है।

**विज्ञान** इस सौर चक्र का सबसे बड़ा सौर कलंक किया गया रिकार्ड, 11 वर्ष का माना जाता है एक सौर चक्र

# पृथ्वी से नौ गुना बड़ा सौर कलंक सूर्य की सतह पर उभरा

**नैनीताल कार्यालय**



सूर्य की तस्वीर में नजर आ रहा काला धब्बा पृथ्वी से नौ गुना बड़ा है यह सन स्पॉट।

**अमृत विचार :** इस सौर चक्र का सबसे बड़ा सौर कलंक रिकार्ड किया गया। इसका आकार पृथ्वी से नौ गुना बड़ा आंका गया है। इस सौर कलंक से एक्स श्रेणी की कई ज्वालाएं उभरी हैं।

इस सौर कलंक की संख्या एआर 3590 है। यह 25वां सौर चक्र का चल रहा है, जो अधिकतम सक्रियता के दौर से गुजर रहा है। 11 वर्ष का एक सौर चक्र माना जाता है। अधिकतम सक्रियता के दौरान सूर्य की सतह पर कई भयानक विस्फोट पिछले एक वर्ष के दौरान हो चुके हैं और इस पूरे वर्ष इनके सक्रिय रहने की आशंका बनी हुई है। इस बीच सनस्पॉट एआर 3590 में उभरा सौर कलंक रिकॉर्डतोड़ रहा। इसका उभरना 18 फरवरी से शुरू हो चुका था और 2 मार्च तक देखा गया। अब यह सूर्य के पिछले हिस्से में जा चुका है।

जिस कारण दृश्य से ओझल हो गया है। 26 फरवरी के आसपास इसका आकार लगभग 9 पृथ्वियों के बराबर रहा। इस सौर चक्र का अब तक का सबसे बड़ा सनस्पॉट था।

इसे नग्न आंखों से देखा जा सकता था। यहाँ ध्यान रहे कि जब भी सूर्य देखना हो, सौर चश्मे के बिना न देंखे, अन्यथा आंखों को बड़ा खतरा हो सकता है। इस सौर कलंक में 21 व 22 फरवरी के बीच तीन एक्स श्रेणी की विशाल ज्वाला उभरी, जबकि एक एक्स 6.4 फ्लेयर की भी उभरी थी। अभी भी यह सौर कलंक बना हुआ है, जो अब लगभग 10 दिन बाद सूर्य के पिछली ओर से पृथ्वी के सामने की तरफ लौट आएगा।

### ऐतिहासिक है सौर कलंक

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाबउद्दीन के अनुसार यह ऐतिहासिक सन सपॉट है, जो अब सूर्य के पिछली ओर जा चुका है। इस तरह विशाल आकर के सन स्पॉट मुश्किल से देखने को मिलते हैं। यह सूर्य की सामान्य प्राकृतिक प्रक्रिया है। जिनसे बड़ा नुकसान पृथ्वी के इलेक्ट्रिनिक्स व इलेक्ट्रिक्स ग्रीडस को पहुच सकता है। जिस कारण वैज्ञानिक सदा इनकी निगरानी करते हैं।